www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 216
सोमवार 02 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 36°C न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# पूर्वोत्तर में बाढ़ व भूस्खलन से भारी तबाही

## मृतकों की संख्या बढ़कर 20 हुई ▪ तटबंध टूटने से इंफाल पूर्व का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न

**गुवाहाटी, 01 जून।** पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर भारत में भीषण बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में अब तक 20 से अधिक लोगों की मौत हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने इस भारी बारिश का कारण बांग्लादेश के ऊपर बने निम्न दबाव को बताया है। गुवाहाटी के चपाइडांग में भूस्खलन से महिला और बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत की खबर है। ईस्ट कामेंग जिले में बाना-चेप्पा हाईवे पर एक वाहन के खाई में गिर जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। निचले सुबनसिरी जिले के पास हुए भूस्खलन में भी दो लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है। पश्चिम कामेंग में बालीपारा-चरदुवार-तवांग मार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण कई गांवों का संपर्क मार्ग बंद हो गया, जिससे कई यात्री फंसे हुए हैं। मणिपुर में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन ने पहाड़ी जिलों सेनापति, तमेंगलोंग, उखरुल और फेरजॉल में तबाही मचाई है। इंफाल नदी का तटबंध टूटने से इंफाल पूर्व का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। राज्य प्रशासन ने बताया कि इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों सहित कम से कम 800 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। भारतीय सेना और असम राइफल्स ने 'ऑपरेशन जलराहत' के तहत मणिपुर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लगभग 800 नागरिकों को शनिवार को बचाया है शनिवार को इंफाल में बारिश के कारण भारी जलभराव हो गया, जिससे सड़कों पर यातायात ठप हो गया और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। शहर और इसके आसपास के निचले इलाके सबसे अधिक प्रभावित हुए। मिजोरम में भी स्थिति कुछ अलग नहीं रही। बीते 24 घंटों में विनाशकारी बाढ़ के चलते चार लोगों की मौत हो चुकी है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, चंपाई जिले में अचानक आई बाढ़ में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सेरछिप में एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। कई जिलों में भूस्खलन से घरों और सड़कों को नुकसान पहुंचा है। खबर लिखे जाने तक मलबे के नीचे एक व्यक्ति दबा हुआ बताया जा रहा है। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह और आपदा प्रबंधन मंत्री प्रोफेसर लालनिलावमा ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर मृतकों के परिजनों के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है।

राज्यभर में राहत और निगरानी अभियान जारी है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर बताया है कि असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है।

**आपदा**
- मणिपुर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लगभग 800 नागरिकों को बचाया
- मदद के लिए मोदी सरकार चट्टान की तरह खड़ी : शाह




# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे लिए प्रेरणामूर्ति : धनखड़

- उप राष्ट्रपति ने अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत संगोष्ठी को किया सम्बोधित



**आगरा, 01 जून (तरुणमित्र)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत की वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे लिए प्रेरणामूर्ति हैं। वह न्यायप्रिय थीं। अहिल्याबाई ने हमारे सांस्कृतिक विरासत के सृजन व संरक्षण का कार्य किया। नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए अहिल्याबाई ने अपनी सेना में महिलाओं की टुकड़ी बनाई थी। जब औरंगजेब ने काशी विश्वनाथ के मंदिर को नष्ट किया, उसके सौ साल बाद अहिल्याबाई होलकर ने मंदिर बनवाया।

उप राष्ट्रपति धनखड़ रविवार को यहां राजकीय इण्टर कालेज मैदान पर अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आज संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे। अहिल्याबाई होलकर ने उस कठिन समय में महान भारत की कल्पना की थी। धर्म संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ और भीमाशंकर ▪ शेष पेज 11 पर

## संक्षिप्त समाचार

### रिटायर्ड जिला युवा कल्याण अधिकारी का मिला शव

**जौनपुर, 01 जून।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार सुबह एक रिटायर्ड जिला युवा कल्याण अधिकारी का शव एक रेस्टोरेंट के सामने मिला। पुलिस ने घटना की जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हत्या की आशंका जताई गई है। खुटहन थाना क्षेत्र के गैरवाह गांव निवासी राम कृपाल यादव युवा कल्याण अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त थे। वर्तमान में उनका निवास स्थान ऑफिस के सामने स्थित सुंदर नगर कॉलोनी में था। आज सुबह उनका शव वाजिदपुर तिराहा स्थित एक रेस्टोरेंट के पास मिला। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। क्षेत्राधिकारी नगर देवेश कुमार सिंह ने बताया कि शव की दशा को देखकर हत्या की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### औरैया में सपा नेता ने जहर खाकर दी जान

**औरैया, 01 जून।** अजीतमल तहसील के गांव असेबटा के प्रधान और प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप यादव उर्फ गुड्डू का रविवार सुबह सैफई मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। शनिवार शाम को उन्होंने गांव के बाहर जहरीला पदार्थ का सेवन किया। हालत बिगड़ने पर उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। गंभीर स्थिति में डॉक्टरों ने उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां पर इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्रदीप यादव समाजवादी पार्टी में युवजन सभा के जिला अध्यक्ष रह चुके थे। वह सपा नेता शिवपाल यादव के करीबी माने जाते थे। उनकी मृत्यु के कारणों पर स्थानीय लोगों ने चुप्पी साध रखी है।

### गोमती रिवर फ्रंट में दुर्गंध खत्म होने से बढ़ेगा जेट स्कीइंग का आनंद : अखिलेश

**लखनऊ, 01 जून (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक्स पर एक ट्वीट कर कहा कि सपा के बनाए, लखनऊ गोमती रिवर फ्रंट में आम जनता के स्वस्थ मनोरंजन के लिए जेट स्कीइंग का आनंद तब और बढ़ जाएगा, जब भाजपा सरकार की लापरवाही और उपेक्षा के कारण प्रदूषित गोमती नदी अपने बदरंग और दुर्गंध को लेकर पर्यटकों के आनंद में बाधा न बने। भाजपा सरकार को कोई समझाए कि शुद्धीकरण से ही सौंदर्यीकरण की शुरुआत होती है।

### स्टालिन ने किया विधानसभा चुनाव का शंखनाद

**चेन्नई, 01 जून।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने रविवार को मदुरै में पार्टी की महत्वपूर्ण महासभा की बैठक की अध्यक्षता की जिसमें वर्ष 2026 विधानसभा चुनावों की रणनीति तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी। इससे पहले उन्होंने शनिवार को 25 किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो करके चुनाव प्रचार का आगाज किया। इस रोड शो में जनता का उत्साह और समर्थन देखने लायक था। इसके बाद पार्टी की महासभा बैठक में श्री स्टालिन के संबोधन पर राजनीतिक हलकों में पैनी नजर थी, जहां उनसे पूनावी रोडमैप प्रस्तुत करने की उम्मीद की जा रही थी।

# पदभार ग्रहण करने के बाद सीएम से मिले नए डीजीपी

## बोले- राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाऊंगा



**लखनऊ, 01 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने रविवार को उनके आवास पांच कालीदास मार्ग पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की।

नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक ने मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने को लेकर अमूल्य मार्गदर्शन लिया। करीब आधे घंटे तक शिष्टाचार भेंट के बाद मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकले पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण पत्रकारों से बचते हुए सीधे अपने कार्यालय की ओर निकल गये। प्रदेश सरकार ने वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को डीजीपी नियुक्त किया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ डायरेक्टर विजिलेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्ण 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों ▪ शेष पेज 11 पर


# सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस का संसद सत्र बुलाने पर जोर

**नई दिल्ली, 01 जून।** कांग्रेस ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान द्वारा किये गये खुलासे के मद्देनजर सैन्य एवं विदेश नीति से संबंधित रणनीति पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की रविवार को मांग की। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि सरकार सभी दलों और पूरे देश को विश्वास में ले तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को वह बताना चाहिए था कि जो जनरल चौहान ने सिंगापुर में कहा है।

उन्होंने एक न्यूज एजेंसी से कहा, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर कुछ महत्वपूर्ण बयान सिंगापुर में दिए हैं। बेहतर होता कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री ने पहले सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को इस बारे में जानकारी दी होती। रमेश ने कहा, जनरल चौहान के बयानों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद के दौर में व्यापक रणनीतिक विदेश नीति और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद की तत्काल बैठक बुलाने के मामले को बल मिलता है। शनिवार को सिंगापुर में जनरल चौहान ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया।

उन्होंने छह भारतीय विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी 'बिल्कुल गलत' बताया। जनरल चौहान ने ब्लूमबर्ग टीवी के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि भारत ने शुरुआती नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद पाकिस्तान पर पलटवार करने के लिए अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाये और सटीक हमले किए। रमेश ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि इस तरह के बयान सीडीएस की ओर से सिंगापुर से आ रहे हैं। जनरल चौहान के बयानों का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल किया, प्रधानमंत्री विपक्षी नेताओं को जानकारी क्यों नहीं दे सकते थे? उन्होंने कहा, हम इसी उद्देश्य के लिए ▪ शेष पेज 11 पर

**सवाल**



- यह चिंता का विषय है कि इस तरह के बयान सीडीएस की ओर से सिंगापुर से आ रहे : जयराम रमेश

### डीसीएम-पिकअप की भिड़ंत में पांच की मौत, छह घायल

**चित्रकूट, 01 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाखरवार मोड़ के पास बैंड पार्टी को लेकर जा रहा पिकअप वाहन और डीसीएम ट्रक में सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को प्रयागराज हॉयर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की करीब दोपहर 12 बजे एक डीसीएम जो कर्वी से प्रयागराज की तरफ जा रहा था। तभी भाखरवार मोड़ के पास डीसीएम एक पिकअप वाहन से टकरा गई। यह पिकअप वाहन मऊ से कर्वी की तरफ बारात से लौट रहा था। इस घटना में रामू साहू पुत्र बाबूलाल निवासी बलहोरा और दुर्गा पुत्र बिजविन निवासी शिवरतन का डेरा थाना मऊ की मौके पर मौत हो गई। जबकि बच्चा पुत्र खोदू राम, कुनैन पुत्र दिलावर निवासी बलहोरा और संतराम पुत्र खुन्नीलाल निवासी सकोहा थाना मऊ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। विस्तृत समाचार पेज- 09 पर।

### अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

**लखनऊ, 01 जून (तरुणमित्र)।** रविवार को अवकाश के बावजूद विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों ने कोर्ट से दो साल की सजा पाने वाले अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी है। सचिवालय ने निर्वाचन आयोग को मऊ विधानसभा सीट रिक्त होने की भी सूचना भेज दी है। जानकारी हो कि मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी मऊ सदर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे। एक हेट स्पीच मामले में विशेष कोर्ट ने शनिवार को उन्हें गुनहगार माना और दो वर्ष की सजा सुनाई है। किसी भी मामले में दो साल या उससे अधिक की सजा होने पर विधानसभा की सदस्यता जाने का कानूनी प्रावधान है। अब्बास को सजा सुनाने के बाद से ही उनकी विधायकी जाने के कयास लगाये जा रहे थे। रविवार को विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी है। निर्वाचन आयोग को सूचना भेज दी है। अब चुनाव आयोग ही कोई बड़ा निर्णय लेगा है।

# पहले कुछ लोग माफिया पालते थेः योगी

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने आत्मरक्षा के गुण सिखाए

**आगरा/लखनऊ, 01 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत आगरा में आयोजित विशाल संगोष्ठी को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब महारानी अहिल्याबाई ने ढाई सौ साल पहले इनके पुनरुद्धार का महान कार्य किया। सीएम योगी ने कहा कि लोकमाता ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए। आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करती है। जब पाकिस्तान आतंकियों को पालता है, तो भारत घुसकर मारता है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयर सिस्टम को ध्वस्त कर दुश्मन को झुकने के लिए मजबूर किया। यह लोकमाता के विराट व्यक्तित्व की प्रेरणा का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं संचालित कर रही है। सीएम योगी ने लखपति दीदी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना और आत्मनिर्भर भारत अभियान का विशेष उल्लेख किया। साथ ही, काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, महाकाल में महालोक, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम, सोमनाथ और रामेश्वरम मंदिरों में हो रहे कार्यों को भी इसी कड़ी का हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने लोकमाता के नाम पर औरैया में मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया। पहले कुछ लोग उनके नाम पर बने डिग्री कॉलेज का नाम बदल देते थे, लेकिन हम उनकी विरासत को सम्मान दे रहे हैं।



आगरा में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति महोत्सव के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी का दीप जलाकर शुभारम्भ करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व सीएम योगी आदित्यनाथ। - छाया तरुणमित्र

## बीएमसी-निकाय चुनाव : महायुति में सीट बंटवारे पर रार

# नहीं बनी बात तो अकेले लड़ सकती भाजपा चुनाव

**नई दिल्ली, 01 जून।** महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ महायुति में दरार पड़ती नजर आ रही है। यह दूरियां महायुति के तीन महत्वपूर्ण घटकों भाजपा, शिवसेना शिंदे और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय पार्टी में सीटों के बंटवारे को लेकर बढ़ी हैं।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पहले ही बीएमसी चुनाव में सीटों को लेकर भाजपा के सामने शर्त रख चुके हैं तो वहीं महायुति के दूसरे सहयोगी दल एनसीपी प्रमुख उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी खेला करने में पीछे नहीं हैं। इन परिस्थितियों के चलते यह भी संकेत मिले हैं कि भाजपा सहित अन्य दोनों घटक भी स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ सकते हैं। दरअसल, महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेता एक-दूसरे के सामने आ चुके हैं।

एनसीपी प्रमुख अजित पवार निकाय चुनाव से पहले ऐसा खेल कर रहे हैं जिसकी भनक भाजपा विधायकों को लग चुकी है और उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इसकी शिकायत कर आगाह भी कर दिया है। भाजपा विधायकों और मंत्रियों का दावा है कि अजित पवार की वजह से आगामी स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा की स्थिति कमजोर हो सकती है। विधायकों का आरोप है कि डिप्टी सीएम महाराष्ट्र में उन उम्मीदवारों को मजबूत कर रहे हैं, जिन्होंने 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को हराया था। एनसीपी खासकर मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र में भाजपा शासित निकायों को अजित पवार की एनसीपी टारगेट कर रही है। बता दें कि पश्चिम महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में एनसीपी और भाजपा दोनों ही मजबूत स्थिति में हैं। इन्हीं क्षेत्रों के जिलों को लेकर दोनों पार्टियों के बीच तनाव देखने को मिल रहा है। भाजपा के विधायक से ही नहीं कैबिनेट मंत्री तक अजित पवार से ▪ शेष पेज 11 पर

**सियायत**
- शिंदे शिवसेना सीटों के बंटवारे को लेकर अब भी अपने दृष्टिकोण पर कायम
- एनसीपी प्रमुख अजित भी दे रहे भाजपा से रुठों को हवा
- ऐसे में भाजपा कर रही अकेले चुनाव मैदान में उतरने पर विचार

### अपराधियों से दो कदम आगे रहकर जांच करना जरूरी: शाह

**कोलकाता, 01 जून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता के राजारहाट में केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का मुख्य उद्देश्य एक पुख्ता, सबूत-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली की स्थापना करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दिशा में तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। अमित शाह ने कहा, हमारी कोशिश है कि आपराधिक न्याय प्रणाली बहस आधारित नहीं बल्कि साक्ष्य आधारित हो। इससे न केवल दोषियों को सदेह का लाभ मिलने से रोका जा सकेगा बल्कि पीड़ितों को भी न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराधियों से दो कदम आगे रहकर जांच करना जरूरी है और इसमें आधुनिक तकनीक की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि डीएनए सीक्वेंसिंग की मदद से 20 साल पुराने मामलों को सुलझाया गया है और फॉरेंसिक ऑडिट्स से कई आर्थिक अपराधों का खुलासा हुआ है।

# मंडी के कमांद में जीप हादसा पंजाब के पांच युवकों की मौत

**मंडी, 01 जून।** जिला मुख्यालय मंडी से 14 किलोमीटर दूर मंडी कटौला मार्ग पर रविवार सुबह एक जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार पंजाब के पांच युवकों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को जोनल अस्पताल मंडी में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार पंजाब के एक टेंट हाउस से संबंधित पांच युवक महिंद्रा जीप (पीबी 02 ईजी 4543) से आगामी दिनों में आईआईटी कमांद में प्रस्तावित एक कार्यक्रम की तैयारी के सिलसिले में टेंट का सामान लेकर आ रहे थे। रविवार सुबह मंडी-बजौरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सदर उपमंडल के अंतर्गत कमांद पुल के पास चालक ने संतुलन खो दिया। जीप पुल की रेलिंग से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान डाले में सामान के ऊपर बैठे चार युवक लुढ़कते हुए नीचे उहल नदी किनारे जा गिरे। हादसा इतना गंभीर था कि पांचों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में सुखविंदर सिंह पुत्र हरवंश सिंह, निवासी लुधियाना, उमेश कुमार पुत्र राजा राम, निवासी जी.टी. रोड, प्रतापनगर, अमृतसर, सागर पुत्र सुरेंद्र कुमार, निवासी गांव व डाकघर फिरोजपुर, जिला अमृतसर घायल चालक दलजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह, निवासी गांव मलिया, जिला तरनतारन है। उसका जोनल अस्पताल मंडी में इलाज चल रहा है।

# न्याय के लिए सच की आवाज बुलन्द करेंगे अधिवक्ता-प्रमोद

### विधायक मोना ने हाईटेक ई-लाइब्रेरी के साथ दस लाख रुपए विधायक निधि से सौंपी, दी सौगात



**लालगंज, प्रतापगढ़, 01 जून (तरुणमित्र)।** तहसील परिसर स्थित पार्क में शनिवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोहपूर्वक हुआ।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व अपर जिला जज लालगंज रघुवीर सिंह राठौर, अपर जिला जज प्रतापगढ़ सुमित पवार एवं एसीजेएम विराटमणि त्रिपाठी व सिविल जज केओ मल्लिकार्जुन, एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ रामसूरत सोनकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चुनाव समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशीष कुमार तिवारी, महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय, कोषाध्यक्ष हरि नारायण पाण्डेय, सह मंत्री अभिषेक शुक्ल, आय-व्यय निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी, प्रचार मंत्री अतुल मिश्र तथा कार्यकारिणी सदस्य सुमित त्रिपाठी वत्सल, दुर्गेशमणि त्रिपाठी, अतुल तिवारी, नवनीत पाण्डेय तथा सलमान खान को पद का प्रतिज्ञान कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि वादकारी के हितों के साथ न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता सच की आवाज बुलंद करें। उन्होने कहा कि लालगंज में इस समय सुदृढ़ न्यायिक वातावरण है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने अधिवक्ताओं से कहा कि वह न्यायिक अवधारणा को साकार बनाने के लिए नियमित विधिक ज्ञान अर्जित करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका तथा संसद कानून को प्रभावी बनाए रखने में सदैव परिपक्व भूमिका के आदर्श में भारत का मान दुनिया में बढ़ाए हुए है। अध्यक्षता करते हुए, क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अधिवक्ताओं को वादकारी को इंसाफ दिलाने के लिए सजग भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होने तहसील में वादकारी शेड के लिए विधायक निधि से दस लाख रुपए के साथ अधिवक्ताओं के विधिक ज्ञान में बढोत्तरी के लिए हाईटेक लाइब्रेरी की सौगात सौंपी। तहसील व दीवानी न्यायालय में महिला अधिवक्ताओं की सराहनीय संख्या देख विधायक मोना ने कहा कि वह महिला अधिवक्ताओं के ज्ञानार्जन के लिए यहां सुदृढ़ वातावरण प्रदान करेंगी। विधायक मोना ने कहा कि तहसील तथा स्थानीय दीवानी न्यायालय के भौतिक विकास के लिए वह हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करायेंगी।

वहीं शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की ओर से भी अधिवक्ताओं को विधायक निधि से पांच लाख रुपए की सौंगात मिली। बतौर विशिष्ट अतिथि अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने कानून के क्षेत्र में भारतीय न्यायिक प्रणाली की मजबूत भूमिका की मीमांसा प्रस्तुत की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज सुमित पवार ने विधिक साक्षरता के जरिए, जरूरतमंद को पूर्ण न्याय का अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विराटमणि त्रिपाठी व सिविल जज केओमल्लिकार्जुन ने बार व बेंच के समन्वय के साथ न्यायिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता बार कौंसिल ऑफ यूपी के सदस्य अखिलेश अवस्थी ने अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाए जाने पर जोर दिया। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ रामसूरत सोनकर ने अपने संबोधन में अधिवक्ताओं को समाज व राष्ट्र के निर्माण में सजग भूमिका को लेकर जागरूकता प्रदान की। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की ओर से प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह ने विधायक निधि से भवन निर्माण के लिए पांच लाख रुपए प्रदान किये जाने की घोषणा की।

समारोह में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत निराला, जुबाए के पूर्व अध्यक्ष इन्दुभाल मिश्र व पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र तथा संतोष नारायण मिश्र, गौरीगंज बार के अध्यक्ष केवल प्रसाद शुक्ल, रानीगंज बार के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता राममिलन शुक्ल, राकेश त्रिपाठी, अजय ओझा, अजय कुमार त्रिपाठी, हेमा शुक्ला को विधिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने स्वागत भाषण किया। संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने संयुक्त रूप से किया।

## एम्स रायबरेली में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर वेबिनार का आयोजन

**रायबरेली, 01 जून (तरुणमित्र)।** प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक मेजर जनरल (डॉ) विभा दत्ता और डीन अकादमिक प्रो नीरज कुमारी के मार्गदर्शन में एम्स रायबरेली के सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष प्रो भोला नाथ ने वेबिनार की शुरुआत की।

वेबिनार के अतिथि वक्ताओं में राजस्थान कैंसर फाउंडेशन के अध्यक्ष, डॉ राकेश गुप्ता, वाइटल स्ट्रेटजी के तकनीकी सलाहकार डॉ शिवम कपूर व डॉ आर जे सिंह तथा भारत हल्थ तंबाकू नियंत्रण कार्यालय से डॉ वेदा वीपीके शामिल थीं। उन्होंने युवाओं पर तंबाकू के दुष्प्रभाव, तंबाकू उद्योग के भ्रामक मार्केटिंग तकनीकों, उनके तंबाकू व निकोटिन उत्पाद उद्योगों की रणनीति को उजागर करने पर अपने व्यक्तव्य दिए। प्रो. भोला नाथ ने बताया कि भारत में लगभग 27 करोड़ लोग विभिन्न रूपों में तंबाकू का सेवन करते है और प्रतिवर्ष लगभग 13.5 लाख लोग इसके कारण मृत्यु को प्राप्त होते है। लगभग 35 प्रतिशत वयस्क तंबाकू सेवन करते है, जिसमें से 42 प्रतिशत पुरुष और 14 प्रतिशत महिलाएं तंबाकू का सेवन करती है। लोग तंबाकू सेवन पर प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 77 हजार करोड़ रुपए खर्च करते है जिसमें से अधिकतर निम्न आय वर्ग के लोग है। उन्होंने अपने संदेश में एम्स रायबरेली में अगले वर्ष 30 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक होने वाले तंबाकू या स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### एक दर्जन से अधिक घरों में चोरी कर बदमाशों ने आरपीएफ और रेल कोच प्रशासन को दी चुनौती

**लालगंज, रायबरेली, 01 जून (तरुणमित्र)।** आधुनिक रेल कोच कारखाने के आवासीय कॉलोनी में बदमाशों ने पांचवीं बार रेल कोच कर्मी अजीत कुमार, रामेश्वर मीणा, मनोज कुमार, राजेश्वर सिंह, जयदेव मीना, महताब सहित 8 घरों में चोरी कर रेलवे पुलिस फोर्स और रेल कोच प्रशासन को खुली चुनौती दी है। चोरी की घटना से रेल कोच के कर्मचारियों में दहशत का आलम व्याप्त है। मॉडर्न रेल कोच कारखाने के आवासीय परिसर में रविवार को सुबह उस समय हड़कंप मच गया। जब चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। टाइप-2 क्षेत्र में स्थित आधा दर्जन से अधिक घरों को चोरों ने निशाना बनाया। चोरी की घटना उन घरों में हुई, जिनके परिवार छुट्टियों में बाहर गए हुए थे।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल चोरी में हुए नुकसान का सटीक आंकलन नहीं हो पाया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस और रेल कोच फैक्ट्री के आरपीएफ विभाग की टीम संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है।

### शैलेन्द्र सिंह को बैंक से सेवानिवृत होने पर सहकर्मियों ने दी भावभीनी विदाई

**प्रतापगढ़, 01 जून (तरुणमित्र)।** उप्र ग्रामीण बैंक मुख्य शाखा में सहायक प्रबंधक के रूप में कार्यरत बैंक के लोकप्रिय अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के सेवानिवृति के अवसर पर शनिवार को देर शाम बैंक कर्मियों द्वारा भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति प्रतापगढ़ के संयोजक महेन्द्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शैलेंद्र कुमार सिंह बैंक के एक कर्मठ अनुशासनप्रिय अधिकारी थे। इन्होंने बैंक सेवा के साथ बैंक के संगठनों में कर्मचारियों के हितार्थ सदैव सक्रिय भूमिका निभाई। एपी सिंह ने शैलेंद्र कुमार सिंह की बैंक सेवा एवं यूनियन में सक्रियता की तारीफ किया। बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति प्रतापगढ़ के क्षेत्रीय अध्यक्ष डीपी सिंह ने कहा कि शैलेन्द्र सिंह बैंक में 39 साल से अधिक सेवा देकर एक कर्मठ अधिकारी के रूप में स्थापित होने के साथ स्थानीय स्तर से लेकर संगठन के केंद्रीय संगठन आल इंडिया रीजनल रूरल बैंक ईम्पलाइज एसोसिएशन की सेंट्रल कमेटी में एजीएस के पद पर कई वर्षों तक रहकर ग्रामीण बैंक की क्षितिज पर प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया है। समिति के महामंत्री सोमनाथ मिश्र ने शैलेंद्र कुमार सिंह की कार्यों की प्रशंसा करते हुए जीवन की अगली पाली आनंद से बिताने की शुभ कामना व्यक्त किए। ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह बैंक सेवा के दौरान उनके साथ गुजरे क्षणों को याद करते आगी स्वस्थ सुखमय जीवन के लिए कामना व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अतुल सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रतापगढ़ शाखा के मुख्य प्रबंधक शैलेश कुमार, कमल कांत, अमृत लाल त्रिपाठी, विभूति कुमार पाण्डेय, अंजनी पाण्डेय, आरपी सिंह द्वय, अजेय सिंह, राजकमल त्रिपाठी, संतोष कुमार मिश्रा, एसोसिएशन महामंत्री मोहित शुक्ल, बीके सिंह, सविता सिंह, निधि, प्रीति आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा बूथ अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, दबंगों ने लोहे की रॉड से किया प्रहार

**अमेठी, 01 जून (तरुणमित्र)।** बीती रात उधार का पैसा लेने गए भाजपा के बूथ अध्यक्ष पर दबंगो ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बूथ अध्यक्ष को इलाज के लिए जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहाँ से गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल गौरिगंज रेफर कर दिया गया जहाँ पर इलाज चल रहा है। भाजपा के बूथ अध्यक्ष को गंभीर चोटें आई है। बूथ अध्यक्ष के पिता ने एक नामजद और दो अन्य के खिलाफ कमरौली थाना में तहरीर दी है। पूरा मामला कमरौली थाना क्षेत्र का है जहाँ के रहने वाले भाजपा के बूथ अध्यक्ष अंकित जायसवाल ने मारुति एजेंसी में काम करने वाले सुशील यादव पुत्र कृष्ण कुमार यादव निवासी खालिस बाहरपुर को साढ़े चार लाख रुपए उधार दिया था। बीती रात सुशील ने अंकित को पैसे देने के लिए कोइलारा रोड पर बुलाया।जहाँ पहले से मौजूद सुशील यादव समेत दो अन्य ने अंकित पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। अंकित के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग मौके की तरफ दौड़े तो सभी दबंग मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अंकित को ट्रामा सेंटर जगदीशपुर में भर्ती कराया गया जहाँ से स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल गौरिगंज रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से हुई मौत

**अमेठी, 01 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दर्दनाक सड़क हादसा हो गया इस सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है 27 वर्ष से युवक कुछ निजी कार्यों से घर से निकला था और रास्ते में वह हादसे का शिकार हो गया फिलहाल पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है साथ ही युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पूरा मामला अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के रामशाहपुर गांव का है जहां रामशाहपुर गांव के पास गांव का मुख्य द्वारा बनाया गया था तेज रफ्तार डंपर ने इसी बीच बाइक सवार युवकों को टक्कर मारने के बाद मुख्य द्वार से जा टकराया जिसके बाद मुख्य द्वार भरभरा कर गिर गया।

इस हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना लाया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां जिला चिकित्सालय में युवक की मौत हो गई मृतक युवक की पहचान बुद्धराम 27 वर्ष निवासी रामशाहपुर के रूप में हुई है। वहीं पूरे मामले पर मुसाफिरखाना कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है जो भी आवश्यक कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

## घर बनाने को घर छोड़ जाना पड़ा-कवि सोनू

**रायबरेली, 01 जून (तरुणमित्र)।** अमर लेख अंतर्राष्ट्रीय मंच इटावा के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन रायबरेली के बछरावाँ शहर में वरिष्ठ साहित्यकार दादा पहुँची लाल विषधर की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। देश के नामी गिरामी शहरों से आए हुए कवियों ने खूब तालियाँ बटोरीं, श्रोताओं ने सभी कवियों को जम कर सुना और ठहाके भी लगाये।

कार्यक्रम का आयोजन सतीश दादा बछरावाँ के द्वारा किया गया सभी कवियों को आमंत्रित और कार्यक्रम को संयोजित करने का दायित्व उन्नाव के चर्चित कवि सोनू पाल ने किया। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन रायबरेली के चर्चित कवि अमर पाल




**बछरावां में आयोजित हुआ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन**

अमर ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट प्रमोद चौधरी बछरावाँ, कार्यक्रम संरक्षक पुष्कर पाल ने माँ सरस्वती एवं लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था (अमर लेख अंतर्राष्ट्रीय मंच इटावा) के संस्थापक व प्रसिद्ध साहित्यकार रवि पाल खामोश इटावा उत्तर प्रदेश के द्वारा चलाये जा रहे अभियान में संस्था द्वारा आयोजित काव्य उत्सव की श्रृंखला का द्वितीय काव्य उत्सव सफल रहा संस्था की सचिव डॉ० संगीता पाल व संस्था के अध्यक्ष डॉ राम प्रकाश पथिक ने मंच से समाज के उत्थान के लिये बढ़ाए जाने वाले कदमों के बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

संस्था के कोषाध्यक्ष कवि अमर पाल उन्नाव ने अपनी प्रसिद्ध अवधी कविता-लरिकउना पप्पू क्यार भला,पढ़ी श्रोताओं द्वारा खूब सराही गई।मथुरा से रूपेश धनगर ने प्रथम कवि के रूप में तुम कुवांरी रहो हम कुंवारे रहे पढ़ा। फिरोजाबाद से सरोज सौदामिनी ने ₹चारों धाम हैं अपने₹ सवैया पढ़ी रायबरेली के ओज कवि अंकित अंकुल और दिल्ली के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अशोक पाल आशू ने ओज पूर्ण रचना पढ़ी।

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के सम्मान में बल्लभगढ़ हरियाणा से पधारे ओज के कवि पुनीत पांचाल नेमाँ अहिल्या बाई होलकर केप पुनीत कार्यों सहित जीवन गाथा का सजीव चित्रण कर खूब वाहवाही बटोरी। कवि अर्जेंट सिंह पाल, कवि शेष राम पाल, कवि रविशंकर यादव, कवयित्री सुशीला धनगर बलिया एवं संस्था की सचिव डॉ० संगीता पाल कच्छ गुजरात, संचालन कर रहे अमर पाल अमर, श्रेष्ठ व्यंग्य कार रामनरेश पाल लखनऊ, अध्यक्षता कर रहे विषधर जी ने श्रेष्ठ रचनाएँ पढ़कर समाज को सोचने पर मजबूर किया। संस्था के संस्थापक रवि पाल खामोश इटावा ने शिवाजी हूँ मैं राणा हूँ कन्हाई हूँ मैं भारत का, पढ़कर पूरे पांडाल को राष्ट्र मय कर दिया।

## जिला पूर्ति अधिकारी ने उचित दर विक्रेता की दुकानों का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने जनपद में संचालित उचित दर दुकानों के द्वारा किये जा रहे वितरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण पूर्ति निरीक्षक सदर के साथ किया। सर्वप्रथम जोगापुर की उचित दर विक्रेता रीता देवी की उचित दर दुकान का निरीक्षण किया गया, जिसमें दुकान पर खाद्यान्न का वितरण सुचारूरूप से संचालित पाया गया।

विक्रेता द्वारा लाभार्थियां योजनानुसार खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा था, उचित दर दुकान पर उपस्थित कार्डधारकों द्वारा रीता देवी के वितरण से संतुष्टि व्यक्त की गयी। इसके पश्चात ग्राम पंचायत परसरामपुर के विकासखण्ड-सदर की उचित दर



विक्रेता आराधना सिंह की उचित दर दुकान का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान दुकान खुली पायी गयी परन्तु वितरण कार्य नहीं हो रहा था, जिस पर आस-पास के कार्डधारकों को बुलाकर वितरण कार्य प्रारम्भ कराया गया तथा विक्रेता को वितरण न प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में कठोर चेतावनी दी गयी। समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर निर्धारित समयावधि के भीतर माह जून 2025 का वितरण कराना सुनिश्चित करें, यदि इस कार्य में विक्रेता द्वारा सहयोग नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 30.05.2025 से 10.06.2025 तक खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस वेइंग मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। सर्वर पर डाटा कम्पाइल होने के दृष्टिगत वितरण 1.06.2025 को वितरण कार्य अवरूद्ध रहेगा, पुनः वितरण 02.06.2025 से पूर्व की भांति जारी रहेगा।

### हनुमान मंदिर और वट वृक्ष की भूमि पर अवैध कब्जे की एसडीएम से शिकायत

**लालगंज, रायबरेली, 01 जून (तरुणमित्र)।** लालगंज क्षेत्र के पसन खेड़ा गांव में शंकर दयाल शुक्ला और मनोज शुक्ला के द्वारा आस्था से जुड़े हनुमान मंदिर और वट वृक्ष की भूमि पर बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे नाराज गांव के लोगों संजीव कुमार, निखिल तिवारी, मीना देवी, अनीता, धरनी धर शुक्ला, संतोष कुमार आदि ने उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी से शिकायत कर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने की मांग की है। गांव के लोगों का कहना है कि अगर अवैध कब्जा हो गया तो मंदिर और वट वृक्ष की पूजा करना असंभव हो जाएगा। जिस स्थान पर प्रतिपक्षी की गण अवैध कब्जा कर रहे हैं वहां पर सरकारी नाली भी बनी हुई है।

## ये अलग बात कि फूलों से लदे रहते हैं, फिर भी जो लोग गधे हैं वो गधे रहते हैं

**प्रतापगढ़, 01 जून (तरुणमित्र)।** शहर के तिलक इंटर कालेज में आयोजित शाम-ए-अदब के तीसरे आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन में नगमों का पूरी रात रस बरसा। लोग वाह-वाह करते रहे। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि जमुना प्रसाद उपाध्याय ने अलग ही छाप छोड़ी... नदी के घाट पर भी यदि सियासी लोग बस जाएं, तो प्यासे ओंठ एक-एक बूंद पानी को तरस जाएं।

संचालन कर रहे नसीम साज ने कई नगमे सुनाए। उद्घाटन अतिथि कवयित्री प्रतिभा पांडेय ने अपनी इस रचना से संदेश दिया...लिखे जो राष्ट्र का चिंतन सृजन में शौर्य की गाथा, मैं ऐसी हूं कमलकारा,जो सच्ची बात करती हूं। नाते पाक-फैसल मेरठी व उसके बाद सरस्वती वंदना मीरा तिवारी ने सुनाई। इसके बाद शामली से आए नवाजिश नजर ने जमकर वाहवाही लूटी...तुझसे मिलने का तो अरमान बहुत होता है, हां मगर वक्त का नुकसान बहुत होता है।

हास्य के चर्चित कवि मुजावर मालेगांवी ने कहा...ये अलग बात की फूलों से लदे रहते हैं, फिर भी जो लोग गधे हैं वो गधे रहते हैं। मकदूम फूलपुरी ने पढ़ा....किसानों के ही बेटे सरदहों पर जान देते हैं, बड़े लोग अपने बेटों को कहां फौजी बनाते हैं। शारिक फूलपुरी ने कहा...नौकरी की चाहत में कितनी मुश्किलें झेलीं। ये तो नौजवानों की डिग्रियां समझती हैं। मीरा तिवारी ने सुनाया...बड़ा बनना है तो अपना बड़ा किरदार कर लेना, गमों में गैर के खुद को भी तो हकदार कर लेना। सूरत की शायरा इमराना अदीब ने सुनाया-उसने अपनी आंखों से जाम जो पिलाया है, अब तलक नशा उसका मेरे दिल पे छाया है।

## डिप्टी सीएमओ ने आक्सीजन प्लांट का किया निरीक्षण

**लालगंज, प्रतापगढ़, 01 जून (तरुणमित्र)।** कोरोना की तैयारियों को लेकर शनिवार को यहां ट्रामा सेंटर में डिप्टी सीएमओ ने ऑक्सीजन प्लांट, बेड आदि व्यवस्थाओं को परखा। वहीं निरीक्षण में एक चिकित्सक के गैरहाजिर मिलने पर डिप्टी सीएमओ ने स्पष्टीकरण तलब किया है। डिप्टी सीएमओ डा0 राजेश कुमार शनिवार दोपहर करीब दो बजे ट्रामा सेण्टर लालगंज पहुंचे।

यहां उन्होनें ऑक्सीजन प्लांट चलवाकर उसकी कार्य प्रणाली को परखा तथा यहां कोविड एल-वन के तहत दस बेडों की बनी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा डिप्टी सीएमओ ने वार्डो में मरीजों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लैब दवा स्टॉक, रैबीज इंजेक्शन स्टाक आदि की भी जानकारी हासिल की।

वहीं डिप्टी सीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया तो बिना अवकाश के डा0 शैलेष वैश्य के अनुपस्थित के मिलने पर नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि कोविड को लेकर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त हैं। अनुपस्थित चिकित्सक से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इस मौके पर डा0 सुधाकर, डा0 धर्मेन्द्र, मान सिंह, देव कुमार दुबे, अरविन्द शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### हत्या के प्रयास में 7 वर्ष का कारावास

**रायबरेली, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार सिंह ने हत्या के प्रयास में अभियुक्त चंद्रपाल को 7 साल के कारावास की सजा सुनाई है एवं 7 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित भी किया है। अर्थ दंड की धन राशि न अदा करने पर 3 माह का साधारण कारावास भोगना होगा। राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अजय मौर्य के अनुसार अमेठी जनपद के थाना जायस की ओदारी में 31 जनवरी 2023 को सायं 8 बजे नशे की हालत में वादी अनिल कुमार की बहन ऊषा को जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से उसके सर पर कई वार किए, जिसे गंभीर हालत में सीएचसी में इलाज के बाद जिला अस्पताल रिफर कर ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया।

## नोडल अधिकारी ने जिला अस्पताल में एनआरसी केंद्र का किया निरीक्षण

**अमेठी, 01 जून (तरुणमित्र)।** शासन द्वारा आकांक्षात्मक विकासखंडों में कराए गए विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी/विशेष सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रबंध निदेशक यूपी डिस्काम उत्तर प्रदेश नेहा जैन द्वारा अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान आज अंतिम दिवस जिला अस्पताल में एनआरसी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी अग्रवाल उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान एनआरसी सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाओं



का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके साथ ही नोडल अधिकारी द्वारा 31 मई को विकासखंड जामों व शुकुलबाजार में विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें विकासखंड जामों की ग्राम पंचायत भोएं में पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया तदोपरांत ब्लॉक कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया, इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामों का निरीक्षण कर जन सामान्य को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तत्पश्चात ग्राम दक्खिनवारा में प्राथमिक विद्यालय, प्रधानमंत्री आवास, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम पंचायत महोना पश्चिम में आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने बीसी सखी, विद्युत सखी, समूह की महिलाओं एवं पंचायत सहायक से वार्ता किया तदोपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुलबाजार का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली गई।

## नोडल अधिकारी ने कई कार्यों का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी, 01 जून (तरुणमित्र)।** जिले में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी अनिल कुमार यादव द्वारा आज अकांक्षी ब्लाक विकास खण्ड कौशाम्बी के कोशम इनाम, हकीमपुर में बर्मी कम्पोस्ट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष बीएचएनडी सत्र तथा आरआरसी सेन्टर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अवाना आलमपुर में स्मार्ट क्लॉस, हर-घर नल योजना के अन्तर्गत पानी की टंकी, आदर्श ऑगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य उपकेन्द्र/आयुष आरोग्य मन्दिर, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, डॉ0 अम्बेडकर सामुदायिक भवन, शौचालय तथा प्रधानमंत्री आवास एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कौशाम्बी के एमरजेन्सी कक्ष, ओपीडी, औषधि वितरण कक्ष, महिला ओपीडी, आयुष्मान मित्र, एम्बुलेन्स सेवा, पैथौलॉजी कक्ष, एक्सरे कक्ष, काउन्सलर कक्ष, लेबर रूम, कोल्ड चेन कक्ष, महिला वार्ड, दंत चिकित्सक कक्ष, ऑपरेशन कक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय कक्ष सहित अन्य स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर जायजा लिया। हकीमपुर एवं अवाना आलमपुर के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने पंचायत भवन में स्वयं सहायता



समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर उनकी आमदनी के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिस पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि इस पैसे से भैंस पालन कर, कासमेटिक की दुकान एवं किराना की दुकान करके अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है।

नोडल अधिकारी द्वारा पशुओं के टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई, जिस पर उपस्थित लोगों द्वारा बताया गया कि खुरपका एवं गलाघोटू का टीका पशुओं को लगाया गया है। उन्होंने पंचायत सहायक से बात-चीत कर उनके द्वारा किये जा रहें कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिस पर पंचायत सहायक हरविलाश द्वारा बताया गया कि फैमिली आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, आय, निवास, जाति प्रमाण-पत्र एवं सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का ऑनलाइन फार्म भरकर लोगों को योजनाओं से लाभान्वित कराया जाता है।

# ...आखिर कहां हजम हो गई यूपीएस दुसौती के गैरहाजिर शिक्षकों की सूची!

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान बीईओ को नहीं मिला था कोई शिक्षक

**रायबरेली, 01 जून (तरुणमित्र)।** बेसिक शिक्षा विभाग को पटरी पर लाने के लिए सरकार चाहे जितना भी प्रयास कर ले, लेकिन अधिकारियों की खाऊकमाऊ नीति के आगे सब बेकार है। अधिकारियों की खाऊकमाऊ नीति का नतीजा यह है कि विद्यालयों में गैरहाजिर रहने के बाद भी शिक्षकों को मानव सम्पदा के पोर्टल पर अनुपस्थित नहीं किया जाता है। इसका खुलासा उस समय होता है जब बीएसए दफ्तर की तरफ से अनुपस्थित शिक्षकों की सूची जारी होती है, तब कुछ शिक्षकों का नाम ही नहीं रहता है। ऐसे में साफ जाहिर होता है कि महानिदेशक के आदेशों की किस तरह से धज्जियां उड़ाई जाती है।




जी हां, अमावां ब्लॉक में इस समय बीईओ ऋचा सिंह की खाऊकमाऊ नीति की वजह से शिक्षकों का बहुत ही शोषण हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार मई महीने के आखिर सप्ताह में बीईओ ऋचा सिंह की तरफ से प्रातःकालीन में ही विद्यालयों का निरीक्षण किया गया है। बीईओ की तरफ से 17 मई को प्रातःकाल में कम्पोजिट विद्यालय मरदानपुर का निरीक्षण किया गया था। यहां पर चार सहायक अध्यापक सहित दो शिक्षामित्रों को अनुपस्थित किया गया था। एक शिक्षिका निरीक्षण के समय ही विद्यालय में आ गई थी, इसके बाद भी उनको बीईओ ने मानवता न दिखाते हुए अनुपस्थित कर दिया।

इसी तरह से प्राथमिक विद्यालय अजीजगंज में किए गए निरीक्षण में दो सहायक अध्यापक सहित दो शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले थे। इसके बाद 19 मई की सुबह प्राथमिक विद्यालय दुसौती और उच्च प्राथमिक विद्यालय दुसौती का निरीक्षण किया गया था। प्रातःकालीन निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय दुसौती में प्रधानाध्यापक को छोड़कर शेष सभी शिक्षक अनुपस्थित मिले थे। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालय दुसौती बंद पाया गया था।

विद्यालय बंद होने के बाद भी यहां पर किसी भी शिक्षक का वेतन बीईओ की तरफ से रोकने की कार्रवाई नहीं की गई। बीईओ की तरफ से मानव संपदा पोर्टल पर अनुपस्थित रहे सभी शिक्षकों चढ़ाया गया, लेकिन पूरा विद्यालय बंद होने के बाद भी उच्च प्राथमिक विद्यालय दुसौती के किसी भी शिक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। बीएसए कार्यालय की तरफ से जारी की गई सूची में शिक्षकों ने जब देखा तो अनुपस्थिति रहने के बाद शिक्षकों का नाम नहीं था। शिक्षकों पर बीईओ की तरफ से कार्रवाई न किया जाना संदेह पैदा करता है। अमावां ब्लॉक के शिक्षकों में चर्चा है कि आखिर उच्च प्राथमिक विद्यालय दुसौती के शिक्षकों पर क्यों दयादृष्टि दिखाई गई।

**मैडम! बाउड्रीवॉल के लिए कुछ कहा था मैंने**

उच्च प्राथमिक विद्यालय दुसौती में बाउड्रीवॉल बनने के लिए आई हुई है। यहां पर बाउड्रीवॉल वर्तमान में प्रधानाध्यापक की तरफ से बनाई जा रही है। बाउड्रीवॉल का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है। बाउड्रीवॉल का कार्यपूर्ण न होने की असली वजह ग्रामवासियों से विवाद बताया जा रहा है, लेकिन पैसा लैप्स न होने पाए इसके लिए प्रधानाध्यापक की तरफ से बाउड्री बनवाई जा रही है। प्रधानाध्यापकों की हुई बैठक में एक अधिकारी की तरफ से दुसौती की प्रधानाध्यापक से यह भी कहा गया कि बाउड्रीवॉल के लिए मैंने आपसे कुछ कहा था मैम! अधिकारी का यह इशारा ही साफ जाहिर करता है कि आखिर कार्य करने को लेकर उनकी क्या मंशा है।

**शिक्षकों की वेतनबहाली का रेट है फिक्स**

वर्तमान समय में अमावां ब्लॉक में वेतन बहाली को लेकर पूरी तरह से रेट फिक्स कर दिया गया है। अगर कोई भी शिक्षक उस हिसाब से काम करता है तो उसका वेतन नहीं काटा जाता है और स्पष्टीकरण को भी साफ तरीके से बना दिया जाता है। यही नहीं इसी रेट के दायरे में आने के बाद कई शिक्षकों को पोर्टल पर अनुपस्थित नहीं दर्शाया जाता है।

अगर किसी भी शिक्षक ने अनैतिक कार्य को करने से मना दिया तो फिर उसके ऊपर कार्रवाई की जाती है। शिक्षकों के वेतन बहाली का वर्तमान समय में पूरी तरह से रेट फिक्स कर दिया गया है। शिक्षकों का आर्थिक शोषण करने में न सिर्फ अधिकारी बल्कि कार्यालय के कर्मचारी भी पूरी तरह से संलिप्त रहते हैं। कर्मचारियों के माध्यम से ही रेट को फिक्स करने को लेकर बात होती है। अगर शिक्षकों से बात बन जाती है तो फिर उन पर कार्रवाई नहीं की जाती है। अगर कोई भी शिक्षक उस रेट लिस्ट में नहीं आता है तो फिर उस पर कार्रवाई कर दी जाती है।

# हरदोई को जल्द मिल सकती पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

हरदोई, 01 जून (तरूणमित्र)। जनपद वासियों का उस समय खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल ने बताया कि देश की पहली स्लीपर वंदे भारत को अति शीघ्र भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दास मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे जो लखनऊ से मुंबई वाया आगरा, दिल्ली (निजामुद्दीन स्टेशन) होकर चलेगी।

रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल ने बताया कि इस महत्वपूर्ण ट्रेन का पहला स्टापेज हरदोई रेलवे स्टेशन होगा और ये ट्रेन हरदोई की पहली वंदे भारत ट्रेन होगी। इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का स्टापेज होने के बाद हरदोई वासियो का दिल्ली, आगरा और मुंबई का सफर न केवल आसान होगा बल्कि भक्त प्रहलाद की नगरी के रूप में हरदोई की पहचान भी मिलेगी। इस ट्रेन के चलने से हरदोई के व्यापार में भी अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिलेगी, साथ ही आम यात्रियों को आरामदायक सफर के साथ स्वादिष्ट भोजन का भी स्वाद लेने का अवसर प्राप्त होगा।

गौरतलब है कि एक वंदे भारत



**● आखिर रंग लाई रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल की मेहनत**

ट्रेन का स्टापेज दिलवाने के लिए रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बनने के बाद पहले दिन से प्रयासरत थे और इसके लिए वे दैनिक रेलवे यात्री संघ के माध्यम से रेलवे के उच्च अधिकारियों से लेकर रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव से लेकर देश के गृहमंत्री अमित शाह तक गुहार लगा चुके हैं। इस वंदे भारत ट्रेन में एसी फर्स्ट, सेकेंड, थर्ड क्लास के अलावा दो स्लीपर कोच भी होंगे और ये ट्रेन लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली के निजामुद्दीन स्टेशन से आगरा होते हुए मुंबई तक जाएगी और अभी इस ट्रेन के सप्ताह में चार दिन चलने की उम्मीद है वन्दे भारत के स्टापेज की घोषणा के बाद लोगो ने नवीन अग्रवाल के घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। नवीन अग्रवाल ने ये भी बताया कि उपरोक्त सूचना अभी केवल रेलवे अधिकारियों द्वारा वार्ता के पश्चात प्राप्त संकेतों के आधार पर है रेलवे द्वारा आधिकारिक घोषणा के बाद इस ट्रेन का संचालन शुरू होगा।

## विवाहिताओं ने लिखाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

हरदोई, 01 जून (तरूणमित्र)। जनपद के दो अलग अलग थाना क्षेत्र निवासी विवाहिताओं ने ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टड़ियावां थाना क्षेत्र के गोपामऊ कस्बे के मोहल्ला सैय्यद बाड़ा निवासी शमा परवीन पुत्री रफीक अहमद के अनुसार उसका विवाह 1 जुलाई 24 को शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी अब्दुल कय्यूम के पुत्र अब्दुल कमर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। उसके पिता ने हैसियत से ज्यादा दहेज दिया था। विवाह के कुछ दिन बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका पति, सास अच्छी बी, देवर कामरान, ननद गुड़िया और नाजिया उसे प्रताड़ित करने लगे। दहेज में वैगन आर कार और पांच लाख रुपए नगद की मांग को लेकर विपक्षियों ने उसे कई बार मारा पीटा। 27 मार्च को दहेज की मांग को लेकर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। और बिना दहेज के आने पर जान से मार डालने की धमकी दी। सुरसा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदना खेड़ा निवासी सीलू पुत्री रामभरोसे के अनुसार उसका विवाह 8 नवंबर 2020 को कासिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टाड़ेहार निवासी नीलकंठ के पुत्र संतोष के साथ हुआ था। उसने दो पुत्रियों को जन्म दिया। उसके बाद से पति और सास महादेई उसकी पुत्रियों के नाम पैसा फिक्स करने के मायके से मांगने की बात को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। 27 मई को अतिरिक्त दहेज में रुपए की मांग को लेकर आरोपियों ने उसे मारपीट कर पुत्रियों के साथ उसे घर से भगा दिया। विवाहिताओं की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले को जांच शुरू कर दी है।

## पालिकाध्यक्ष ने नाली और नालों की समुचित सफाई के निर्देश

शाहाबाद/हरदोई, 01 जून (तरूणमित्र)। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका ने अभी से ही इंतजाम करने शुरू कर दिए है नगर पालिका के लगभग तीन दर्जन सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर शहर के सभी बड़े नालों व नालियों की साफ सफाई कराई जा रही है।

बरसात के मौसम में नाले व नालियों की समुचित सफाई न होने के कारण कई स्थानों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी इस समस्या को संज्ञान में लेकर नगरपालिका अध्यक्ष नसरीन बानो ने हाल ही में हुई बोर्ड की बैठक में बरसात से पहले सभी नालों की समुचित सफाई के निर्देश दिए थे और सफाई कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई करने के संकेत दिए थे। उनके इस आदेश के बाद पालिका प्रशासन ने बरसात से पूर्व ही कस्बे



के सभी नालों व नालियों की ठीक ढंग से साफ सफाई करवानी शुरू कर दी है।

रविवार को भी सफाई निरीक्षक दीपक कुमार ने घंटाघर के पास स्थित मुख्य नाले पर सफाई व्यवस्था के कार्य के लिए मौजूद सफाईकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के तीन दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी इस अभियान में लगाए गए हैं और छोटी जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली, मैजिक आदि इस सफाई कार्य में लगाए गए है नगर के विभिन्न नालों में सफाई कार्य को करवाया गया है। घंटाघर के पास से बासित नगर चौराहे की ओर जाने वाले नाले पर सफाई कार्य चल रहा है। बारिश में किसी भी मोहल्ले में जलभराव की स्थिति न पैदा हो इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे है।

## डीएम ने किया नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण

हरदोई, 01 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अनुनय झा ने नगर पालिका हरदोई के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सबसे पहले शहीद उद्यान पहुँचे। यहाँ उन्होंने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रामेन्द्र सिंह को निर्देश दिए कि उद्यान का सौंदर्यीकरण कराया जाये। उन्होंने नगर पालिका के सभागार को भी देखा।

यहाँ से वह विक्टोरिया हॉल पहुँचे। उन्होंने बिलियर्ड्स, टेनिस कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट देखा। उन्होंने कहा कि परिसर में एक पुस्तकालय की स्थापना की जाये। एक फूड कोर्ट की स्थापना करायी जाये। जूडो व कराटे सिखाने की व्यवस्था की जाये। परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाये। परिसर के



खेल सुविधाओं का प्रयोग अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं के आयोजन में किया जाये। विक्टोरिया हॉल की आय बढ़ाने के गंभीरता से प्रयास किये जाएं। विक्टोरिया हॉल से वह गाँधी सभागार पहुँचे। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिया कि परिसर में सुविधाओं का विस्तार किया जाये। हॉल का सौंदर्यीकरण कराया जाये। इसके बाद उन्होंने सोल्जर बोर्ड चौराहे को देखा। उन्होंने कहा कि चौराहे का अतिक्रमण हटाया जाये। विद्युत पोलों को व्यवस्थित कराया जाये। सोल्जर बोर्ड चौराहे के बाद वह लखनऊ चुंगी पहुँचे। उन्होंने निर्देश दिया कि चौराहे की ट्रैफिक लाइट को ठीक कराया जाये। अन्त में उन्होंने डीएम चौराहे को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि चौराहे के आस पास अनुपयोगी पोलों को हटाया जाये। अतिक्रमण हटाया जाये।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएमओ ने किया रेड क्रॉस कार्यालय का औचक निरीक्षण

शाहजहाँपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी कार्यालय का औचिक निरीक्षण किया गया एवं सोसाइटी द्वारा जनपद में कराए गए कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की साथ जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी से कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए जरूरत पड़ने पर रेड क्रॉस के वॉलेंटियर्स की टीम तैयार करने को कहा ताकि जरूरत पड़ने पर उनका सहयोग लिया जा सके एवं बाढ़ की स्थिति आने पर आपदा प्रबंधन में भी सहयोग लिया जा सके। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी, आजीवन सदस्य अवनीश सक्सेना, अग्रज जोहरी, आदि लोग उपस्थित रहे।

### कथित कांग्रेसी नेता ने मासूम बच्ची के साथ की अश्लीलता

राठ, 01 जून (तरूणमित्र)। कस्बे के उरई बस स्टैंड के पास फल फ्रूट की दुकान लगाने वाले कथित कांग्रेसी नेता और 60 वर्षीय एक व्यक्ति ने इलाके की ही एक मासूम बालिका के साथ अश्लीलता कर दी। जिसके बाद मासूम बच्ची के शिकायत करने से नाराज परिजनों व इलाके के लोगों ने आरोपी व्यक्ति की फल फ्रूट की दुकान को तहस नहस करते हुए दुकान को सड़क पर फेंक दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। वहीं अब कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने बताया कि आरोपी व्यक्ति कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी व कार्यकर्ता नहीं है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति कांग्रेस पार्टी के होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी फोटो खींचाने के लिए पहुंच जाता था। तथा पार्टी का उक्त व्यक्ति से कभी कोई लेना देना नहीं रहा है। वहीं मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी व्यक्ति मौके से फरार हो गया था। जिसकी तालाश की जा रही है तथा आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। एवं मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

### बस में रखे बैग से रुपए व आभूषण चोरी

राठ, 01 जून (तरूणमित्र)। मध्य प्रदेश की हरपालपुर से रोडवेज बस में सवार हुए दंपति के वैग को काटकर चोरों ने उसमें रखे लाखों रुपए के सोने के आभूषण पार कर दिये। राठ आकर जब दंपति ने वैग को कटे उसमें रखे आभूषण गायब देखे तो घटना की लिखित शिकायत राठ कोतवाली में की है। मध्य प्रदेश के भोपाल नवादया निवासी महेंद्र कुमार पुत्र नेतराम ने बताया कि आज दोपहर वह अपनी पत्नी सुनीता के साथ अपनी राठ नगर के मोहल्ला मियांपुरा स्थित ससुराल में आने के लिए मध्य प्रदेश के हरपालपुर कस्बा से राठ रोडवेज की बस यूपी78 केटी 2765 में सवार होकर आ रहा था। परिचालक ने उनके बैग को ड्राइवर की सीट के पीछे रखवा दिया। रास्ते में अज्ञात चोरों ने बैग को काटकर उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, छोटा मंगलसूत्र, एक हार, झुमकी व चूड़ियों को पार कर दिया।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस व फिट इंडिया संडे मनाया गया



हरदोई, 01 जून (तरूणमित्र)। स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल निदेशालय के आदेश अनुपालन में अंतराष्ट्रीय साईकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में मुख्य रूप से रंजीत रस्तोगी अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर जो प्रतिदिन स्टेडियम में स्वास्थ लाभ के लिये साइकिल से ही आते हैं, ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया व खिलाड़ियों के संग साइकिल रैली में भाग लिया। साइकिल रैली स्टेडियम से आरंभ होकर कंपनी बाग तक जाकर संपन्न हुई। इस मौके पर मेहताब, रामजी, संदीप, देवेश आदि उपस्थित रहे।

# फिट इंडिया संडे ऑन साईकल कार्यक्रम आयोजित

शाहजहाँपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकासखंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत बादशाहनगर के खेल मैदान में प्रातःकाल में माय भारत स्वयंसेवकों द्वारा संडे ऑन साईकल कार्यक्रम के तहत साईकल रैली निकालकर फिट इंडिया व स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया व इस अवसर पर स्लो साइक्लिंग की प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें कन्हैया ने प्रथम, रामजी ने द्वितीय व कपिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि आज का कार्यक्रम फिटनेस के प्रति लोगो को जागरूक करने व लोगों में ओबेसिटी को कम करने के उद्देश्य से देश में चल रहे संडे ऑन साईकल कार्यक्रम का 25वां संस्करण है।

आगामी विश्व साइकिल दिवस के दृष्टिगत है जिसे पूरे देश में फिट इंडिया मिशन व माय भारत द्वारा उत्साहपूर्वक रूप से मनाया जा रहा है, इसी के साथ उन्होंने सभी से साइक्लिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित भी किया और माय भारत पोर्टल के माध्यम से नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक पंजीकरण हेतु भी सभी को प्रेरित किया। जिला गंगा समिति से नमामि गंगे डी पी ओ डॉ विनय सक्सेना ने भी युवाओं को प्रेरित करते हुए संतुलित आहार के साथ साथ शारीरिक गतिविधियों को जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बताया व साइक्लिंग हेतु भी सभी को प्रेरित किया। समाजसेवी मुकेश परिहार ने कहा कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है और साइक्लिंग इसका एक प्रभावी माध्यम है व उन्होंने पारंपरिक खेलो को भी बढ़ावा देने की बात कही। इस अवसर पर माय भारत स्वयंसेवक आकाश वर्मा, वासुदेव वर्मा पत्रकार, डालचंद्र वर्मा, अनुज शर्मा, गोपी शंकर, दीपक, रोशनलाल, मोहन शर्मा, हरिराम वर्मा, अंशुल शर्मा, गंगेश्वर सहित भारी संख्या में युवा व स्थानियजन उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

राठ, 01 जून (तरूणमित्र)। कस्बे के पठानपुरा इलाके के निवासी 27 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत होने का मामला सामने आया है। कस्बे के मुहाल पठानपुरा के निवासी आशीष कुमार वर्मा ने बताया कि बीते दो दिन पूर्व उसका भाई कृष्णकांत कानपुर से वापस राठ आ रहा था। तभी रास्ते में हमीरपुर कस्बे के रानी लक्ष्मीबाई पार्क स्थित पेट्रोल पंप के पास अचानक वह बेहोश हो गया। पुलिस ने उसके भाई को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे कानपुर के हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया कि जब उसके भाई को हैलट लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# तंबाकू के सेवन से होते मुंह के कैंसर: डॉ. आशिफ

शाहजहाँपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के परिसर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशिफ ने जानकारी देते हुए बताया यह दिवस 31 मई को इस लिए बनाने का उद्देश्य है कि लोगों तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना है रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने बताया कि विश्व स्वास्थ संगठन में 1987 मै तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों ओर मौतों पर लगाम लगाने के लिए इस दिन की शुरूवात की गई थी तंबाकू के सेवन से सर्वाधिक मुंह के कैंसर होने की संभावना रहती है।

इस अवसर पर रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य जौहरी ने मेडिकल कालेज में भर्ती अनाथ मरीज बिट्टू देवी पुत्री राघवेंद्र सिंह ग्राम चिकटिहा ब्लॉक बंडा को अपने शरीर के दिए गए रक्त दान के प्रमाण पत्र रोगी के सहयोगियों को देकर रेड क्रॉस के उद्देशों का अनुपालन किया इस अवसर पर अवनीश सक्सैना, ब्रजकिशोर सिंह, अनुज जौहरी, पवन सक्सैना इत्यादि रेड क्रॉस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान से किसान होगा सम्पन्न: जितिन प्रसाद

शाहजहाँपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने आवास पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर उनके अबिलम्ब निदान के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अबसर पर अपने आवास पर आए विभिन्न किसानों से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने की संकल्पपूर्ति में सहायक ₹विकसित कृषि संकल्प अभियान₹ का शुभारंभ किया। सभी जनपदों में इस अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समस्त किसान अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान से जुड़कर इसका लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक अभियान नहीं बल्कि ऐसा जन आंदोलन है जो हमारे अन्नदाताओं को नवाचार, नई कृषि योजनाओं और तकनीकी ज्ञान प्रदान करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा।

श्री प्रसाद ने आवास विकास कालोनी निवासी स्व. मनोहर लाल के आवास पर पहुंच कर उनके निधन पर उनकी पत्नी एवं पुत्रों अमृत लाल,सुभाष कुमार, संजय एवं सुनील सहित परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। इस दौरान श्री प्रसाद के साथ उनके मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र,भाजपा नेता कौशल मिश्र, भूपेंद्र सिंह, अनिल तिवारी, रोहित सिंह, पार्षद जगदीश कुशवाहा, प्रशांत कठेरिया आदि मौजूद थे।

## कमीशन खोरी की भेंट चढ़ी मनरेगा योजना

खुटार /शाहजहांपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। विकास खंड खुटार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में इन दिनों फर्जी हाजिरी लगाने का सिलसिला जोरों पर है। जिसमे कहीं ग्राम प्रधान के पुत्रों के नाम हाजिरी भरकर पैसा निकाला जा रहा है तो कहीं हेडपंप नल रिबोर के मामले में सस्पेंड सचिव द्वारा हाजिरी लगाई जा रही है। जिससे जिम्मेदारों के प्रति तरह तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला विकास खंड की ग्राम पंचायत राठ, का है। जहां पर ग्राम प्रधान के दो पुत्रों के नाम अलग अलग जांब कार्डों पर 20-21 से लेकर 2025 तक हाजिरी भरकर पैसा निकाला गया है। तो वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत रौतापुर कलां में सस्पेंडेड सचिव द्वारा हाजिरी भरकर पैसा निकाला जा रहा है। इन दोनों मामलों को लेकर जिम्मेदारों के प्रति तरह तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

# कट्टरपंथी लवजिहाद व धर्मांतरण को दे रहे बढ़ावा : विहिप

शाहजहांपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस आज प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद स्थापना से लेकर लगातार संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित कर हिंदू मान बिंदुओं के रक्षार्थ कार्य कर रहा है। 1984 से राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के कार्य को संत समाज के मार्गदर्शन में संपन्न कराया आज भव्य राम मंदिर निर्माण हो चुका है। 1990-91 में कश्मीर घाटी से जिहादी कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू समाज पर आत्मघाती हमला किया गया, माता बहनों की अस्मिता लूटी गई हिंदू समाज के घर मंदिर तोड़े गए और उन्हें वहां से पलायन करने पर मजबूर किया गया आज वह 3.5 लाख हिंदू समाज जम्मू,दिल्ली जैसे आदि प्रांतो में तंबू में रहने को विवश है। आतंकवाद के कारण बंद होती अमरनाथ यात्रा को विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के नेतृत्व में संपन्न कराया गया, जो आज अनवरत लाखो की संख्या में यात्रा होती है। बजरंग दल के कार्यकताओं ने 75 लाख से भी अधिक गोवंशों की सुरक्षा की जिसमें कई कार्यकर्ता हुतात्मा भी हुए हजारों कार्यकताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए परंतु हम अनवरत गौरक्षा का कार्य करते चले आ रहे हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा प्रभु श्री राम के द्वारा निर्मित रामसेतु को तोड़ने व श्री राम को काल्पनिक कहा गया। विश्व हिंदू परिषद ने संपूर्ण भारत में 3 घंटे के लिए पूरा भारत जाम कर दिया। तब जाकर आज रामसेतु धरोहर सुरक्षित है। आज लव जिहाद एक बड़ी समस्या है आप सभी बहने संपूर्ण हिंदू समाज में जन जागरण कर हिंदू संस्कृति से हिंदू महिलाओं/बहनों को जागरूक करें। कट्टरपंथियो द्वारा लव जिहाद के द्वारा जनसंख्या असंतुलन का कुत्सित प्रयास हों रहा है। प्रांत मंत्री ने कहा कि आप बहाने मां दुर्गा का रूप है। रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती व अहिल्याबाई से प्रेरणा लेकर भारत माता को पुनः परम वैभव तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। प्रांत सहसंयोजक शशिबाला, विभाग मंत्री अशनील, जी.पी पाठक, नीरा श्रीवास्तव, अंशिका, शिवानी, नीलम, वृंदा, प्रीति शुक्ला, कंचन मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, अनुभव गुप्ता आदि सैकड़ो शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## विवाहिता किशोरी और दो युवतियां लापता, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

हरदोई, 01 जून (तरूणमित्र)। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से एक विवाहिता दो युवतियां और एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले संबंधित थाना पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

बेनीगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित मां के अनुसार उसकी 19 वर्षीय पुत्री को 29 मई की रात में अरुण पुत्र पप्पू कनौजिया अपने पिता और ताऊ जोद्दी की साजिश से बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। पप्पू पीड़ित मां का सगा भाई है।

अरवल थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित भाई के अनुसार 29 मई की रात उसकी 14 वर्षीय बहन को थाना क्षेत्र के चंद्रम पुर निवासी मोहित पुत्र बलवीर बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।

माधौगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता के अनुसार 29 मई की शाम को उसकी 18 वर्षीय पुत्री को मल्लावां थाना क्षेत्र के भवन खेड़ा निवासी राज पुत्र हरि सिंह अपने ममेरे भाई रोहित पुत्र जयसिंह के सहयोग से बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।उसकी पुत्री घर में रखा जेवर और एक लाख बारह हजार रूपए की नगदी साथ लेकर गई है। कासिमपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पति के अनुसार उसकी पत्नी 20 मई की रात एक बजे घर से कहीं लापता हो गई है।काफी ढूढने पर पता चला संडीला थाना क्षेत्र के बेगमगंज निवासी साहिल पुत्र चंदर उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। पीड़ित परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# कुर्बानी के लिए अच्छी नस्ल का बकरा खरीदने की मची होड़

उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का त्योहार 7 जून को मनाया जाएगा। इस दिन साहिब-ए-निसाब (आर्थिक रूप से सक्षम) मुसलमान हजरत इब्राहिम और उनके बेटे हजरत इस्माइल की सुन्नत पर अमल करते हुए बकरा, भेड़, दुंबा, ऊंट, पड्डा आदि की कुबार्नी करते हैं। उरई में आम तौर पर बकरों और पड्डों की कुबार्नी का चलन है। यही वजह है कि जिले के अलग-अलग इलाकों में पशुओं को बाजार सज चुके हैं। दूर दराज के पशु व्यापारी अपने बकरों को लेकर इन मंडियों में पहुंच रहे हैं।

बता दे कि उरई शहर में रामकुण्ड मैदान, हदरूक, न्यामतपुर, कालपी, कोच, जालौन एवं पचनद आदि इलाकों में बकरों के बाजार सजे हैं। बरबरी, सिरोही, जमुनापारी, तोतापुरी, देसी बकरों की मांग



अधिक है। कुबार्नी के लिए अच्छी से अच्छी नस्ल का बकरा लोग बकरीद से पहले खरीद लेना चाहते हैं। यूं तो सामान्य तौर पर अच्छी सेहत वाले बकरों की कीमत 15 से 25 हजार रुपये तक है, लेकिन शौकीन लोगों के लिए और भी अच्छी सेहत और दिखने में ऊंचे-ऊंचे बकरे भी मंडियों में मौजूद हैं, लेकिन इन महंगे बकरों को जल्द खरीदार नहीं मिल रहे हैं। राजस्थान से आये आरिफ ने बताया कि वह अपने बकरे का 45 हजार रुपये मांग रहे हैं। यह एक गुर्जरी नस्ल का बकरा है, दो साल तक बच्चे की तरह इसको पाला। चोकर, मूंगफली और ड्रायफ्रूट तक अपने बकरे को खिलाई हैं। इसके चारे पर पिछले दो साल में काफी खर्च हुआ है। ऐसे में कीमत भी अधिक है, फिलहाल ग्राहक नहीं मिल रहे हैं।

### खुले में कुर्बानी करने से बचें मुसलमान: शाही इमाम

उरई। सुन्नी ईदगाह के शाही इमाम फिरोज अली रहमानी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुबार्नी किसी बंद जगह पर करें न कि खुले या सार्वजनिक स्थान पर। न ही जानवरों की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करें। उन्होंने बताया कि इस्लामी माह जिलहिज्जा की 10,11, 12 तारीख कुबार्नी के लिए खास दिन है। कुबार्नी में भेड़, बकरा-बकरी, दुम्बा सिर्फ एक व्यक्ति की तरफ से व बड़े जानवर में सात लोग शरीक हो सकते हैं। कुबार्नी के बाद उसके गोश्त को तीन हिस्सों में बांटा जाता है। शरीयत के अनुसार गोश्त का एक हिस्सा गरीबों में दूसरा हिस्सा रिश्तेदारों और तीसरा हिस्सा अपने घर वालों के लिए रखने का हुक्म है।

### बकरे महंगे तो पड्डे खरीद रहे लोग

उरई। बीते बरसों के मुकाबले बकरों की कीमतों में इजाफा हुआ है। जिसकी बड़ी वजह चारा महंगा होना है। यही वजह है कि बहुत सारे लोग पड्डों पर भी कुबार्नी कर रहे हैं। आम तौर पर एक पड्डा 20 से 25 हजार रुपये के बीच में मिलता है। बड़ा जानवर होने के कारण इसमें अधिकतम सात लोगों द्वारा एक साथ कुबार्नी की जा सकती है। ऐसे में एक व्यक्ति के हिस्से में तीन से साढ़े तीन हजार रुपये तक आते हैं।

बकरा खरीदने के लिए आये हैं, लेकिन बजट में अच्छा बकरा ढूंढना बेहद मुश्किल काम है। हालांकि इस बार बकरों की कीमतों पहले से अधिक है

**-जब्बार अंसारी, खरीदार।**

शहर के मोहल्ला प्रेम नगर से यहां बकरा बेचने के लिए आये हैं, मगर अभी बकरों का बाजार पूरी तरह अपने चरम पर नहीं है। बकरीद से एक दिन पहले अच्छी खरीदारी की उम्मीद है।

**-रहीस अली, पशुपालक।**

फिलहाल तो वाजिब कीमतों पर कोई बकरा नहीं दिखाई दे रहा है। अधिकतर बकरे महंगे हैं, फिर भी दूसरी मंडियों में देखकर ही बकरा खरीदेंगे।

**-शमशाद अली, खरीदार।**

## योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करें: डॉ. मणि

शाहजहांपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में सात दिवसीय निःशुल्क मधुमेह रोग निवारण शिविर का आज समापन हो गया। स्थानीय सीतापुर नेत्र चिकित्सालय उद्यान में चल रहे शिविर के समापन सत्र का शुभारम्भ भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिल्पी गुप्ता ने कहा कि योग मय जीवन के साथ ही रोग मुक्त जीवन की कल्पना की जा सकती है। सफल मधुमेह निवारण शिविर के सफलतम आयोजन के लिए सभी को बहुत बहुत बधाई।

संस्थान के जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने सभी साधकों से अपेक्षा की कि सभी लोग योग को नियमित दिनचर्या में सम्मिलित करें। स्वयं भी योग के प्रति

**● नि:शुल्क मधुमेह निवारण शिविर का हुआ समापन**

जागरूक हों और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। पूर्व में अतिथियों का स्वागत शिविर प्रभारी ज्योति गुप्ता, सह प्रभारी बिपिन रस्तोगी, अशोक रस्तोगी ने बैज लगाकर किया। शिविर के अन्तिम दिवस पर रचना चांदना, सौरभ गोयल, राजेश दीक्षित तेजवीर गुप्ता, सरोज कश्यप, जवाहर लाल रस्तोगी व डॉ. सारिका अग्रवाल ने मधुमेह से सम्बंधित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। शिविर संयोजन में ललित मोहन, डॉ. राजेन्द्र कुशवाहा, संध्या गुप्ता, बिपिन रस्तोगी, सर्वेश चन्द्र मिश्र धांधू, आलोक दुबे, अनामिका अवस्थी व कौशल शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। जिला मन्त्री कवि डॉ. इन्दु अजनबी के संचालन में हुए आयोजन में प्रमुख रूप से जीसी मिश्रा, प्रमोद पांडेय, प्रवीण मिश्रा, एनसी त्यागी, राकेश मिश्रा, आशाराम गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, राजकुमारी, विमला गुप्ता, सावित्री देवी, विजय बहादुर, स्वतंत्र रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, अर्चना दीक्षित, दीपक मौर्य, मधु सक्सेना, ऋतु सिंह, गीता सिंह, आशी वर्मा, निशा वरनवाल, राजवीर यादव, सुमन सिंह, आदर्श कुमार दीक्षित, वीरेन्द्र शर्मा, रेनू मौर्य, निर्मला मौर्य, मिथिलेश त्यागी, सानिया, लीना सागर, वेद प्रकाश अग्रवाल, विनोद कुमार सिंह, रामेंद्र मिश्रा व पंकज मिश्रा, रोली सुनीता सूरी, पूनम कश्यप, माया द्विवेदी, आरती तिवारी, शोभा गुप्ता, अनामिका मिश्रा, सोनम शर्मा, सन्तोष विश्वकर्मा, रिशु त्रेहन, बबली गुप्ता, पंखुड़ी गुप्ता, रेनू मौर्या, रामेन्द्र मिश्रा, संजीव सक्सेना, राखी गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, समेत अनेक साधक साधिकाओं ने शिविर का लाभ लिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 02 जून 2025
विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष- सप्तमी

## खतरनाक मोड़ में संक्रमण

कोविड की तेजी से बढ़ती रफ़्तार देश के लिए एक बार फिर चिंता का कारण बन गई है। 1 जून को स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 3,783 तक पहुंच गई है और यह दर इसी रफ़्तार से बढ़ती रही तो बहुत जल्द 10000 का आंकड़ा भी छू सकती है। चिंताजनक बात ये है कि केवल कोविड संक्रमितों की रफ़्तार ही नहीं बढ़ रही है बल्कि कोविड से मौतों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है और 1 जून तक ये 28 का आंकड़ा छू चुकी है जिनमें से 21 मौतें सिर्फ दो दिन में हुई हैं। बेंगलुरु में एक 63 साल के व्यक्ति की मौत हुई है, जिसे वैक्सीन और बूस्टर डोज दोनों लग चुके थे। इसी तरह दिल्ली और केरल से भी बुजुर्गों की जान जाने की खबर आई है। उप्र के नोएडा में भी एक मौत संक्रमण से हो चुकी है। महाराष्ट्र और केरल दोनों में अब तक 7-7 लोगों की मौत हो चुकी है। कोविड के सर्वाधिक मामले अब भी सबसे ज्यादा केरल से सामने आ रहे हैं, जहां 1,400 लोग संक्रमित हैं जबकि महाराष्ट्र में 485, दिल्ली में 436, गुजरात में 320 और पश्चिम बंगाल में 287 एक्टिव केस हैं। सिर्फ बीते 48 घंटों में 1,000 से ज्यादा नए मरीज मिले हैं। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर की ओर से निरन्तर ये कहा जा रहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। कोविड के ताजा वैरिएंट अधिक खतरनाक नहीं है लेकिन यह भी साथ में कहा जा रहा है कि जो लोग कोविड 19 के समय टीके लगवा चुके हैं उन्हें भी कोविड के नये वैरिएंट से खतरा है। आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट में भारत में कोविड के चार नए वैरिएंट LF.7, XFG, JN.1 और NB.1.8.1 सामने आए हैं। बाकी दुनिया की तरह भारत में भी JN.1 अभी सबसे ज्यादा फैलने वाला वैरिएंट है, जो कुल टेस्टिंग में 50% से ज्यादा मामलों में पाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इन वैरिएंट्स को अभी खतरनाक तो नहीं माना है लेकिन निगरानी की श्रेणी में रखा है। लेकिन ये ध्यान रखने की जरुरत है कि कोविड 19 के समय भी स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसी तरह की तजवीजें जारी की थी और अचानक कोविड संक्रमितों की संख्या हजार और फिर लाखों में पहुँचते ही हाथ खड़े कर दिए थे। बहरहाल, ये बात इसलिए कही जा रही है कि नागरिक नये वैरिएंट के प्रति उदासीन न रहें। नए वेरिएंट्स के कारण संक्रमण के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे सरकार और स्वास्थ्य विभाग सतर्क हैं पर यह सतर्कता निजी स्तर पर भी बरती जाना जरुरी है। jn -1 के अतिरिक्त इस बार NB.1.8.1 और LF.7 जैसे नए ओमिक्रॉन सबवेरिएंट्स के कारण संक्रमण तेजी से फैल रहा है। NB.1.8.1 वेरिएंट पहली बार चीन में पाया गया था और अब यह भारत सहित अमेरिका, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया में भी फैल चुका है। इस वेरिएंट की खासियत इसकी तेजी से फैलने की क्षमता है, हालांकि इसके लक्षण ज्यादातर मामलों में हल्के ही हैं। फिर भी देशवासियों को सतर्कता बरते जाने की जरुरत बार-बार कही जा रही है। खासकर, बुजुर्गों, बच्चों और फेफड़ों की बीमारियों से पूर्व में पीड़ित मरीजों का तो खास ध्यान रखा जाना जरुरी है। डब्लूएचओ ने इस नए वेरिएंट को 'वेरिएंट अंडर मॉनिटरिंग' की श्रेणी में रखा है, और यात्रा की योजना बना रहे लोगों के लिए निर्देश दिए हैं कि वे यात्रा पर जाना जरुरी ही समझते हैं तो पहले खुद को और फिर दूसरों को सुरक्षित रखें।

## घर में है बवाल !


कृष्णेन्द्र राय

उथल पुथल है मचा ।
घर में है बवाल ।।
सिलसिला है जारी ।
जनता करे सवाल ।।
घटित जो स्वाभाविक ।
क्या इसमें कुछ चाल ?
दाल में कुछ काला ।
या काली ही दाल ?
है चुनावी बेला ।
घूम रहे हैं प्रश्न ।
है सचमुच तकलीफ ?
या पूरा ही जश्न ।।
लेता कोई मजे ।
दिखते कुछ गंभीर ।।
इधर उधर से लेकिन ।
चल रहे हैं तीर ।।

## सूडोकु नवताल- 7448

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7447 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# सैन्य पराक्रम को ले की जाने वाली राजनीति हो सकती घातक


तनवीर जाफरी

**पहलगाम में हुये पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किये गये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है।**

निश्चित रूप से हमारे सैनिकों खासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊँचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औकात को समझ चुका है। परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल जरूर उठाये जा रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किये जा रहे हैं। उधर भारत की तरफ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य जिम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुनः शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं। और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आँखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिये हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गयी अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं।



पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुये स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया और साफ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत करते वक़्त ही हमें पता होता है कि ये सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि - मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब वायुसेना मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है।

दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलायी गयी अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फायदे गिनाने में लगी है। परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिये चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71% पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हजार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थायी समिति को दी गयी जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद खाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गयी थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए 'अग्निवीर' के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25% अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थायी रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को 'सेवा निधि पैकेज' के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपये और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किये जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।

इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर जोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थायी सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य जरूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन यह स्थायी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्येक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80% की कमी देखी गई।

लिहाजा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाये सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाये और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाये क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है। ऐसे में सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति घातक साबित हो सकती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# 'आपरेशन सिंदूर' के बाद 'आपरेशन बंगाल' की चुनौती




देश की राजनीति निम्न स्तर की चरम सीमा पर पहुंचती जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर भी लोकप्रियता की ऊंचाइयां पाने की मंशा में पागल हो चुके चन्द राजनेताओं ने अपनी भाषा, हावभाव और आचरण से देश की अस्मिता को तार-तार करना शुरू कर दिया है।

'आपरेशन सिंदूर' तक पर विपक्षी दलों ने मनमाने आरोप लगाना शुरू कर दिये हैं। प्रमाणिकता की परिधि से कहीं दूर जाकर सोशल मीडिया पर उत्तेजनात्मक संवाद, दृश्य और दृष्टान्त डलवाये जा रहे हैं ताकि सामाजिक एकरसता को विभाजित करके चौधरी बना जा सके। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निजी जिन्दगी तक को निशाने पर लिया और सेना के पराक्रम पर केन्द्रित 'आपरेशन सिंदूर' की तर्ज पर 'आपरेशन बंगाल' करने की चुनौती तक दे डाली। अतिगम्भीर आरोपियों का पक्ष लेकर राज्य सरकार ने संदेशखाली में महिलाओं का यौन शोषण, जबरन वसूली, जमीन हड़पने जैसे आपराधिक कृत्यों के आरोपियों को कथित रूप से बचाने हेतु उच्चतम न्यायालय तक के दरवाजे पर दस्तक तक दी थी। राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत की गई याचिका पर सवालिया निशान लगाते हुए जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की बेंच ने पश्चिम बंगाल सरकार के वकील अभिषेक सिंहवी से पूछा था कि एफआईआर चार साल पहले दर्ज की गई थी। आरोपी कौन है? गिरफ्तारियां कब की गईं? किसी को बचाने में राज्य सरकार की दिलचस्पी क्यों होना चाहिए? उल्लेखनीय है कि संदेशखाली काण्ड में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख, शिबू हाजरा, उत्तम सरदार, रंजू, संजू सहित अन्य लोगों के नाम उभर कर सामने आये थे। केन्द्रीय एजेन्सियों के कामों में दखल देने से लेकर राज्यपाल की गरिमा तक को प्रभावित करने वाली पार्टी की तानाशाही के सामने देश का संविधान जार-जार आंसू रोता रहा है। मुर्शिदाबाद में 70 प्रतिशत से अधिक पहुंच चुकी मुस्लिम आबादी ने अब वहां जेहादी परचम फहराना शुरू कर दिया है। कश्मीरी हिन्दुओं की तर्ज पर गैर मुस्लिम समुदाय को क्षेत्र छोड़ने की धमकी दी जा रही है।

पश्चिम बंगाल उच्च न्यायालय द्वारा गठित जांच समिति ने मुर्शीदाबाद काण्ड के लिए ममता सरकार को पूरी तरह कटघरे में खड़ा कर दिया हैं। जांच आख्या में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं व्दारा दंगा भड़काने तथा नेतृत्व करने, स्थानीय प्रशासन व्दारा निष्क्रियता बरतने, केवल हिन्दुओं को निशाना बनाने, पुलिस द्वारा जानबूझकर उपेक्षा करने जैसे अनेक खुलासे किये गये हैं। वहां के राज्यपाल सी. वी. आनन्द बोस ने गृह मंत्रालय को भेजी अपनी रिपोर्ट में तो कट्टरपंथ और उग्रवाद को प्रदेश के लिए बड़ा खतरा बताते हुए बंगलादेश की सीमा पर स्थित मुशीर्दाबाद, दिनाजपुर और मालदा जिलों में अल्पसंख्यक हो चुके हिन्दुओं की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह अंकित किये हैं। मुशीर्दाबाद का पूरा घटनाक्रम पहले से निर्धारित षडयंत्र की व्यवहारिक परिणति थी। मालूम हो कि इसी क्षेत्र में 14 दिसम्बर 2019 में सीएए के विरोध में रेलवे स्टेशन, बसों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, हिन्दुओं की दुकानों-मकानों-वाहनों तक में तोड़फोड़-लूटपाट की गई थी। लालगोला और कृष्णापुर स्टेशन पर 5 ट्रेनों में आग लगा दी गई थी। सूती में पटरियां तोड दी गईं थी। उस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मियों पर मूकदर्शक बने रहने के आरोप लगाये गये थे। सन 2024 में रामनवमी उत्सव के दौरान मुर्शीदाबाद के शक्तिपुर क्षेत्र में हिंसा भड़की थी। जुलूस पर छतों से पत्थरों के प्रहार किये गये थे। बंगाल का नार्थ 24 परगना, कोलकता, हावडा, साउथ 24 परगना, मालदा, मुर्शीदांबाद जैसे अनेक जिले मुस्लिम बाहुल्य हो गये हैं।

गैर मुसलमानों को निरंतर प्रताड़ित किया जा रहा हैं। कहा जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में असोमोयेर अलोर बाटी तथा गोल्डन स्टार ग्रुप जैसे संगठन बनाकर राजेश शेख, बशीर शेख, महबूब आलम, कौसर तथा मुस्तकिन जैसे असामाजिक तत्व तृणमूल कांग्रेस के नेता बनकर सरकारी संरक्षण में सिमी, पीएफआई आदि प्रतिबंधित संगठनों के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। ब्लड डोनेशन कैम्प, कल्याणकारी योजना, लाचारों की सहायता, जरूरतमंदों को सामग्री की आपूर्ति जैसे दिखावटी आयोजनों से कट्टपंथी विचारधारा वालों को चयनित कर-के उन्हें देशद्रोही अभियान में झोंका जा रहा है। समूचे देश में सीमापार से चलाये जा रहे खतरनाक षडयंत्रों को यदि समय रहते नेस्तनाबूद नहीं किया गया तो आन्तरिक कलह की संभावना बढ़ते समय के साथ बलवती होती चली जायेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# नीचता, गलीचता से महानता तक...


पवन सिंह

घटिया, नीच और गलीच...की भी अपनी महानता के उच्च मापदंड हुआ करते हैं। जब दौर ही सोच से गलीचों व नीचों का चल रहा हो तो उसमें भाषा में ‘प्रेम’ और 'तर्क' खोजे तो खोजे कौन? मूर्खता की प्रचंडता के इस स्वर्णिम बेला में हर एक 'सीवेज चिंतन' वाला जब भी मुंह खोलेगा तो आपको ऐसा एहसास होगा मानों किसी सफाईकर्मी ने बहुत दिनों से मानव मल-मूत्र से जाम सीवेज का ढक्कन 'प्रेम के शुक्ल पक्ष' में खोल दिया हो। ऐसा 'प्रेममयी मुंह' और उससे 'रिसती मवादीय भाषा' ताजा मानवीय मल की तरह चैनलों के स्टूडियो से निकल कर पूरे वातावरण में लगभग हर रोज शाम को एक निश्चित एजेंडा के तरह फैलाई जा रही है।

प्राइम टाइम के वक्त लश्कर-ए-मीडिया के 'भाषाई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट' बंद रहते हैं। समूचे गोबरपट्टी या गोबरालैंड को रोज ऐसे ही भाषाई लंपटों की लंपटई के हवाले कर दिया जाता है। इस लंपटई, उठाईगिरी और उठाईगीरों की फौज को खड़ा करने में कई सालों की मेहनत और अथाह पैसा लगा है। लंपटई में किया गया यह निवेश अब जाकर फल दे रहा है। पूरे गोबरालैंड के समाज के भीतर फर्जी राष्ट्रवाद, फर्जी ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक नफरतों का ऐसा सैलाब आया हुआ है कि जैसे ही तथ्यान्वेषण होना आरंभ होता है तुरंत ‘प्रेममयी’ भाषा में जवाब आ जाता है।

हमने सत्ता के लिए जाने-अनजाने, समाज के भीतर इतना विष घोल दिया है कि वह अब भयावह रूप में प्रगट हो रहा है... कहीं किसी न्यायालय परिसर में मूर्तियों की स्थापना को लेकर दो धड़े आमने-सामने आते हैं तो कहीं घोड़े से दलित को उतार कर उसकी पिटाई कर दी जा रही है, कहीं निम्न वर्ग द्वारा डीजे बजाने को लेकर हमले हो रहे हैं तो कहीं सत्ता प्रशासन मात्र इसलिए बुल्डोजर न्याय कर रहा है क्योंकि वहां एक धर्म विशेष के लोग ज्यादा हैं। कोई सवाल नहीं कि, सालों-साल इन तथाकथित अवैध बस्तियों को बिजली व पानी कनेक्शन कैसे मिलता रहा? राशन कार्ड कैसे बनते रहे? हाउस टैक्स क्यों लिए जाते रहे? कांधे पर स्टार बढ़वाने, मलाईदार पोस्टिंग पाने और प्रमोशन की लालसा इतनी 'प्रेममयी' भाषा की तरह हो जाएगी कि न्याय, मानवीय संवेदनाओं और सरोकारों का भी कोई हिस्सा जीवित न रह पायेगा?

जैसे ही सत्ता समर्थित छिछलेदार चीकट 'प्रेममयी' किसी व्यक्ति से आप तार्किकता पर आते हैं, वह असहज और असहाय सा हो उठता है। क्योंकि जब बर्तन में कुछ नहीं होता तो वह आवाज बहुत करता है। विगत दो दशकों में 'भाषाई फूहड़ आतंकवादियों' का एक पूरा गिरोह तैयार किया गया है और यह पूरा का पूरा गिरोह विशुद्ध रूप से अनपढ़ों और गंवारों का है। चूंकि इनके पास तथ्यात्मक रूप से कुछ होता नहीं है इसलिए जैसे ही फंसते हैं ये गटर खोलते हैं। इनके पास इसका कोई जवाब नहीं है कि इनके एक खास गैर राजनीतिक संगठन ने आजादी की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी? ये संगठन हिन्दू हित की बात तो खूब करता है लेकिन उसकी वेशभूषा आज तक विदेशी क्यों है? सुभाषचन्द्र बोस जब आजाद हिन्द सेना का गठन कर रहे थे, तब इस संगठन ने भारतीय युवाओं को सेना में शामिल होने से क्यों रोका ? इनके एक 'बहादुरकर' ने अंग्रेजों को 6 माफीनामे क्यों लिखे? जबकि उसी जेल में 436 लोग और थे.. सिर्फ इन्होंने ही क्यों माफीनामे लिखे? ऐसी क्या आफत थी? 'प्रेमभाषा' से अगर यह सवाल किया जाए कि 1925 में प्रथम अधिवेशन में द्विराष्ट्रवाद के सिद्धान्त (१) हिन्दू राष्ट्र (२) मुस्लिम राष्ट्र का प्रस्ताव क्यों पारित किया गया, जबकि इनका मानस संघटन आज अखंड भारत की बात करता है। वर्ष 1942 में असहयोग आंदोलन का मानस संगठन ने बहिष्कार क्यों किया? मानस संगठन का यह पत्र सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है जिससे आज की पीढ़ी इनके सच को जान सके। गांधी जी इतना क्यों चुभते थे कि उनकी हत्या के पांच असफल प्रयास किये गये? मानस संगठन के 'प्रथम अगुवा' ने हिंदुओं से यह अपील क्यों की कि वे अपनी ताकत का इस्तेमाल अंगेजों के खिलाफ न करते हुए देश में मुस्लिम, क्रिश्चियन और दलितों के खिलाफ करें..? 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ तब मानस संगठन के लोगों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को अपने पैरों तले क्यों कुचला? क्रान्तिकारी लीलाधर वाजपेयी के खिलाफ गवाही किसने दी? जिससे उन्हें 2 साल का कठोर कारावास हुआ। मानस संगठन और इससे उपजे दल ने पिछड़े, दलित, आदवासियों के नासिक स्थित काला राम मंदिर में प्रवेश मुद्दे पर डॉ. आंबेडकर का जबरदस्त विरोध क्यों किया ? साल, 1925 से 1947 के बीच वन्देमातरम् का नारा लगाने से परहेज क्यों रहा? मानस संगठन के प्रमुख कभी दलित, आदिवासी या पिछड़ा वर्ग से क्यों नहीं बने? ये हिंदू हैं भी या काम चलाऊ हैं? नागपुर में तिरंगा फहराने पर तीन युवाओं के खिलाफ एफआईआर क्यों? इन सवालों के जवाब जाहिर है 'प्रेमो टाइप्स' चेपुओं के पास नहीं हैं...!

आइए वर्तमान में ही आ जाएं तर्कों के साथ...यहां भी कोई सार्थक जवाब नहीं है सिवाय तेरी मां..तेरी चाची..तेरी बहन जी के अलावा... भारत के व्यापार को चीन खा गया क्या किया सरकार ने? चीन एक ऐसा देश है जो भारत से अरबों डॉलर का व्यवहार करता है लेकिन पालता-पोसता पाकिस्तान को है। आश्चर्य है कि भारत की चीन से ऐसी क्या एंडी फंसी है कि सब कुछ लुटा के भी होश में न आया जा रहा है। यह कौन सी मोहब्बत है जो लुट रही है लेकिन उफ तक न कर रही है। चीन से भारत का आयात लगातार बढ़ रहा है, एक रिपोर्ट के अनुसार, जिसमें 2023-24 में 101.73 बिलियन डॉलर का आयात हुआ था, जो 2022-23 के मुकाबले 3.28% अधिक है. भारत ने 2024-25 में रिकॉर्ड 113.45 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो कि पिछले साल की तुलना में 11.52% अधिक है। है कोई जवाब या वही एक 'प्रेमामयी' शब्द है तेरी।

'चाल, चरित्र और चिंतन' के सड़क छाप टपोरी प्रवक्ताओं के पास दरअसल न तथ्य हैं न कथ्य हैं..सिवाय नफरत और झूठ के खांचों के सिवाए... पिछले एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे? नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30% से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे? रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों? राफेल मंहगा क्यों खरीदा गया? फ्रांस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की? गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है..यह बहुत बड़ा खतरा है.. इस पर खामोशी क्यों? सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है? 'एक पेड़ मां के नाम' का फ्राड और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ? बेरोजगारी चरम पर क्यों? 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं? मंहगाई पर लगाम क्यों नहीं? शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है? हर ओर निजीकरण क्यों? 32 गुजराती देश की बैंकों का अरबों-खरबों लेकर आराम से कैसे भागे? सरदार पटेल और भगत सिंह के भाषणों को तोड़कर, उसमें मिलावट कर झूठ परोसने वाले...सच से असहज होकर सीधे तेरी मां... तेरी चाची... तेरी बहन... की 'प्रेमकथा' वाचन करने वाले बौद्धिक स्तर पर कितने खोखले हैं कि जब भी मुंह खोलते हैं कोयल और कौवे का फर्क समझ आ जाता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष:** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृष:** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**मिथुन:** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**कर्क:** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंह:** पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या:** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**कुंभ:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। लेदेकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा होगा।

**मीन:** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# नगर निकाय के कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : जिलाधिकारी

## जिन जगहों पर अभी तक लाइटें नहीं लग पाई हैं, उन स्थानों पर अतिशीघ्र लाइटें लगवाने के दिए निर्देश



**बरेली, 01 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में नगर निकायों के टाइड-अनटाइड की धनराशि की कार्ययोजना/वंदन योजना/ मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना/मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निकायों में जो भी कार्य किये जायें उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने समस्त ई.ओ. को निर्देश दिये कि जिन जगहों पर अभी तक लाइटें नहीं लग पाई हैं उन स्थानों पर अतिशीघ्र लाइटें लगवाई जाएं और नगर निकायों में जो वाटर कूलर लगवाए जाएं वह उच्च क्वालिटी के लगाए जायें। बैठक जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निकायों के शौचालय में टाइलीकरण का कार्य तथा साफ-सफाई उचित प्रकार से कराई जाए।

समस्त ई.ओ. को निर्देश दिये गए कि जिन मन्दिरों तालाब बने हुए है उनकी निरन्तर साफ-सफाई करायी जाये एवं मन्दिर के आस पास पेड़ पौधे भी लगवाए जाएं। इसके साथ ही समस्त नगर निकायों में सफाई हेतु सफाई कर्मियों को जूते तथा ड्रेस उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, समस्त ईओ सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महापौर ने भूमि पूजन कर किया शिलान्यास



**फिरोजाबाद, 01 जून (तरूणमित्र)।** रविवार को वार्ड नं 12,35,13 में एन कैप योजना के अंतर्गत विकास कार्यों का महापौर कामिनी राठौर ने भूमिपूजन करके शिलान्यास किया इन क्षेत्रों में बनने वाली गलियों में लाखों की कीमत से कार्य का किया जाना है, जिसमें वार्ड नं 12 के ककरऊ कोठी क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय से बंबा बाईपास तक एवं कोमल के घर से शर्मा के होते हुए श्री प्रसाद तक कच्चे मार्ग का सीसी निर्माण कार्य 69.24 लाख की लागत से किया जाएगा जिसके साथ वार्ड 35 के तहसील रोड बलदेव नगर में टोनी से डायमंड, अजंता प्रेस से संजय गुप्ता तक कच्चे मार्ग का सीसी निर्माण कार्य 51.14 रुपए की लागत से किया जाएगा साथ ही साथ वार्ड नं 13 के जैन नगर में काली की चक्की से रामदास तक सीसी निर्माण 14 लाख की लागत से किया जाएगा महापौर कामिनी राठौर ने बताया कि बरसात को देखते हुए कार्य में देरी न करते हुए लगातार गलियों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जा रहा है। जिससे बरसात के दिनों में दिक्कत का सामना करना पड़े साथ ही ठेकदारों से कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें जिसके लिए लगातार कहा जा रहा है , अगर ठेकेदार के खिलाफ कार्य में कोई भी गड़बड़ी की शिकायत आती है।

तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। शिलान्यास के दौरान सदर विधायक मनीष असीजा,पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा,महानगर अध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर, नानक चंद्र अग्रवाल, रामनरेश कटारा, विनोद पचौरी, पार्षद राजेश यादव, अभिनेंद्र यादव श्याम सिंह यादव,ऊषा शंखवार, अनिल शंखवार अनुपम शर्मा,आशीष यादव, आकृति,निकुंज शुक्ला, गुड्डा पहलवान आदि लोग उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**फिरोजाबाद, 01 जून (तरूणमित्र)।** ग्राम कुरीर्कूपा मे आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक साध्वी पूजा ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक साध्वी पूजा ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की, भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है, कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गये।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**फिरोजाबाद, 01 जून (तरूणमित्र)।** थाना सिरसागंज क्षेत्र के माहिदपुर मैं शनिवार की शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पुलिस को दी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है माहिदपुर निवासी 24 वर्षीय हेमलता पत्नी जयचंद उर्फ टिंकू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता कचोरा घाट निवासी राकेश कुमार ने बताया उन्होंने अपनी पुत्री हेमलता की शादी 3 वर्ष पूर्व माहिदपुर निवासी जयचंद के साथ की थी, उनकी पुत्री काफी समय से बीमार चल रही थी।

# निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित शिकायतों का अति शीघ्र करें निस्तारण : डीएम

## जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की मासिक समीक्षा



**बरेली, 01 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का अतिशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये।

बैठक में पाया कि परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण तथा वर्षा के समय जलभराव की समस्या आए दिन आती है, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम तथा अधिशासी अभियन्ता राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिये कि उद्यमियों की जो भी समस्याएं हैं उनका त्वरित निस्तारण करें। बैठक में उद्यमी द्वारा अवगत कराया गया कि बरेली से बहेड़ी तक के आबादी वाले क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं लेकिन रिछा रोड पर अभी तक स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हुई है, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को शीघ्र लाइटें लगाए जाने के निर्देश दिये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, उद्यमीगण सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेलवे समिति ने अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती हर्षोल्लास से मनायी




**फिरोजाबाद, 01 जून (तरूणमित्र)।** जनपद के टूण्डला रेलवे स्टेशन रोड स्थित मनोरंजन कक्ष में शनिबार को पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती रेलवे समिति के सदस्यों ने हर्षोल्लास के बीच मनायी कार्यक्रम का शुभारंभ रिटायर्ड रेल कर्मी देशराज सहदेव व समाज सेवी डॉ. सत्यप्रकाश द्वारा लोकमाता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया ,और संचालन कर्षण लोको नियंत्रक देवकीनंदन बघेल द्वारा किया गया, इस अवसर पर लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन चरित्र पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रकाश डाला और उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम उपरान्त विभिन्न क्षेत्रों व स्कूली कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान रेल कर्मी सुनील बघेल, विनोद बघेल, दलवीर सिंह, राकेश ,जगदीश, पवन ,राजेश ,यशपाल, राहुलपाल, दुर्वेश ,पंकज, सत्यवीर, बैजनाथ ,गुड्डू ,जुगेंद्र, राजकुमार विकास प्रेमबाबू रविन्द्र हेमंत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों के प्रति लोगों को करें जागरूक-एएसपी

**बिजनौर, 01 जून (तरूणमित्र)।** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेई द्वारा यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने हेतु प्रयास करने तथा आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गोष्ठी में जनपद के यातायात प्रभारी एवं समस्त यातायात पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेई ने सभी यातायात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने, प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक संचालन को सुदृढ़ करने, स्कूल/कॉलेजों के पास यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, अवैध पार्किंग पर नियंत्रण, ओवरलोडिंग व तेज गति से वाहन चलाने वालों पर नियमित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ।

# चिराग सोसायटी ने अपर पुलिस अधीक्षक व सहायक श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**फिरोजाबाद, 01 जून (तरूणमित्र)।** चिराग सोसायटी के अध्यक्ष डॉ जफर आलम ने फिरोजाबाद के कारखानों में कार्यरत श्रमिको की सुरक्षा को लेकर एक ज्ञापन अपर पुलिस अधीक्षक एवं सहायक उपायुक्त को सौपा है जिसमे उन्होंने कृषि कार्य मे आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली जैसे असुरक्षित वाहनों में श्रमिकों को लाने -ले जाने पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है डॉक्टर जफर आलम ने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिको को ट्रैक्टर ट्रॉलियों जैसे असुरक्षित और गैर कानूनी साधनों के द्वारा फैक्ट्री स्थल तक ले जाया जा रहा है। जो मोटरयान अधिनियम का खुला उल्लंघन है, बल्कि श्रमिको के जीवन के लिये भी अत्यंत जोखिम भरा है।

उन्होंने कहा है, कि प्रतिदिन सुबह - शाम कारखाने में कार्य करने वाले श्रमिको को ट्रैक्टरों ट्रॉलियों में ठूँस - ठूँस कर बैठाकर कार्य के लिये ले जाया जाता है। जिसमे सुरक्षा की दृष्टि से न तो शीट बेल्ट होती है, और न ही छत एवं न ही कोई आपातकालीन सुरक्षा के उपाय जिसकी बजह से कई घटनाओं में श्रमिकों ने अपनी जान भी गवाई है।

# राजश्री कालेज में वृहद पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

**रिठौरा- बरेली, 01 जून (तरूणमित्र)।** राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टैक्नोलॉजी में शनिवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संस्थान परिसर में वृहद पर्यावरण जन- जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन एवं विकल्प पर पर्यावरणविदों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अरुण कुमार, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, लखनऊ, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी चंद्रेश कुमार, संस्थान के सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, ट्रस्टी डॉक्टर अजय कुमार अग्रवाल, पीयूष गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने पर्यावरण संरक्षण के उपायों से संग्रीहित पर्यावरण से परिचय पुस्तिका का विमोचन किया। सम्बोधन में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से पारिस्थिक तंत्र को बचाने के लिए हाथ में रखो थैला, देश न करो मैला, का मूल मंत्र दिया। शहर उद्योग जगत से आए उद्यमियों को प्रदूषण जनित कारकों से पर्यावरण को बचाने के लिए उचित निस्तारण की शपथ दिलवायी। संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने औषिधीय गुण युक्त पौधों का रोपे गए। इस दौरान प्लास्टिक जनित प्रदूषण की रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर बाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शिनी के माध्यम से जन जागरण कार्यक्रम द्वारा प्लास्टिक के विकल्पों पर विचार किया गया। आमंत्रित वक्ताओं में संजीव सूरी ने स्वास्थ्य पर प्लास्टिक के खतरे डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया द्वारा धातु उद्योग के लिए स्वच्छ प्रौद्योगिकी, बरेली कॉलेज से डॉक्टर एपी सिंह ने वायु प्रदुषण, कारण, निवारण और जन सहभागिता पर पर्यावरण भारती से डॉक्टर जय प्रकाश सक्सेना ने पर्यावरण संरक्षण और फ्यूचर विश्वविद्यालय से डॉक्टर चारू खन्ना ने सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन पर व्याखान प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने सभी अतिथियों को जूट बैग वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर डीन डॉ साकेत अग्रवाल, निदेशक डॉ पंकज शर्मा, डॉ अनिल कुमार, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी का आयोजन में सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर स्वतंत्र गुप्ता ने किया।




# नोडल अधिकारी ने मरीजों से वार्ता कर सुविधाओं की ली जानकारी




**बरेली, 01 जून (तरूणमित्र)।** विशेष सचिव वित्त विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ व नोडल अधिकारी आकाक्षात्मक विकासखंड फतेहगंज पश्चिमी जयशंकर दुबे ने आकाक्षी विकासखंड में चल रही विभिन्न योजनाओं से संबंधित इंडिकेटर एवं थीम्स को धरातल पर परखने के लिए सीएससी फतेहगंज पश्चिमी विकासखंड कार्यालय सहित कई गांव का भ्रमण किया। नोडल अधिकारी ने ठिरिया खेतल ग्राम पंचायतमें रात्रि चौपाल कर लोगों से रूबरू हुए और शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जनता को प्राप्त हो रहे लाभ के विषय में चर्चा की। रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारी गणों के साथ बड़ी संख्या में जन सामान्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत तीलियापुर में आरोग्य आयुष्मान मंदिर आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय आदि की स्थिति का जायजा लिया। उसके पश्चात ग्राम पंचायत धंतिया में चल रहे एस्ट्रोनॉमी लैब को देखा पुनः दिनांक 31 मार्च 2025 को नोडल अधिकारी द्वारा सीएससी केंद्र फतेहगंज पश्चिमी का भ्रमण किया गया।

जिसमें सभी डॉक्टर एवं स्टाफ के कार्य प्रणाली को जांचा और बरखा गया। साथ ही मरीजों से वार्ता कर उन्हें प्राप्त हो रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। इसके बाद विकासखंड फतेहगंज पश्चिमी में सभी विभागों के साथ नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें उनके द्वारा आकांक्षात्मक विकास खंड में प्रगति के लिए सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही सभी को निर्देश दिए गए जिससे भविष्य में और अच्छा कार्य कर सकें।

# सड़क सुरक्षा अभियान का डिजिटल माडल 'परवाह' बना जन-आंदोलन, रचा कीर्तिमान

**बरेली, 01 जून (तरूणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शासन की मंशा के अनुरूप चलाया गया 'परवाह ' अभियान जन आंदोलन बनकर कीर्तिमान रच रहा है। देश भर में करीब 100 लाख लोग अब तक इस अभियान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ चुके हैं।

एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा के निर्देश पर जोन में 19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक डिजिटल सड़क सुरक्षा अभियान 'परवाह ' ने रिकॉर्ड सफलता अर्जित की है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। बरेली जोन की 11 सोशल मीडिया टीमों की सहभागिता से चलाए गए इस एक महीने के अभियान ने डिजिटल माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर नई लहर पैदा की। बरेली जोन की पुलिस ने अभियान को डिजिटली सशक्त बनाया है।

एक्स और फेसबुक जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया गया। इस अभियान में बरेली जोन के सभी नौ जिले इनमें बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल और बिजनौर के साथ 2 ट्रैफिक पुलिस टीमें (बरेली व मुरादाबाद) भी शामिल रहीं। अभियान को प्रभावी बनाने और सोशल मीडिया टीमों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार घोषित किए गए। अभियान के निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु एक तीन सदस्यीय समिति गठित की गई।

# क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में जिला जज ने बच्चों को सिखाए जज बनने के गुण

**बरेली, 01 जून (तरूणमित्र)।** क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ के प्रांगण में एक भव्य और प्रेरणादायी 'अधिवक्ता पाल्य प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रदेश के विभिन्न जिलों के अधिवक्ताओं के उन होनहार पाल्यों को सम्मानित करने के लिए किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अधिवक्ता समाज का मान बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने अपने उद्बोधन में छात्रों को न्यायिक सेवा की तैयारी हेतु बहुमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई विद्यार्थी जज बनना चाहता है तो उसे शुरूआत से ही लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी में जुट जाना चाहिए। ग्रुप स्टडी करें, नए कानूनों का अध्ययन करें, न्यायालय की कार्यवाही देखकर समझ विकसित करें और मार्गदर्शन के लिए एक योग्य गुरु अवश्य बनाएं। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र की नींव बताते हुए कहा कि जब अधिवक्ता समाज अपने बच्चों को मंच देकर सम्मानित करता है, तो यह केवल पुरस्कार वितरण नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम होता है। बच्चों को ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा माता-पिता व शिक्षकों को बच्चों की सफलता का असली स्तंभ बताया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में कक्षा 12वीं के छात्रों में आख्या शर्मा और उन्नति शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान (95%), जबकि सात्विक गुप्ता ने द्वितीय स्थान (90%) प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में सूर्यवंशी जैन ने प्रथम स्थान (98.80%), मोहम्मद हसनैन खान ने द्वितीय स्थान (95%), तथा सांवि चंद्रा ने तृतीय स्थान (93%) अर्जित किया। गौरतलब है कि अधिकांश छात्र न्यायिक सेवा में जाकर जज बनने की इच्छा जता रहे थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि युवा पीढ़ी अब समाज में न्याय, सत्य और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में चयनित प्रतिभाशाली छात्रों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष शिरीष मेहरोत्रा ने समारोह की सराहना करते हुए कहा कि ह्लयह आयोजन अधिवक्ता समाज की सामूहिक चेतना और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। समारोह का संचालन डॉ. वंकेश कुमार शर्मा एवं शुमाईला अंजुम ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने कॉलेज प्रबंधन की इस प्रेरणादायक पहल की मुक्त कंठ से सराहना की।

# फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**फिरोजाबाद, 01 जून (तरूणमित्र)।** थाना दक्षिण के सुहाग नगर पुलिस चौकी के पास शनिवार की रात एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है थाना लाइन पार के रूपसपुर निवासी 28 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र सुग्रीव सिंह की नगला पचिया में कपड़े की दुकान है, वह रोजाना की तरह अपनी दुकान पर आया रविवार की प्रातः लोगों एक युवक का शव सुहाग नगर पुलिस चौकी के पास पेड़ पर लटका देखा, मौके पर काफी भीड एकत्रित हो गई ,इधर सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी पहुंच गये उन्होंने उसकी पहचान मनोज कुमार पुत्र सुग्रीव सिंह के रूप में की शव को देख परिजन में कोहराम मच गया ,इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई ,जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# आईवीआरआई में विश्व दुग्ध दिवस का किया आयोजन




**बरेली, 01 जून (तरूणमित्र)।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्व दुग्ध दिवस का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत रविवार को विभिन्न गतिविधियों जैसे दूध से बने परंपरागत एवं स्वास्थ्यवर्धक दूध उत्पाद बनाने की प्रत्योगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ए आर. सेन ने विभाग के सभी वैज्ञानिको, छात्र/ छात्राओं को कार्यक्रम में बढ़-चढ़ हिस्सा लेने पर धन्यवाद देते हुए यह बताया कि विश्व दुग्ध दिवस सिर्फ. एक उत्सव नहीं बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जो दूध को एक महत्वपूर्ण, सुलभ खाद्य स्रोत के रूप में उजागर करता है जो अरबों लोगों को पोषण देता है। दूध आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है जो हड्डियों के स्वास्थ्य, विकास और प्रतिरक्षा कार्य का समर्थन करता है, जिससे यह बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है। 1 जून को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला विश्व दुग्ध दिवस देशों, संगठनों और समुदायों को कृषि, आर्थिक विकास और वैश्विक स्वास्थ्य पर डेयरी क्षेत्र के प्रभाव को पहचानने और बढ़ाने के लिए एकजुट करता है। इस वर्ष दुनिया भर में पोषण, स्वास्थ्य, व आर्थिक उतर-चढ़ाव में दूध व दुग्ध उत्पाद के महत्व को समझाना है।

दूध से बने परंपरागत एवं स्वास्थ्यवर्धक दूध उत्पाद बनाने की प्रत्योगिता में कुल 30 प्रतिभागियों ने 13 दुग्ध उत्पादों को प्रद्रशित किया जिसका मूल्यांकन विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। प्रतिभागियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में बनने वाले दुग्ध उत्पादों को बनाया एवं प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में एक रंगोली प्रत्योगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे संस्थान के छात्रों ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिक डॉ आई. प्रिंस देवदासन, डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ.सुमन तालुकदार एवं डॉ. सागर चंद भी उपस्थित रहे।

# डीएम ने चंद्रमा ऋषि आश्रम परिसर का किया स्थलीय निरीक्षण



**आजमगढ़, 01 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-।। ने कहा जनपद स्तरीय योग का आयोजन पौराणिक/ऐतिहासिक/धार्मिक/पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल सिलनी नदी के तट पर स्थित चंद्रमा ऋषि आश्रम पर आयोजित कराया जाए।

उन्होंने कहा कि चंद्रमा ऋषि आश्रम परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा आपसी समझ में स्थापित करते हुए सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश देते हुए कहा कि नदी को कम से कम 200 मीटर तक जाल डालकर साफ एवं स्वच्छ बनाया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आजमगढ़ को योगा करने के लिए तत्काल मुख्यालय स्तर पर तीन पार्कों का चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चयनित योगा पार्कों में समस्त तैयारियां 10 दिन के अंदर पूर्ण कर ली जाए।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश कल सायं कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह की तैयारी की समीक्षा बैठक में देते हुए कहा कि जनपद में अधिक से अधिक स्थान

**❑ जिलाधिकारी ने की 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह की तैयारियों की समीक्षा**

पर योग संगम का आयोजन हो, इसके लिए शहर, तहसील, गांव, कस्बे, शैक्षणिक संस्थानों, सामुदायिक भवनों, पार्कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों की पहचान चिन्हित कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी को तत्काल योग कराने वाले पर शिक्षकों की सूची बनाकर प्राथमिकता के आधार पर प्रमुख स्थानों पर तैनाती करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं माध्यमिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त स्कूलों, समस्त प्राइमरी एवं माध्यमिक स्कूलों में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह के अन्तर्गत योग कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि स्कूल खोलने के लिए यदि आवश्यकता हो तो लिखित में परमिशन ले लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष ऐप को अधिक से अधिक लोगों में डाउनलोड कराना भी सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि योग करने की विभिन्न मुद्राओं में फोटो खींचकर पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह के प्रथम दिन 15 जून 2025 को उचित स्थल का चयन करते हुए उद्घाटन समारोह आयोजित कराया जाए। शुभारंभ किए जाने हेतु जनपद मुख्यालय, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए, जिसमें ग्राम प्रधानों एवं अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनके द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, एसपी सिटी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला पंचायत राज्य अधिकारी कुंवर सिंह यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आजमगढ़, परियोजना निदेशक, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बकरी चोरी की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार



**फतेहपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों पौली गांव में चोरों ने बकरी चोरी घटना को अंजाम दिया था। जिसका पुलिस ने खुलासा कर वांछित अभियुक्त को कुछ नगदी के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते माह बकरी चोरी की घटना पर क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय खागा के आदेश पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल व आरोपियों की तलाश जारी कर दी थी। मुखबिर की सूचना आधार पर चकिया तिराहे के पास से घटना में वांछित नाजिम खान पुत्र सलीम मोहम्मद निवासी ग्राम बरहटा थाना खखरेरू को पुलिस में गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास से बकरी बेचने से प्राप्त धनराशि का शेष 3500 रुपए नगदी प्राप्त हुआ। साथ ही अभियोग में उपरोक्त मुकदमे में चोरी का माल बेचने की धारा बढ़ाते हुए थाना स्थानीय पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पश्चात न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अमित कुमार, प्रहलाद यादव, योगेंद्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश यादव, कांस्टेबल राजकुमार मौजूद रहे।

# शिक्षामित्र संगठन ने बैठक कर प्रदेश कोषाध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि



**फतेहपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के आह्वान पर पूर्व घोषित समयानुसार नहर कालोनी प्रांगण में रविवार को महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी के साथ सभी शिक्षामित्र साथियों ने अपने संगठन के पितामह दिवंगत नेता प्रदेश कोषाध्यक्ष स्व0 रमेशचन्द्र मिश्रा की याद में दो मिनट का मौन रखते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रार्थना किया कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करते हुए अपने श्री चरणों मे स्थान दें।

बैठक का संचालन अजय सिंह ने किया। जिलाध्यक्ष ने सभी साथियों को शिक्षामित्र विषय पर शासन व विभाग में चल रही वर्तमान की गतिविधियों व संगठन द्वारा की जा रही पैरवी से भी अवगत कराया गया।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन का प्रयास सार्थक व सही दिशा में चल रहा है, ईश्वर की कृपा से प्रयास सफल होगा और जल्द ही स्थानांतरण व मानदेय वृद्धि जैसी समस्याओं का समाधान होगा। इस मौके पर अजय सिंह, अखिलेश गुप्ता, ओम पटेल, भानू सिंह, विशाल शुक्ला, सुनील मिश्रा, लालू मिश्रा, मनोज गुप्ता, रामसुमेर, रामानन्द, अनिल श्रीवास्तव, आशुतोष द्विवेदी, अतर राजावत शिव सिंह, नीता द्विवेदी, मिथलेश देवी, माया देवी, शशिकांती, सतेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र, मनोज यादव, अन्नपूर्णा शैलेन्द्र वर्मा भी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फतेहपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** सदर कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार रविवार को सदर कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय अपने उपनिरीक्षक विनीत कुमार उपाध्याय, कांस्टेबल विजय वीर चैधरी व कांस्टेबल अनीस यादव के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे। तभी पुलिस ने थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 145/2025 धारा 64 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त योगेन्द्र कुमार पुत्र शोभालाल बिन्द निवासी खपटिहा थाना कौंधयारा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# तीर्थ नगरी ब्रजघाट होगा जाम से मुक्त, एनएचएआई ने बनाया प्लान

**गढ़मुक्तेश्वर, 1 जून (तरुण मित्र)।** यूपी के हरिद्वार कहे जाने वालें ब्रजघाट में त्यौहारों पर भीषण जाम को देखते हुए एनएचएआई ने आठ किमी लम्बें बाईपास निर्माण व एक नये पुल के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजा हैं। जिससे समस्या का समाधान हो सकें।

बताते दे कि हरिद्वार के उत्तराखंड में जाने के बाद दिल्ली, एनसीआर व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तीर्थनगरी गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट स्थित गंगा में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान,पंजाब व अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं गंगा-स्नान करने व अंतिम क्रिया करने के लिए आते हैं। जिस कारण ज्यादातर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता हैं।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण ने 2024 में




ब्रजघाट में बाईपास बनाए जाने का प्रस्ताव भी तैयार किया था, परन्तु कमी रह जाने के कारण मंजूरी नहीं मिली पाई थी। प्राधिकरण ने अब दोबारा प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार इस बाईपास के अलावा ब्रजघाट में गंगा नदी को पार करने के लिए पहले से ही बने पुल की पूर्व दिशा में एक और पुल बनाया जाएगा। पूर्व में किए गए सर्वे के मुताबिक बाईपास ब्रजघाट में श्मशान घाट के आसपास से होकर गुजरेगा, जो ब्रजघाट से कुछ दूर दिल्ली हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा के पास हाईवे को जोड़ेगा।

**❑ ब्रजघाट में जाम की समस्या के समाधान के लिए एनएचएआई ने आठ किमी लम्बें बाईपास निर्माण व एक नये पुल के लिए भेजा प्रस्ताव**

# ग्राम विकास अधिकारी संघ का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**सुलतानपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** ग्राम विकास अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा सुलतानपुर का वार्षिक अधिवेशन रविवार को विकास भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से ग्राम विकास अधिकारियों ने भाग लिया। अधिवेशन की अध्यक्षता संरक्षक चंद्रभूषण तिवारी और गुलाब चंद्र मिश्र ने की, जबकि चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी सुरेंद्र कुमार तिवारी की देखरेख में सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है जिसमे राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष, कृपा शंकर शुक्ला महामंत्री ऋषि मिश्रा प्रांतीय प्रतिनिधि, जितेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष,श्रीमती सुमित्रा महिला उपाध्यक्ष,रमेश कुमार मौर्य संगठन मंत्री,सचिन कुमार गौड़ संयुक्त मंत्री, श्रीमती रंजना ऑडिटर। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती, ग्राम विकास अधिकारियों की समस्याओं के समाधान और कर्मचारी हितों की रक्षा को प्रतिबद्ध रहेंगे।

# पिटाई के मामले में दरोगा सस्पेंड

**सुलतानपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्र की पिटाई के मामले में दरोगा विजय कुमार गुप्ता हुए सस्पेंड। शहर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के हस्तक्षेप पर एसपी कुंवर अनुपम सिंह के आदेश पर हुई निलंबन की कार्रवाई। धनपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अतरसुमा गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता से जुड़ा मामला। स्थानीय थाने में पैरवी के दौरान दरोगा विजय गुप्ता पर लगा कार्यकर्ता से मारपीट करने का आरोप, एफआईआर पर अड़े कार्यकर्ता। सीओ बल्दीराय को दी गई पूरे मामले की जांच। धनपतगंज थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने की दरोगा विजय गुप्ता के सस्पेंड किए जाने की पुष्टि।

# एन्टीरोमियों टीम ने प्रमुख मार्गों पर चेकिंग-कर किया जागरूक

**सोनभद्र, 01 जून (तरूणमित्र)।** शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# प्रेस क्लब की धमाकेदार जीत, शरीफ ने 64 गेंदों में ठोंके नाबाद 139 रन

**अमरोहा, 01 जून (तरूणमित्र)।** नायब अब्बासी डिग्री कॉलेज के मैदान पर रविवार को खेले गए सद्भावना क्रिकेट मैच में अमरोहा प्रेस क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एप्पल क्लब को आठ विकेट से पराजित कर दिया। मैच के हीरो रहे बल्लेबाज शरीफ, जिन्होंने मात्र 64 गेंदों में नाबाद 139 रन की विस्फोटक पारी खेली।

मैच की शुरूआत में टॉस जीतकर एप्पल क्लब के कप्तान अजहर अब्बासी ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। निर्धारित 20 ओवरों में टीम ने 212 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजों में जिब्रान आलम ने 39, फैजी खान ने 24, तारिक चीना ने 20, अजहर ने 22 और फैज खान ने 20 रन का योगदान दिया। प्रेस क्लब की ओर से प्रबल प्रभाकर और मोहम्मद फैसल ने 2-2 विकेट झटके जबकि अनिल, विशाल,




अजीम और शाहरुख को 1-1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेस क्लब की टीम की शुरूआत तेज रही। ओपनर शरीफ ने एकतरफा अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 64 गेंदों में नाबाद 139 रन बनाए। अनिल चौहान ने 23 और एमडी इमरान ने 31 रनों की अहम पारियां खेलीं। प्रेस क्लब ने 18 ओवर में ही 215 रन बनाकर मुकाबला आसानी से अपने नाम कर लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए शरीफ को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच की अंपायरिंग फैज खान, फैयाज, फैसल और अजहर अब्बासी ने की। वर्षो बाद विकेटकीपिंग के मैदान में लौटे सैयद अशरफ ने बेहतरीन फील्डिंग से सभी का दिल जीत लिया, वहीं अदनान मसरूर की गेंदबाजी की भी सराहना हुई।

मैच के दौरान मोहम्मद गुफरान, तंजील हामिद, फजले चौधरी, सैफ सिद्दीकी एडवोकेट और शानू खान के खेल की भी दर्शकों ने सराहना की। दिल्ली से भेजे संदेश में कॉलेज के डायरेक्टर फिरोज कमाल अब्बासी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अमरोहा के क्रिकेट प्रेमियों के लिए वह सदैव तैयार हैं। मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग अब्बासी कॉलेज मैदान में उपस्थित रहे जिनमें इकबाल हैदर, काशिफ खान, सैयद जमशेद, मोहम्मद अहमद जैदी, शाहनवाज पाशा, फैज उद्दीन सिद्दीकी, कासिम अशरफ, कोच असलम सिद्दीकी, अजीम एडवोकेट, शहजाद अहमद, नौशाद अली, फारूक मंसूरी, इमदाद खान, जकी उद्दीन, वसीम शाहजेब, आबाद अहमद आदि शामिल रहे।

# सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत, परिवारों में मचा कोहराम

**एटा, 01 जून (तरूणमित्र)।** एक ही दिन में कस्बा मारहरा के चार लोगों की असमय मौत से कस्बा शोक में डूब गया। बकरा व्यापार के सिलसिले में दिल्ली जा रहे मारहरा निवासी सत्यप्रकाश की दो गाड़ियों में बकरे भरे हुए थे। पहली गाड़ी में रवेन्द्र, महाराज सिंह एवं महाराज सिंह के बेटा सुनील और सत्यप्रकाश स्वयं बैठे थे जबकि दूसरी गाड़ी उनके पीछे चल रही थी, जिसमें हजारी, अमर और चंदा सवार थे।

1 जून को सुबह करीब 3:30 बजे अलीगढ़ जिले के कलुआ स्टेशन और थाना गभाना क्षेत्र के अन्तर्गत नगला मुन्नी के समीप पीछे चल रही कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में हजारी, अमर और चंदा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही सत्यप्रकाश अपने 20 वर्षीय बेटे रवेन्द्र, महाराज सिंह और उसके बेटे सुनील के साथ तुरंत मौके की ओर चल दिए। रास्ते में उनकी गाड़ी का ईंधन खत्म हो गया, जिसके बाद तीनों ने एक ट्रैक्टर से लिफ्ट ली। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात कैंटर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इस टक्कर में रवेन्द्र, महाराज सिंह और सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान रवेन्द्र की मौत हो गई। मारहरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रवेन्द्र की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। एक ही कस्बे के चार लोगों की एक ही दिन में दर्दनाक मौत से मारहरा क्षेत्र में शोक की लहर है।

# जरूरतमंदों को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे पूर्व सैनिकः तिवारी

**फतेहपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** पूर्व सैनिक उत्थान समिति की मासिक बैठक शहर के दक्षिणी गौतमनगर स्थित कार्यालय में कैप्टन प्रेम सागर शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य पूर्व सैनिक, सैनिक, सैनिक परिवार के साथ-साथ जनमानस की समस्याओं व गरीब कमजोर लोगों के हितों व न्याय दिलाने का कार्य करेगा।

महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि बिजली विभाग का निजीकरण और उस पर भी यूपीपीसीएल द्वारा पूर्ण स्वायत्त देना एक आत्मघाती कदम साबित होगा। प्राइवेट कंपनी द्वारा जो स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं वह नियम के विपरीत हैं। सामान्य से कई गुना बिल आ रहा है। इसके लिए



सर्वप्रथम प्रत्येक मीटर इलेक्ट्रिकल इंसपेक्शन लैब के प्रभारी अधिकारी डायरेक्टर द्वारा टेस्टेड की मोहर लगानी चाहिए। शीघ्र ही इसकी शिकायत नियामक आयोग के अध्यक्ष से की जाएगी। इसके पश्चात अध्यक्ष ने सूबेदार मेजर बाल कृष्ण अवस्थी, हवलदार भानु प्रताप सिंह, कमल कुमार, सूबेदार राजेश कुमार, कैप्टन प्रेम सागर शुक्ला, सूबेदार रामसजीवन, हवलदार लखनलाल, रमेश चन्द्र मिश्रा, फूल सिंह लोधी को पदाधिकारी बनाया और माला पहनाकर स्वागत किया। जागृति तिवारी को संगठन की महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी का कार्यकाल 16 अप्रैल 2030 तक रहेगा।

## युवक को सर्प ने डसा, भर्ती

**फतेहपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जुकरा में रविवार की सुबह खेत जा रहे 24 वर्षीय युवक को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जुकरा गांव निवासी रमेश चन्द्र भदौरिया का पुत्र शिव सिंह भदौरिया रविवार की सुबह खेत जा रहा था। इसी दौरान उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# बीएससी पंचम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर, 01 जून (तरूणमित्र)।** श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के गृह विज्ञान विभाग के बी0एस सी0 (होम साइंस) के पंचम सेमेस्टर की छात्राओं ने माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित परीक्षाफल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित किये गये परीक्षा परिणाम में बी0एस सी0 (होम साइंस) के पंचम सेमेस्टर में जैनब रियाज ने 78.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। लुबना खान ने 77.4 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और स्वाति मलिक ने 77.2 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकों और अपने परिजनों को दिया। बी0एससी गृह विज्ञान की पंचम सेमेस्टर की छात्राओं ने बताया कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी पूर्ण लगन और मेहनत से की थी, महाविद्यालय में तमाम शैक्षिक सुविधाओं द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन से ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज्‌ के चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि निरन्तर कठिन परिश्रम से सफलता सम्भव हो पाती है अतः युवाओं को निरंतर सफलता प्राप्ति के प्रयास करते रहना चाहिए।

# यूपीएसआरटीसी के रिटायर्ड कर्मियों की दिलाई जाएगी रूकी पेंशनः समीउज्जमा



**फतेहपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** परिवतन निगम की यूपीएसआरटीसी के सेवानिवृत्त कई कर्मचारियों को पेंशन नहीं दी जा रही है। ऐसे सभी कर्मचारी हाईकोर्ट में रिट दायर करके कानूनी लड़ाई लड़ सकते हैं। उनकी हरसंभव सहायता की जाएगी। जिले के लगभग पचास व प्रदेश के लगभग डेढ़ सौ कर्मचारी ऐसे हैं जिनको पेंशन का लाभ नही मिल रहा है। जिले के ही दिवंगत कर्मचारी निसार अहमद की बेवा को हाईकोर्ट के आदेश में पेंशन मिलने का रास्ता लगभग साफ हो गया है।

यह बात रविवार को बाकरगंज स्थित एक आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उच्च न्यायालय के अधिवक्ता मो0 समीउज्जमा खान ने कही। उन्होने बताया कि यूपीएसआरटीसी में कार्यरत कर्मचारी निसार अहमद वर्ष 1993 में सेवानिवृत्त हो गए थे, लेकिन विभाग ने उनकी पेंशन स्वीकृत नहीं की। पेंशन की लड़ाई लड़ते-लड़ते वह इस दुनिया को अलविदा कह गए। उन्होने बताया कि निसार अहमद वर्ष 1954 से कार्यरत थे जो वर्ष 1960 से पहले परमानेंट हो गए थे। उनकी पत्नी जईतुन बीबी पेंशन के लिए बेहद परेशान थीं। उनकी माली हालत भी ठीक नहीं थी। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होने हाईकोर्ट में अपने खर्च से याचिका दायर कर प्रभावशाली पैरवी की। कोर्ट के पूर्व के आदेशों को प्रस्तुत कर यह सिद्ध किया कि याचिकाकर्ता के पति की सेवाएं नियमित थीं, और पेंशन अस्वीकृति स्पष्ट रूप से नियमों के विरुद्ध है। कोर्ट ने यूपीएसआरटीसी के रवैये को जान बूझकर अवज्ञा और नियोक्ता के दायित्वों के प्रति उदासीनता करार दिया। अधिवक्ता श्री खान ने दस्तावेजों व कानूनी तथ्यों के आधार पर कोर्ट को इस बात के लिए विवश किया कि यूपीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर जवाब देने का आदेश दिया। प्रबंधक निदेशक ने कोर्ट में पेश होकर पेंशन स्वीकृत करने का लेटर पेश किया। कोर्ट ने कहा कि लेटर देने से काम नहीं होगा अगली तारीख में यूपीएसआरटीसी के सचिव को कोर्ट में पेश होना होगा और साठ दिनों के अंदर पूरी पेंशन की रकम भी बताकर पेंशन देनी होगी। उन्होंने कहा कि यह पहला मामला नहीं है। इस तरह के जिले में लगभग पचास व प्रदेश में लगभग डेढ़ सौ मामले हैं। उन्होने कहा कि कोई भी कर्मचारी पेंशन की इस लड़ाई में उनकी सहायता ले सकता है। उसकी हरसंभव मदद की जाएगी। इस मौके पर वारिस उद्दीन, इश्तियाक हुसैन, अब्दुल कदीर खां, एनके त्रिपाठी, अबरार अहमद भी मौजूद रहे।

## फांसी पर लटका मिला किसान का शव

**बिंदकी, फतेहपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** बकेवर थाना क्षेत्र के बांका अकबराबाद गांव में एक किसान की मौत का मामला सामने आया है। रविवार की सुबह आम के बगीचे में 55 वर्षीय वंशलाल पासवान का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। मृतक स्वर्गीय फूल सिंह उर्फ कल्लू के पुत्र था। वंशलाल ने कुछ समय पहले आम का बाग खरीदा था और बटाई की खेती करते थे। ग्रामीणों के मुताबिक शनिवार रात वह आम के बगीचे कि ओर गए थे। सुबह शिव गोपाल सिंह के आम के बगीचे में उनका शव मिला। बकेवर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी छेदन के अलावा छह पुत्र हैं। उनकी एक पुत्री लक्ष्मी का विवाह 10 मई को ही हुआ था।

# अखिलेश के पुत्र व पुत्री का जन्मदिन मनाया

**एटा, 01 जून (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पुत्र अर्जुन यादव और पुत्री टीना यादव का जन्मदिन सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर नूर मोहम्मद खान के गांधी मार्केट स्थित कैंप कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में केक काटा गया और दोनों बच्चों के लिए दीर्घायु, सफल सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन की शुभकामनाएँ दी गईं। प्रदेश उपाध्यक्ष इं. नूर मोहम्मद खान ने अर्जुन यादव और टीना यादव को देश और प्रदेश के भविष्य का नेतृत्वकर्ता बताया। उन्होंने कहा कि ये दोनों युवा आने वाले समय में राजनीति को नई दिशा देंगे और समाजवादी मूल्यों को आगे बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम का सफल संचालन सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फईमुद्दीन वारसी ने किया।

इस समारोह में सपा जिला उपाध्यक्ष जसवीर सिंह यादव, जमशेद आलम, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार कश्यप, जिला महासचिव अवधेश यादव (धुआई), रिंकू यादव (अंबारी), अवधेश यादव (रूद्रपुर), अरविंद यादव, डॉ. इब्राहीम अली, अनुज शर्मा, सभासद सैय्यद फरहान अली, सरजू यादव, प्रधान प्रतिनिधि डॉ. अमित यादव, अरविंद यादव, अमित यादव, साबिर अली अख्तर अली आदि मौजूद रहे और अपने-अपने शब्दों में बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न



बहराइच, 01 जून (तरुणमित्र)। वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण आन्दोलन-2025 को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से विगत दिवस देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराएं जाने हेतु गडढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता, उठान तथा सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु रोपित गये पौधों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के व्यापक प्रबन्ध किये जाएं। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि नर्सरी का भ्रमण कर पौधों का चयन कर वन विभाग को लिखित रूप से सूचित कर दें कि उन्हें किस प्रजाति के कितने पौधों की आवश्यकता है। डीएम ने निर्देश दिया कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान प्रत्येक घर के आंगन में सहजन का पौध अवश्य रोपित किया जाय। डीएम ने कहा कि सहजन, एक चमत्कारी पौधा है जिसके विभिन्न अंग कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। सहजन के फूल, पत्तियाँ, फल और छाल सभी औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो कई बीमारियों को दूर करने में मदद करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र धात्री व गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण के लिए यह पौध अत्यन्त महत्वपूर्ण है।डीएम ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं प्रयास से उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव अब जन आन्दोलन का स्वरूप ले चुका है। इसलिए सभी अधिकारी, आमजन व विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित कर पौधरोपण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पौधरोपण का जिओ टैग फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराया जाय तथा सभी विभाग पौधरोपण का विवरण प्रभागीय वनाधिकारी को अवश्य उपलब्ध करायें। डीएम ने यह भी कहा कि यदि विभागीय परिसम्पत्तियों में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और वह स्थान पौधरोपण के लिए उपयुक्त है तो लक्ष्य से अधिक पौधे भी रोपित कराने का प्रयास करें। डीएम ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान की ग्रामवार मॉनीटरिंग के लिए अधिकारी नामित कर दें। गंगा व सहायक नदियों में पर्यावरणीय प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन और जल के सतत पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करने के उपाय करने के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि गंगा नदी के भौगोलिक, ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक एवं आर्थिक कारणों के अद्वितीय महत्व को देखते हुए इसे राष्ट्रीय नदी का दर्जा प्राप्त है। गंगा व सहायक नदियों का पुनरुद्धार करके इसे प्राकृतिक एवं मूल स्थिति में लाये जाने के लिए जिला गंगा समिति का गठन किया गया है डीएम मोनिका रानी ने सिचाई विभाग को निर्देश दिया कि सिचाई विभाग के सम्बन्धित सचिव, लेखपाल एवं ब्लाक के अवर अभियन्ता की टीम निरन्तर सर्वे कर सरयू व टेढ़ी नदियों के पुनरोद्धार के लिए कार्य योजना तैयार करें तथा ग्राम पंचायतवार समितियों का गठन कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने भ्रमण के दौरान बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण पर सतत निगरानी रखे और यदि कही भी बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से न पायेजाने पर उसकी जियो टैग्ड फोटो डीएफओ को भेजे इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, कतर्नियाघाट बी. शिवशंकर, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, सम्बन्धित एसडीएम, बीडीओ, डीपीएम सरजू खां सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## डीएम ने भूमि अर्जन कार्यों की प्रगति के लगाए कैंपों का लिया जायजा



अंबेडकरनगर, 01 जून (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने एन एच 135 ए के जौनपुर अकबरपुर के खंड किमी 139,184.2 (पैकेज3) के फोरलेन चौड़ीकरण एवं बाईपास निर्माण से प्रभावित कृषकों/भुस्वामियों से भूमि अर्जन के कार्यों की प्रगति का ( तहसील अकबरपुर एवं तहसील जलालपुर में भूमि अर्जन हेतु विभिन्न ग्रामों में लगाए गए कैंपों का भ्रमण कर) जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील अकबरपुर के ग्राम पंचायत इस्माइलपुर, सिंझौली, लोरपुर ताजन एवं चंदनपुर तथा तहसील जलालपुर के ग्राम पंचायत ताहापुर, मंसूरपुर, रुकुनपुर एवं टिकमनपुर आदि ग्राम पंचायतों में कैंपमोड में चल रहे भूस्वामियों से भूमि अर्जन के कार्यों के प्रगति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित लेखपाल, नायब तहसीलदार एवं अन्य कार्मिकों को लगाकर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं प्रभावित भूस्वामियों से समन्वय स्थापित करते हुए भूस्वामियों की सहमत से उन्हें बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए भूमि अर्जन के कार्यों को तीव्रगति से किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित भू स्वामियों से भी वार्ता की गई। एनएच135 ए के उक्त कार्य से तहसील जलालपुर के 11 गाँव तथा तहसील अकबरपुर के 15 गांव प्रभावित हैं। तहसील जलालपुर व तहसील अकबरपुर में भूमि अर्जन का लगभग 60% कार्य पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान सभी कैंपों में भूमि अर्जन संबंधी कार्य संचालित पाया गया। इस दौरान संबंधित लेखपाल, नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत ग्रामों में गोष्ठी आयोजित

बहराइच, 01 जून (तरुणमित्र)। जनपद में 29 मई से 12 जून 2025 तक संचालित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेवढ़ा में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख पयागपुर के प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा ने कहा कि भारत सरकार किसानों को विभिन्न फसलों के उत्पादन तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु कृषि वैज्ञानिकों को गांव गांव भेज रही है। श्री मिश्रा ने किसानों का आहवान किया कि इस अवसर का भरपूर लाभ उठाते हुए कृषि वैज्ञानिकों से खेती किसानी के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त कर अपनी आय को बढ़ायें। उन्होंने किसानों से अपील की कि परम्परागत धान व गेहू की खेती के साथ साथ विविधिकरण को भी अपनायें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदेश में संचालित किये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषि वज्ञानिको तथा कृषि एलाइड विभागों के अधिकारियो की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराकर गांव में ही विभिन्न योजनाओं एवं कृषि तकनीक की जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में ब्लाक पयागपुर की ग्राम पंचायत सेवढ़ा, पैड़ी व हरवा हरवंशपुर ब्लॉक नवाबगंज की ग्राम पंचायत गोविंदपुर पंडित बनकसही एवं धर्मनगर में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई से पहले प्रमाणित बीज का उपयोग, बीज शोधन कर फसल की बुवाई करना, खेत की तैयारी, अधिक फसल उत्पादन की तकनीक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री तथा प्राकृतिक खेती आदि विषय पर किसानों को जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सेवड़ा, पैड़ी, हरवा हरबंश वरिष्ठ पारिवारिक सहायक ग्रुप ए में कुलदीप वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नंदन सिंह व डॉ प्रियंका सिंह, नवाबगंज की ग्राम पंचायत गोविंदपुर पंडित बनकसही व धर्मनगर में डॉ. संदीप गौतम, डॉ. सुनील कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार द्वारा किसानों को फसल बुवाई के पहले कृषकों को प्रमाणित एवं गुणवत्ता युक्त बीजों का चुनाव, संतुलित उर्वरकों प्रयोग, भूमि शोधन हेतु ट्राइकोडर्मा का उपयोग इत्यादि की जानकारी विस्तारपूर्वक किसानों को उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक मुन्ना लाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य किसान मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत करें आवेदन

श्रावस्ती, 01 जून, (तरुणमित्र)। जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 अमरनाथ यति ने बताया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद श्रावस्ती में नये सत्र 2025-26 का संचालन 01 जुलाई से किया जाना है। योजनान्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं में जैसे सिविल सेवा परीक्षा, पी0सी0एस0, जे0ई0ई0, नीट, एन0डी0ए0/सी0डी0एस0, एक दिवसीय परीक्षाओं में एस0एस0सी0, यू0पी0एस0एस0सी0, टेट, सी0टेट इत्यादि पाठ्यक्रमों हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साही विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु जनपद में संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्यापन क्रमशः आई0टी0आई0 भिनगा, सत्या द आर्यन स्कूल इकौना, राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भयापुरवा में अतिथि व्याख्याताओं/विषय विशेषज्ञों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।उक्त योजनान्तर्गत अतिथि व्याख्याताओं का चयन सत्र 2025-26 से जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। उक्त चयन पूर्णतः अस्थायी है एंव जिला स्तरीय समिति द्वारा कभी भी चयन को निरस्त किया जा सकता है जिसका पूर्ण अधिकार जिला स्तरीय समिति के पास निहित है। जिला स्तरीय समिति द्वारा अतिथि व्याख्याताओं के चयन के सम्बन्ध में लिए गये निर्णय सर्वमान्य/अन्तिम होगा। प्रशिक्षण केन्द्र पर अतिथि व्याख्याताओं के द्वारा दिये गये व्याख्यानों की अवधि 90 मिनट प्रति व्याख्यान होगी। प्रति कक्षा में 25 या 25 से अधिक छात्रों की उपस्थिति में ही अतिथि व्याख्याताओं को कक्षाओं में दिये गये प्रति व्याख्यान का रू0 2000/ निर्धारित दर के अनुसार मानदेय का भुगतान किया जायेगा। छात्र संख्या निर्धारित मानक से कम होने की दशा में ऑनलाइन कक्षायें संचालित होंगी, जिसके लिये कोई मानदेय अनुमन्य नही होगी। पूर्व में इम्पैनल्ड सभी अतिथि प्रवक्ता को पुनः आवेदन करना अनिवार्य होगा।उन्होने बताया कि नीट/ जे0ई0ई0 हेतु संबंधित विषय में एम0एस0सी0 प्रथम श्रेणी में अथवा एम0बी0बी0एस0 तथा जे0ई0ई0 के लिए संबंधित विषय में एम0एस0सी0 प्रथम श्रेणी अथवा एम0 टेक होना अनिवार्य है। यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0एस0सी0 के लिए विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज के शिक्षक तथा सिविल सेवा मुख्य परीक्षा अथवा उ0प्र0 राज्य सेवा साक्षात्कार में सम्मिलित अथवा उ0प्र0 राज्य सेवा में मुख्य परीक्षा में दो बार सम्मिलित रह चुके हों। इसके अलावा एक दिवसीय प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी को वरीयता प्रदान की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रकाशन अनुदान योजना के लिए रचनाकारों से प्रस्ताव आमंत्रित

बहराइच, 01 जून (तरुणमित्र) उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा संचालित प्रकाशन अनुदान योजना अन्तर्गत ऐसे रचनाकारों जिनकी वार्षिक आय (समस्त स्रोतों से) रू. 5.00 लाख तक है, उनकी पाण्डुलिपि के मुद्रण के लिए अनावर्तक प्रकाशन अनुदान प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित हैं। पुस्तक अधिकतम 200 पृष्ठों की होनी चाहिए, प्रस्ताव के साथ पाण्डुलिपि संलग्न करना अनिवार्य है। प्रस्तुत पाण्डुलिपि वापस नहीं की जाएगी। स्वीकृत पाण्डुलिपि लेखक/लेखक के उत्तराधिकारी द्वारा मुद्रित करायी जायेगी। निर्धारित तिथि तक संस्थान में मुद्रित पुस्तक की पाँच प्रतियाँ एवं मुद्रक का प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निदेशक ने बताया कि इच्छुक रचनाकारों को आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र, तीन प्रेसों के कोटेशन, दो साहित्यकारों की संस्तुतियाँ संलग्न करना अनिवार्य है। शोध ग्रंथों/सम्पादित पाण्डुलिपि अनुदान हेतु स्वीकार नहीं की जायेगी। नियमानुसार अनुदान लेखक को स्वीकृत होगा। योजना की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप उ.प्र. हिन्दी संस्थान, राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन हिन्दी भवन, 6-महात्मा गाँधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। संस्थान में प्रार्थना पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 18 जुलाई, 2025 है। योजना का विवरण एवं प्रार्थना पत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट यूपीहिन्दीसंस्थान डाट इन पर भी उपलब्ध है।

### भव्य कलश शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीरुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

आलापुर (अम्बेडकर नगर), 01 जून (तरुणमित्र)। झारखंड आश्रम श्री राम जानकी शिव मंदिर फरीदपुर हेठरिया सिंघलपट्टी में सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं रामकथा का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा राम जानकी मंदिर झारखंडी बाबा स्थान से सरयू नदी कम्हरिया घाट पर पहुंची जिसमें सैकड़ों महिलाओं पुरुषों ने भाग लिया। घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना के बाद पवित्र सरयू नदी का जल लेकर भक्त मन्दिर पर पहुंचे। मुख्य यजमान त्रिपुरारी चौबे ने बताया कि 2 जून को मंण्डप में प्रवेश होगा और 9 जून पूर्णाहुति तक श्रीराम कथा एवं श्री रुद्र महायज्ञ चलेगा और इसी दिन भव्य भंण्डारा आयोजित किया जाएगा। रुद्र महायज्ञ एवं श्री रामकथा में अयोध्या से आए कमला दास महाराज मुख्य प्रवचनकर्ता होंगे जबकि यज्ञाचार्य उमाशिव पांण्डेय है। कार्यक्रम के आयोजन में श्री राम बालकदास , अवधेश दास , स्वरूपानन्द , प्रेमदास अपनी पूरी समय कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। आज की भव्य कलश यात्रा में भूमि विकास बैंक के निदेशक यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, शशिकांत मिश्रा, पवन द्विवेदी, डब्लू तिवारी,भवरनाथ विश्वकर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भाकियू जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

बाराबंकी, 01 जून (तरुणमित्र)। भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र कुमार सिंह का जन्म दिवस प्रदेश कार्यालय बाराबंकी में मनाया गया।इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने केक काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए उन्हें मुबारकबाद दिया भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला ने कहा कि यह संगठन सदैव से किसानों के हक हकूक की लड़ाई लड़ता चल रहा है देश की खुशहाली का रास्ता गांव से होकर ही गुजरता है जब गांव का किसान खुशहाला होगा तभी मुल्क की तरक्की होगी। इस अवसर पर जयशंकर अवस्थी प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप कुमार शुक्ला मंडल प्रभारी अयोध्या दीपक बाबू मिश्रा मंडल महासचिव अयोध्या अनिल कनौजिया प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदेश सरकार ने निराश्रित बेसहारा पशुओं को दिया संरक्षण

बहराइच, 01 जून (तरुणमित्र)।भारत वर्ष में प्राचीनकाल में पशुपालन और कृषि साथ-साथ होते रहे है। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही पशुपालन की महत्ता बढ़ती रही। जिस व्यक्ति के पास जितने अधिक पशु होते थे, वह उतना ही आर्थिक रूप से सम्पन्न माना जाता था। पशु खेती, दुग्ध, सवारी, बोझा ढोने, खाद्य पदार्थों के उत्पादन आदि के लिए उपयोगी रहे हैं। कृषि और पशुपालन एक दूसरे के पूरक रहे हैं। देश मे 20वीं सदी के सातवें आने लगी। दुधारू पशुपालन लगातार होता रहा है।

## जीवन को सुरक्षित रखने में वातावरण की अहम भूमिका- गुलाब

आजमगढ़, 01 जून (तरुणमित्र)। जीवन को सुरक्षित रखने में वातावरण की अहम भूमिका होती है स्वच्छ जीवन के लिए शुद्ध वातावरण का होना अति आवश्यक है इसके लिए हम सभी लोगों को एक पौधा लगाना बहुत ही जरूरी है। जितना ज्यादा हम लोग पौधा रोपण करेंगे उतना ही वातावरण हमारा शुद्ध होगा। पौधा रोपण से हमें ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन मिलेगी जिससे मानव जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। उक्त बातें सफाई कर्मचारी व संघ के जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया ने कुंवर सिंह उद्यान में पौध रोपण के दौरान कही। उन्होंने बताया कि जीवन को सुरक्षित रखने के लिए ऑक्सीजन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। अगर हम पौधारोपण नहीं करेंगे तो हमें ऑक्सीजन कहां से मलेगी।उन्होंने कहा कि हम लोगों का दायित्व बनता है कि पौध रोपण करते रहे। पौधारोपण करना हमारा धर्म है कर्तव्य है जिससे कि वातावरण शुद्ध रहे व सुंदर रहे। हमें ऑक्सीजन मिलता रहे हम अपने समाज के लिए लगातार पौधारोपण रविवार को कहीं ना कहीं किया जाता है। हम सभी को पौध रोपण के महत्व को समझना चाहिए, इसे बढ़ावा देना चाहिए। समाजसेवी अशोक वर्मा व पत्रकार उनके द्वारा बताया गया कि जून का महीना पौधा रोपण के लिए सबसे अच्छे महीना में से एक है। हमें पौधा रोपण कहीं ना कहीं अपने घर के आसपास लगाना हमारा दायित्व बनता है। राजकला ने बताया कि हम इसलिए वृक्षारोपण करते हैं कि हमारा समाज स्वच्छ रहे सुंदर रहे। 1 जून को कुंवर सिंह उद्यान में माल श्री के पौधा लगाते हुए जो लोग वॉक पर आए थे पार्क में टहल रहे थे उनके साथ पौध रोपण कार्यक्रम आदर्श सिंह, आदित्य, मुकेश राजभर, राजकल, संतोष, राकेश, जयप्रकाश, जमुना यादव, नवरंग आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव ने आंगनबाड़ी केन्द्र व कम्पोजिट विद्यालय भीठी का किया निरीक्षण



श्रावस्ती, 31 मई, (तरुणमित्र)। प्रदेश के प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले विभाग, उत्तर प्रदेश शासन रणवीर प्रसाद, जिलाधिकारीअजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मझौवा सुमाल का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा केन्द्र में 3-6 वर्ष के बच्चों के नामांकन एवं उपस्थिति के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं को मुहैया कराकर सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाये इसके उपरान्त प्रमुख सचिव, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय भीठी का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते विद्यालय में कक्षा-1 से 05 तक कक्षाएं बन्द हैं। इसके अलावा कक्षा-06 से 08 तक के बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों की रूचि के अनुरूप सीखने के आनन्ददायक अनुभव प्रदान करना एवं रचनात्मकता विकसित करना है। जिसमें कक्षा-06 से 08 तक कुल नामांकित 198 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 130 छात्र-छात्राएं उपस्थित पाये गये। जिस पर उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ उनकी तार्किक क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने विचार साझा किये प्रमुख सचिव ने शिक्षा की गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं से हिन्दी, अंग्रेजी व गणित विषयों के प्रश्न पूछकर दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की जांच भी की और बच्चों से उनकी जिज्ञासा को भी जाना तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मन लगाकर पढ़ेंगे तो निश्चित ही वे जो बनना चाहते है, वह मुकाम हासिल कर सकेंगे। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित अध्यापकों को छात्र-छात्राओं की अभिरूचि के अनुसार पढ़ाये जाने का निर्देश भी दिया। इसके अतिरिक्त प्रमुख सचिव ने विद्यालय से वर्ष 2017 में उत्तीर्ण हुई 08 छात्राओं की वर्तमान स्थिति का आकलन करने हेतु उनके परिजनों को विद्यालय में बुलाकर उनसे पूछताछ भी की। जिस पर ज्ञात हुआ कि उनमें से अधिकतर छात्राओं का आठवीं कक्षा के बाद विवाह कर दिया गया तथा एकमात्र छात्रा जो कि बी0टेक0 करके नौकरी कर रही है। जिस पर प्रमुख सचिव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के अध्यापक को निर्देशित किया उनके माता-पिता एवं छात्रा को बुलाकर अन्य लोगों को प्रोत्साहित कराया जाए, के बाद पढ़ाई और उन्हें आगे बढ़ायें।

## सिरसिया पुलिस व एसओजी टीम ने किया अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

श्रावस्ती, 01 जून, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी भिनगा सन्तोष कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी टीम व थानाध्यक्ष सिरसिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थानाध्यक्ष सिरसिया को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति नेपाल सीमा के निकट जंगल में चोरी की मोटरसाइकिलें इकठ्ठा कर उन्हें नेपाल भेजने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल सहदेइया पुल के निकट घेराबंदी की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों से की गई गहन पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि उसने अपने अन्य साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर कुल 11 मोटरसाइकिलों को नेपाल सीमा के समीप जंगल में स्थित झाड़ियों के बीच छिपा कर रखा था, जिन्हें नेपाल में बेचने की योजना थी। अभियुक्त की निशानदेही पर मौके पर पहुँचकर उक्त 11 मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया इसके अतिरिक्त, अभियुक्तों के कब्जे से मौके पर ही तीन अन्य मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। इस प्रकार कुल 14 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि इन मोटरसाइकिलों को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चोरी किया है, और नेपाल में ऊँचे दामों पर बेचने के लिए इकट्ठा किया था। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लंबे समय से उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा सहित कई जनपदों से मोटरसाइकिलें चोरी करते रहे हैं। चालान एप के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि यह अपराधी वाहन चोरी के बाद वे उनका फर्जी नंबर प्लेट व नकली कागज बनाते थे।, वाहन को नेपाल सीमा के निकट जंगलों में छिपाकर रखते थे। तथा मौका देखकर नेपाल पार कर बेच देते थे नेपाल में बाइक की भारी डिमांड के कारण उन्हें अधिक दाम मिलते थे। पकड़े गए *अभियुक्तों में से तोताराम जिस पर पूर्व में भी थाना मल्हीपुर में मु0अ0सं0 06/19 धारा 41, 413, 414, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि पंजीकृत किया गया था।

## सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित

देवरिया, 01 जून (तरुणमित्र)। संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय टाउन हॉल परिसर में जिला कोआर्डिनेटर डॉ. सैय्यद जमाल अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार संगठन निर्माण के साथ ही जिले के फ्रंटल कांग्रेस को भी जिला कमेटी, ब्लाक अध्यक्ष, न्याय पंचायत अध्यक्ष से लेकर बूथ कमेटी तक का गठन किया जाना है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि हम कांग्रेस जन मिलकर बूथ स्तर तक कांग्रेस कमेटी का गठन कर लेंगे। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुकुंद भास्कर मणि, वरूण राय ,सुभाष राय, जवाहरलाल बरनवाल, संजीव कुमार मिश्रा, अब्दुल जब्बार, मल्ल, विनोद दुबे, चंदू वर्मा, कुलदीप यादव, अशोक गोंड आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद ने वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन



बहराइच, 01 जून (तरुणमित्र)। जनपद बहराइच के अमीनपुर नगरौर स्थित वृद्धाश्रम में बीते रविवार को सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद, शाखा बहराइच द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन।इस शिविर में जिले के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. श्रीमती तेजश्री जायसवाल (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. राजदीप सिंह (जरनल सर्जन),डॉ. अमन ज्योति रस्तोगी (हड्डी रोग विशेषज्ञ) के सहयोग से लगभग 105 मरीजों का इलाज व उनका स्वास्थ परीक्षण हुआ।परिषद द्वारा उपस्थित सभी वृद्धजनों का स्वस्थ परीक्षण के साथ ही मुफ्त दवाएं भी वितरित कराई गई इस कार्यक्रम में शाखा के संरक्षक राकेश रस्तोगी, अध्यक्ष राजेश गोयल,सचिव सत्येंद्र निगम, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गुप्ता,जिला समन्वयक अजय ड्रोलिया, प्र० संगठन सचिव बैजनाथ रस्तोगी, जे पी सक्सेना, श्याम सुंदर अग्रवाल, अशोक गुप्ता, राहुल रस्तोगी,आकाश जायसवाल, रितेश रस्तोगी ,प्रमोद जायसवाल, पंकज जैन, शरद काबरा, कृष्ण गोपाल टेकरीवाल, अंशुमान यज्ञसेनी,शिवराम यज्ञसेनी,कार्यक्रम संयोजक सूर्यकमल गुप्ता, मीडिया प्रभारी अमरनाथ सिंह,श्रीमती अनीता गोयल, सह महिला सहभागिता श्रीमती बबीता अग्रवाल एवं परिषद् परिवार के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बीएड प्रवेश परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

अंबेडकरनगर, 01 जून (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने आज रविवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा2025 के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के कक्षों भ्रमण किया तथा कन्ट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरे से की जा रही मॉनिटरिंग को भी देखा। सभी परीक्षा केंद्रों पर को निष्पक्ष, पारदर्शी व सुचितापूर्ण ढंग से संचालित पाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने राम अवध जनता इंटर कालेज बरियावन ,शास्त्री औद्योगिक इंटर कालेज रुकुमपुर कासिमपुर सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वहां सीसीटीवी कैमरे से की जा रही व्यवस्थाओं को देखा। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। अवगत कराना है कि परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही है। जनपद के निर्धारित 27 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी एड2025 आयोजित हुई। जिसमें कुल 12590 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से दोनों पालियों में कुल 2222 परीक्षार्थी अनुपस्थित (प्रथम पाली में 11478 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 1112 अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में 11480 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 1110 परीक्षार्थी अनुपस्थित ) रहे। परीक्षा को सकुशल एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत 15 सेक्टर और 27 स्टैटिक मजिस्ट्रेटो के साथ ही प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा दो पालियों (प्रथम पाली पूर्वाह्न 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक) आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सभी केन्द्रों पर सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे, रिकॉर्ड आदि परीक्षार्थियों के आवागमन पर निगरानी हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। संयुक्त प्रवेश परीक्षा ,एएं में लगाए गए सभी अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल संपन्न कराया गया।

## विशेष सचिव नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण



अंबेडकर नगर, 01 जून (तरुणमित्र)। दिनांक 31 मई 2025 को अपरा 07 बजे विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/नोडल अधिकारी दिव्य प्रकाश गिरी द्वारा आकांक्षात्मक विकासखंड टांडा के ग्राम पंचायत बढ़ुपुर राजस्व ग्राम भीठी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर नवजात शिशुओं की लंबाई एवं वजन मापने के लिए क्रियाशील उपकरणों, बाल सुलभ पेयजल एवं बाल मैत्रिक शौचालय की स्थिति, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, आशा संगिनी एवं सुपरवाइजर की तैनाती की स्थिति का सत्यापन किया। इस अवसर पर पाया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर मैत्रिक शौचालय अभी तक नहीं बना है। बाकी सुविधाएं प्राप्त हैं। स्वास्थ्य संबंधी सभी सेवाएं वहां के लाभार्थियों को प्राप्त हो रही हैं। एएनएम और आंगनवाड़ी में समन्वय बनाकर जो भी होम विजिट किया जाता है उसमें कोई समस्या प्राप्त होती है तो उसका फॉलो अप किया जाता है।आंगनबाड़ी केंद्र स्कूल के कैंपस में ही निर्मित है। स्कूल में लर्निंग लैब 2024- 25 में विकसित किया गया है। स्कूल में स्मार्ट क्लास की सुविधाए संचालित पाई गई। विशेष सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशन योजनाओं से वंचित लाभार्थियों को चिन्हित किया जाए, पेंशन योजना से सभी पात्र लोगों को आच्छादित किया जाए। किसी भी स्तर पर आवेदनों को लंबित न रखा जाए। उन्होंने गली एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का भी निरीक्षण किया और सीधे लाभार्थियों से संवाद किया। सोलर लाइटिंग की व्यवस्था देखकर नोडल अधिकारी महोदय द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई पंचायत भवन में लाभार्थियों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 8932888222 उपलब्ध कराया गया है। यदि किसी लाभार्थी को कोई समस्या है तो वह टोल फ्री नंबर पर कॉल करके अपनी समस्या को नोट करा सकता है। विशेष सचिव द्वारा इस पहल की सराहना की गई और इसी तरह के सभी पंचायत भवनों में टोल फ्री नंबर स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।इस अवसर पर उप निदेशक कृषि अश्विनी सिंह, खंड विकास अधिकारी टांडा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।आज दिनांक 1 जून 2025 को विशेष सचिव/ नोडल अधिकारी द्वारा आकांक्षात्मक विकासखंड टांडा के ग्राम पंचायत सद्रपुर के राजस्व ग्राम डीहा सुल्तानपुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने तीन प्रधानमंत्री आवास का जायजा लिया और लाभार्थियों से सीधे संवाद किया। इस ग्राम सभा में कोई भी व्यक्ति टीवी का रोगी नहीं मिला। गांव में कोई समस्या नहीं पाई गई। इस दौरान नोडल अधिकारी महोदय द्वारा 102 एम्बुलेंस का और अधिक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया।

## नवनिर्मित पुलिस चौकी चन्द्रखा बुजुर्ग का हुआ उद्घाटन

श्रावस्ती, 01 जून, (तरुणमित्र)। शनिवार को थाना सोनवा के अंतर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी चन्द्रखा बुजुर्ग का जिलाध्यक्ष भाजपा डा0 मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। जिसमें चौकी कार्यालय, आरक्षी बैरक, चौकी प्रभारी कक्ष आदि बने हुए हैं। अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा डा0 मिश्रीलाल वर्मा ने कहा कि इस चौकी के स्थापना से स्थानीय लोगों को समय से पुलिस सहायता प्रदान की जा सकेगी। नई पुलिस चौकी के शुरू होने से इलाके में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी, जो प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किया अभियान

**गोरखपुर , 01 जून (तरूणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे पर विश्व पर्यावरण दिवस,2025 के अभियान की शुरूआत प्रमुख मुख्य यांत्रिकइंजीनियर नरेश कुमार द्वारा की गयी। विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष का थीम म्दक च्स्रेंजपब च्वसससनजपवद है, जिसकाउद्देष्य यात्रियों में प्लास्टिक के उपयोग तथा उससे होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करना है। इसके तहत 28 से 30मई,2025 तक पर्यावरण सांग, पोस्टर, बैनर एवं पर्यावरण सम्बन्धित नारों द्वारा यात्रियों को जागरूक किया गया।एन.जी.टी. द्वारा नामित पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के 07, वाराणसी मण्डल के 12 तथा इज्जतनगर मण्डल के 10स्टेषनों सहित कुल 29 स्टेषनों पर एक-एक बाटल क्रषर मषीन लगे हैं। 28 से 30 मई,2025 तक मुख्य रूप से प्लेटफार्मों पर प्लास्टिकबोतल क्रषर मषीन का रखरखाव एवं प्रयोग कर बोतलों को क्रष करने, रेलवे स्टेषन पर स्थित वाटर बूथ पर पानी के एकल उपयोगप्लास्टिक पर प्रतिबंध के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में विक्रेता एवं यात्रियों को जानकारी देने एवं विषेष अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक काआयोजन कर व स्वच्छ ड्राइव चला कर लोगों को जागरूक किया गया।इस दौरान स्टेषनों पर प्लास्टिक बोतल क्रषर मषीन के रखरखाव/कार्य की समीक्षा की गई। एकल उपयोग प्लास्टिक परप्रतिबंध के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में स्टेषनों पर विक्रेता स्टॉलों की निगरानी के लिये विषेष अभियान चलाया गया।




यात्रियों को अपनीस्वयं की गैर प्लास्टिक बोतलों का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित किया गया, स्टेषनों पर पानी भरने के बिन्दुओं का निरीक्षण कियागया। प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में उद्घोषणा प्रणाली से रेल यात्रियों को प्लास्टिक प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों और प्लास्टिक केउपयोग को कम करने के महत्व पर जागरूकता संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं। खानपान और अन्य सेवाओं में वर्जिन प्लास्टिक उत्पादोंको पुनर्नवीनिकरण विकल्पों के साथ बदलने के लिये टेज्न सेवा प्रदाताओं विषेष रूप से खानपान इकाईयों को जागरूक किया जा रहाहै। प्लास्टिक प्रदूषण पर आधारित नुक्कड़ नाटक आ आयोजन कर प्लास्टिक प्रदूषण के मुद्दे पर यात्रियों और कर्मचारियों को जागरूककिया जा रहा है। स्वच्छता अभियानों की निरंतरता बनाये रखते हुये प्लास्टिक अपषिष्ट संग्रह, पृथक्करण और निपटान पर नये सिरे सेध्यान देने के साथ स्वच्छता अभियान चलाये जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देष्य पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुये स्वच्छता के उच्चमानको को बनाये रखना है।इसी क्रम में 31 मई,2025 को ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजनकिया गया। इस अवसर पर चिकित्सा निदेषक डॉ. मो. ए.ए. खान, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेषक डॉ. एम. नाथ, डॉ. नन्द किषोर प्रसाद,वरिष्ठ चिकित्सक तथा चिकित्साकर्मी उपस्थित थे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देष्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा सरकार के दिषा निदेर्षों एवं लक्ष्यों को प्राप्तकरने में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर चिकित्सा निदेषक डॉ. मो. ए.ए. खान ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं।

# ससुराल में बहनों के साथ बर्बरता,लाठी-डंडों से हमला, पीड़िताओं ने की न्याय की मांग

**गोंडा , 01 जून (तरूणमित्र)।** जिले के कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम महीपतगंज बुढ़वलिया में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब ससुराल पक्ष ने दो बहनों के साथ जमकर मारपीट की। घटना के बाद पीड़िताओं ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहराइच जिले के कैसरगंज तहसील के कुंडासर गांव निवासी महेश मौर्य ने अपनी दो बेटियों की शादी गोंडा जिले के महीपतगंज गांव में की थी। बड़ी बेटी सुधा मौर्या की शादी नीतीश मौर्या से और छोटी बेटी सपना मौर्या की शादी अनुज मौर्या से वर्ष 2021 में संपन्न हुई थी। प्रारंभ में सब कुछ ठीक रहा, लेकिन धीरे-धीरे ससुराल पक्ष द्वारा बहुओं को प्रताड़ित किया जाने लगा। ताजा जानकारी के मुताबिक, 1 जून की सुबह लगभग 6 बजे जब पीड़िता की मां मीरा मौर्या और पिता महेश मौर्या अपनी नातिन को लेकर बेटी के घर पहुंचे, तो वहां पहले से मौजूद सास किरन मौर्या, रूपवती मौर्या, पति नीतीश मौर्या, ननद मोहिनी व अन्य परिजनों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला बोल दिया। इस हमले में सुधा और सपना मौर्या को गंभीर चोटें आईं, साथ ही उनके पिता महेश मौर्या के हाथ में भी गहरी चोट लगी है। पीड़िताओं ने बताया कि दो दिन पूर्व भी उन्हें झाड़ू और अन्य घरेलू सामान से मारा गया था। आरोप है कि पति का किसी अन्य महिला से अवैध संबंध है और इसी कारण आये दिन विवाद होता है। इसके साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जाती है।

बताया जा रहा है कि पहले भी यह मामला थाने और अदालत तक पहुंच चुका है, जहाँ आपसी सुलह के बाद बहुएं दोबारा अपने ससुराल लौटी थीं। मगर अब फिर से प्रताड़ना और हिंसा की घटनाएं सामने आने लगी हैं। थाना कर्नलगंज पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। साथ ही पीड़ितों का चिकित्सीय परीक्षण करवाकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# कृषि सेवा केंद्र में दबंगों का तांडव,लूटपाट व मारपीट

**गोंडा , 01 जून (तरूणमित्र)।** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत छतौनी चौराहे पर स्थित एक कृषि सेवा केंद्र में दबंगों ने लूटपाट और मारपीट की सनसनीखेज घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दिया है। ग्राम बुढ़वलिया निवासी विनय कुमार मौर्य ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनका भाई अंकित कुमार मौर्य छतौनी चौराहे पर कृषि सेवा केंद्र संचालित करता है। 31 मई 2025 की शाम करीब 7 बजे जब विनय दुकान पर पहुंचे, तो देखा कि शेरबहादुर पुत्र स्व. हरिसेवक, जितेंद्र पुत्र शेरबहादुर, शैलेंद्र पुत्र शेरबहादुर, निवासी अहिरौरा दुबे पुरवा, व कुछ अज्ञात लोग उनके भाई को गाली देते हुए बंदूक से गोली मारकर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। विनय ने बीच-बचाव कर मामला शांत करने की कोशिश की,लेकिन आरोपी उग्र हो गए। उन्होंने दुकान में घुसकर गल्ले से लगभग 30,000 रुपये लूट लिए, बीज व खाद के पैकेट फाड़े, दो कुर्सियां तोड़ दीं और कुछ बीज के पैकेट लेकर भाग गए। मारपीट में विनय के कान में गंभीर चोट लगी,जिससे उन्हें सुनने में दिक्कत हो रही है। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए। पुलिस के जाने के बाद आरोपियों ने विनय और उनके भाई को कोतवाली जाने से रोकने के लिए घेराबंदी की। नारायणपुर मांझा मोड़ पर आरोपियों ने दोबारा हमला किया, जिसमें अंकित की फिर से पिटाई हुई। विनय किसी तरह बचकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। पीड़ित ने बताया कि घटना के कुछ वीडियो उनके पास मौजूद हैं। उन्होंने पुलिस से मेडिकल जांच और मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने अभी तक न तो मेडिकल कराया और न ही एफआईआर दर्ज की है। इस संबंध में जानकारी करने के लिए प्रभारी निरीक्षक के करने का प्रयास किया गया ।

## हत्या के जुर्म में अभियुक्त गिरफ्तार

**कुशीनगर, 01 जून (तरूणमित्र)।** कुशीनगर के थाना विशुनपुरा स्थानीय थाना क्षेत्रांतर्गत शनिवार को ग्राम जंगल नौगावाँ में प्रथम पक्ष उमेश गोड़ पुत्र चन्द्रिका गोड़ और द्वितीय पक्ष तुफानी यादव पुत्र सुचित यादव के मध्य जमीनी विवाद में बीच बचाव करने दौरान एक महिला के मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर जांच किया गया। जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि उक्त विवादित जमीन पैमाइश के पश्चात उमेश गोड़ द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था इसी दौरान तुफानी यादव व उनके परिजनों द्वारा ईंट-पत्थर चलाए गए। इस दौरान बीच-बचाव करने आई सुरसती देवी पत्नी गौरी कुशवाहा उम्र 70 वर्ष निवासी जंगल नौगावाँ थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर को चोट लगने से मृत्यु हो गयी थी। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस व क्षेत्राधिकारी तमकुही राज राकेश प्रताप सिंह के द्वारा मौके पर शांति व्यवस्था कायम करने के उपरांत अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा राजु सिंह, उप निरीक्षक विजय शंकर यादव, हेड कांस्टेबल संतोष चौरसिया, कांस्टेबल रत्नाकर सिंह, सूर्य प्रताप व महेंद्र यादव के द्वारा गैर इरादतन हत्या से संबंधित अभियुक्त तुफानी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 2027 में पीडीए की सरकार बनाने को सपाइयों ने दिखाया दम खम

**रुद्रपुर,देवरिया, 01 जून (तरूणमित्र)।** उपनगर के आदर्श चौराहा स्थित एक प्रतिष्ठान में समाजवादी पार्टी की बैठक विधानसभा अध्यक्ष संतोष यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान संगठन की समीक्षा महाराजगंज के पूर्व जिला अध्यक्ष /प्रभारी राजेश यादव के मौजूदगी में हुआ। प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की मंशा के अनुरूप पीडीए की सरकार 2027 में बने, इसके लिए जोन प्रभारी व सेक्टर प्रभारी अपने जोन और सेक्टर में हर वर्ग के साथ जुड़कर संगठन और अपने बूथ को मजबूत करें ताकि 2027 में अपने नेता अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाया जा सके। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। पार्टी अपने हर कार्यकर्ता का सम्मान करती है।

इस दौरान प्रदेश सचिव विजय प्रताप यादव, पूर्व विधायक खोखा सिंह, राष्ट्रीय सचिव हाफिज अंसारी, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अवनीश यादव, जोन प्रभारी अमर नाथ, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा, सतीश यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामसेवक यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिकंदर यादव, प्रदेश सचिव राम प्रकाश चौधरी, बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मुरारी कनौजिया, जिला मीडिया प्रभारी गोपी चौधरी, पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष लल्लन गुप्ता, मदनपुर चेयरमैन प्रतिनिधि अली आजम शेख, हरेंद्र सिंह त्यागी आदि ने सम्बोधित किया। सभा का संचालन विधानसभा महासचिव बृजेश पासवान ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने को श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**देवरिया, 01 जून (तरूणमित्र)।** पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थानों,चौकियों में श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की गई तथा वाहनों का क्रमवार खड़ा किया गया। इस दौरान पेड़ों-पौधों की सफाई, सूखे पत्तों की सफाई तथा पौधों की नियमित छंटाई कर उन्हें सुव्यवस्थित रूप दिया गया, जिससे परिसर की सुंदरता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। इस दौरान कार्यालय के रजिस्टरों का रख-रखाव ठीक किया गया। पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु संकल्प लिया और स्वच्छता का संदेश दिया।

### योग करने से लोग रहते निरोगी – योगाचार्य

**बस्ती , 01 जून (तरूणमित्र)।** इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चैप्टर एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित योग अभ्यास श्रृंखला के अंतर्गत, प्रदेश के चेयरपर्सन पियूषकांत मिश्रा एवं सेक्रेटरी अमित गर्ग के दिशा-निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेष श्रृंखला में प्रत्येक रविवार को सुबह 7 से 8 बजे विशिष्ट योगाचार्यों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से योग प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के पूर्वी जोन अध्यक्ष डॉ. नवीन सिंह ने बताया कि इस वर्ष पूरे जिले में 10 सिग्नेचर इवेंट योग संगम,योग बंधन,योग पार्क ,योग समावेश,योग प्रभाव,योग कनेक्ट,योग समर्पण,हरित योग,योग महाकुंभ,संयोग योग दिवस को ऐतिहासिक रूप देने का संकल्प लिया गया है।इस अवसर पर चैतन्य योग संस्था एवं इंडियन योग एसोसिएशन के पूर्वी जोन के सचिव योगाचार्य आशीष टंडन द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा,स्योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास करवाया यदि हम प्रतिदिन योगासन एवं प्राणायाम करें अपने लिए समय दें तो हमारा शरीर स्वस्थ और निरोगी बन सकता है।

### कार की चपेट में आने से मासूम की मौत

**गुलरिहा*गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज), 01 जून (तरूणमित्र)।** चिलुआताल क्षेत्र के तीन नंबर बोरिंग के पास एक छह वर्षीय मासूम बच्ची एक सफेद रंग की कार की चपेट में आ गई। आसपास के लोग जब तक पहुंचते तब तक गाड़ी चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। घायल बच्ची को मेडिकल कॉलेज लाया गया, डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु शव को मर्चरी गृह में भेज दी।असम के बअरपेटी थाना क्षेत्र के कायकुची निवासी अनवर हुसैन चिलुआताल क्षेत्र के तीन नंबर बोरिंग के पास परिवार के साथ रहकर मिट्टी खोदने का काम करता है। रविवार की दोपहर अनवर की छह वर्षीय बेटी अमीना खातून फर्टिलाइजर रोड के पास खेल रही थी। करीब 2 बजे एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार बच्ची को कुचलकर भाग गयी। आसपास के लोगों की मदद से घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### विकलांग व वृद्ध होने के बाद भी पेंशन नहीं

**उतरौला (बलरामपुर),1 जून (तरुणमित्र)।**श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगना के मुरावनडीह गांव निवासी 60 वर्षीय वासुदेव शारीरिक रूप से विकलांग हैं। उम्र और बीमारी के चलते उनकी स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। इसके बावजूद उन्हें अब तक किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।वासुदेव ने बताया कि उन्होंने विकलांग पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन दोनों के लिए कई बार आवेदन किया है। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से भी मदद की गुहार लगाई। बावजूद इसके, अब तक कोई समाधान नहीं निकला। आर्थिक तंगी के कारण उनके लिए रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी करना मुश्किल हो रहा है।वासुदेव ने कहा कि वे विकलांग पेंशन के लिए पात्र हैं, परंतु अगर किसी कारणवश उन्हें विकलांग पेंशन नहीं दी जा सकती, तो वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया जाए। उनका कहना है कि उम्र और विकलांगता दोनों ही परिस्थितियां उन्हें रोजमर्रा की चुनौतियों से लड़ने में और कमजोर बना रही हैं।गांव के सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि वासुदेव वास्तव में जरूरतमंद हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के हकदार भी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाए।

# तेज रफ़्तार पिकअप की टक्कर से पुजारिन की मौत

**उतरौला (बलरामपुर), 1 जून (तरुणमित्र)।** तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से मंदिर पुजारिन की मौत, चालक फरारेहराबाजार क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में मंदिर में वर्षों से सेवा कर रहीं 55 वर्षीय महिला पुजारिन की तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।घटना रेहराबाजार थाना क्षेत्र के ब्लॉक चौराहे स्थित मुस्तैनी बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर परिसर की है। किरतापुर निवासी मृतका कौशल्या देवी पुत्री जियालाल कई वर्षों से मंदिर में पूजा-पाठ एवं साफ-सफाई का कार्य कर रही थीं। शुक्रवार सुबह वे रोज की तरह मंदिर परिसर में झाड़ू लगा रही थीं, तभी मनकापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि कौशल्या देवी को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेहराबाजार पहुंचाया, जहां से स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर किया गया। लेकिन वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. गिरधर चौहान ने बताया कि महिला को गंभीर अवस्था में सीएचसी लाया गया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।घटना के संबंध में रेहराबाजार निवासी आशीष गुप्ता ने थाने में दी गई तहरीर में घटना की पूरी जानकारी दी।

# मरणोपरान्त पद्मश्री से अंलकृत, प्रपौत्र अनूप सम्मान लेकर वापस लौटे

**कुशीनगर, 01 जून (तरूणमित्र)।** दीनदयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बिचारों से प्रभावित होकर भुलई भाई ने सरकारी सेवा से त्याग पत्र देकर सत्तर के दशक में जनसंघ का दामन थाम लिया था। उन्नीस सौ चौहत्तर से सतहत्तर तक तथा उन्नीस सौ सतहत्तर से उन्नीस सौ अस्सी तक दो बार नेबुआ नौरंगिया विधान सभा से दीपक चुनाव चिन्ह से जनसंघ से विधायक रहे । पूर्व विधायक श्रद्धेय श्रीनारायण उर्फ ह्यभुलई भाईह्न को भारत सरकार ने विगत दिनों राष्ट्रपति भवन में मरणोपरान्त पद्मश्री से अलंकृत किया ह्नउनके प्रपौत्र अनूप चौधरी को राष्ट्रपति भवन में महामहिम श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने पद्मश्री प्रदान किया । पद्मश्री लेकर प्रथम बार जनपद आगमन पर कुशीनगर जनपद के कप्तानगंज तहसील अंतर्गत बोदरवार बाजार स्थित सम्मे चौक पर कार्यकताओं ने श्रीराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम गोरखपुरी के नेतृत्व में फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया ।पूर्वांचल के लिए यह गौरव का विषय है ।



निःस्वार्थ सेवा, जन-जन से जुड़ाव, लोककल्याण की भावना,सादगी 'भुलई भाई' के व्यक्तित्व की पहचान थी।जीवन पर्यन्त भूलई भाई ने दलगत भावना से ऊपर उठकर राजनीति की । इसीलिए विपक्ष के लोग भी इनका सम्मान करते थे । सन् दो हजार चौबीस में छियानवें वर्ष की उम्र में इन्होंने दीपावली के दिन अन्तिम सांस ली थी । पद्मश्री से अलंकृत होने के बाद इनके प्रपौत्र अनूप चौधरी का बोदरवार में प्रथम आगमन पर ग्रामीणों तथा भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया गया ।इस दौरान भाजपा नेता तथा ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया,अवधेश गिरी, पप्पू सिंह, बिरेन्द सिंह , रामानन्द विश्वकर्मा, दुर्गेश कन्नौजिया, विजय मल्ल, गोविन्द मिश्र आदि सैंकड़ों लोग स्वागत करने वालो में मौजूद रहे है ।

# रेलवे प्रशासन यात्रियों को यात्रा के दौरान देगा स्वच्छ वातावरण

**गोरखपुर , 01 जून (तरूणमित्र)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने हेतु क्लीन ट्रेनस्टेशन (सी.टी.एस.) एवं ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओ.बी.एच.एस) के अन्तर्गत गाड़ियों की साफ-सफाई कराई जाती है।क्लीन ट्रेन स्टेशन योजना के अन्तर्गत ट्रेनों के नामित स्टेशन पर पहुंचते ही टॉयलेट की सफाई मशीनीकृत (जेट वैक्यूम बफिंग)तरीकों से तथा विंडों ग्लास की सफाई भी आधुनिक तरीके से किया जाता है। विशेष रूप से टॉयलेट की सफाई एवं उसे किटाणुमुक्तकरने पर ध्यान दिया जाता है। पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर, ऐशबाग एवं छपरा स्टेशन क्लीन ट्रेन स्टेशन नामित हैं, जिसमें से गोरखपुरस्टेशन पर 37, ऐशबाग स्टेशन पर 14 तथा छपरा स्टेशन पर 22 सहित कुल 73 ट्रेनों की साफ-सफाई प्रतिदिन की जाती है।इसके अतिरिक्त ट्रेनों में यात्रा के दौरान स्वच्छता को सुनिश्चित करने हेतु ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस की व्यवस्था है।पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के 38 एवं इज्जतनगर मंडल के 32 तथा लखनऊ मंडल के 80 ट्रेनों सहित कुल 150 ट्रेनों में ऑन बोर्डहाउसकीपिंग सर्विस की सुविधा उपलब्ध है। जिनके द्वारा साफ-सफाई सुनिश्चित की जाती है। इसके अतिरिक्त टेज्नों में यात्री, रेल मददके हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल कर किसी भी समय (ओ.बी.एच.एस) कर्मचारी को बुलाकर कोच की सफाई करा सकते है।ओ.बी.एच.एस. स्टाफ साफ-सफाई से सम्बंधित सभी इक्यूपमेन्ट जैसे वाईपर, कपड़ा, डस्टर, डिस्पोजल बैग, कामोड ब्रश, केमिकलआदि अपने पास रखते हैं।ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग कर्मचारियों को टेज्नों में साफ-सफाई एवं गारबेज के निपटान के लिए गारबेज बैग उपलब्ध करायेजाते है, जिसमें गाड़ियों में साफ-सफाई के बाद कचरे को गारबेज बैग में रखा जाता है। इस गारबेज बैग को नामित क्लीन ट्रेन स्टेशनपर निस्तारित किया जाता है, जहाँ से उसे गारबेज डिस्पोजल प्वाइंट पर भेज दिया जाता है। इसी प्रकार गंतव्य स्टेशन भेज दिया जाता है।

## यूनीक ग्लोबल एकेडमी में एक दिवसीय एडवेंचर एक्टिविटी का आयोजन

**बस्ती , 01 जून (तरूणमित्र)।** यूनीक ग्लोबल एकेडमी पायकपुर में एकदिवसीय एडवेंचर एक्टिविटी का हुआ आयोजन जिसमें यूनिक साइंस एकेडमी तथा यूनीक ग्लोबल एकेडमी के बच्चों ने प्रतिभाग किया।रोप एंड रॉक एडवेंचर एक्टिविटी के प्रशिक्षक विजय प्रताप सिंह ने साहसिक ट्रेम्पिलंग, कमानडोनेट,वर्मा ब्रिज वालक्लाईंबिंग, जिपलाइन, रोलर, कमांडो क्रोल,हॉपस्काच बॉडीजोरब, रोपलैडर आर्चरी, डबल रो, मोगली वाक, टायरवाल, लेजर बीन, मिक्की माऊस,डांट एक्टिविटी आदि में बच्चों को शामिल कर उन्हें संकट के समय बचाव के उपाय को भी बताया। यूनीक ग्लोबल एकेडमी के डायरेक्टर आलोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा की बच्चों के मानसिक एंव शारीरिक विकास के लिए ऐसी एक्टिविटी करवाते रहेंगे।विद्यालय परिवार से दुर्गेश कुमार, दिलीप श्रीवास्तव, अंशू उपाध्याय, संगीता श्रीवास्तव,सुमन सिंह,सविता, बुशरा करामात, विन्दुसार सिंह, दिलीप सिंह,शिखा पाण्डेय, चंद्र प्रभा, बलवंत,नागेंद्र, कोनिका, आराध्या, नाजिरा, रघुबीर सिंह, उद्धव, साकेत, भृगु नाथ, कमलेश,मांडवी, प्रिया,आकाश,आँचल, शिवांगी, यास्मीन, आकांक्षा पाण्डेय,, अमन,श्रीचंद आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों को दी गई नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी



**बस्ती , 01 जून (तरूणमित्र)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत चौथे दिन रुधौली ब्लॉक के ग्राम मझौवा कला, हरैया मिश्र एवं पकरी सोयम में कृषक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को उन्नत एवं नवीन कृषि तकनीकों से अवगत कराना था, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता एवं आय में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में जनपद के जिला कृषि रक्षा अधिकारी रतन शंकर ओझा, कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती के वैज्ञानिक आर. वी. सिंह तथा हरिओम मिश्र ने किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने, कीट एवं रोग प्रबंधन, जैविक तथा प्राकृतिक खेती की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रेमनारायण मिश्र एवं एटीएम वीरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में किसानों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से खेती संबंधी समस्याओं के समाधान प्राप्त किए। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

# बच्चों ने सीखा कल्पनाशील कहानी भाषा वृक्ष बनाने का तरीका

**संत कबीर नगर, 01 जून (तरूणमित्र)।** सेमरियावां( संतकबीरनगर) रविवार को समर कैंप के 12 वें दिन ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा के बच्चों ने कल्पनाशील कहानी, भाषा वृक्ष बनाने का तरीका सिखा। बच्चों द्वारा निर्मित कल्पना शील कहानी और भाषा वृक्ष निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभा व उनका उत्साह देखकर सभी हैरान रहे।समय कैम्प की रेस्पी के हिसाब से रविवार को नोडल शिक्षक कमरे आलम सिद्धकी के नेतृत्व में बच्चों ने बच्चों ने कल्पनाशील कहानी, भाषा वृक्ष बनाने का तरीका सीखा। इस दौरान बच्चे पूरी तरह से उत्साहित दिखे। समर कैंप में शिक्षक मुहम्मद इश्तियाक अंसारी ने कहा कि कल्पनाशील कहानियाँ वे कहानियाँ हैं जो पूरी तरह से कल्पना पर आधारित होती हैं। इनमें काल्पनिक पात्र, स्थान, और घटनाएं होती हैं, जो वास्तविकता से अलग होती हैं. ये कहानियाँ हमें एक अलग दुनिया में ले जाती हैं, जहां कुछ भी संभव है। कल्पनाशील कहानियाँ रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं और लेखकों को अपनी रचनात्मकता को उजागर करने का अवसर प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि भाषा वृक्ष, जिसे व्याकरणिक वृक्ष भी कहा जाता है, एक ग्राफिकल प्रतिनिधित्व है जो किसी भाषा में शब्दों के वाक्यविन्यास संरचना को दशार्ता है। यह दशार्ता है कि कैसे नियम और शब्द एक साथ आते हैं, जिससे पूरे वाक्य बनते हैं। भाषा वृक्ष को बनाने के लिए, आप वाक्य को उसके छोटे हिस्सों में विभाजित करते हैं, जैसे कि संज्ञा, क्रिया, विशेषण, आदि, और फिर उन्हें एक व्यवस्थित पेड़ के रूप में व्यवस्थित करते हैं। समर कैंप के प्रारंभ में शिक्षक जुबेर अहमद द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षक ने बताया कि जीवन में निरोगी रहने के लिए योग व प्राणायाम बहुत जरूरी है। इसको अपने दिनचर्या में शामिल करना पड़ेगा। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुस्सलाम, मोहम्मद परवेज अख्तर, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, ओजैर अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव ने पंचायत भवन कटरा व एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती, 01 जून, (तरुणमित्र)।** प्रदेश के प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले विभाग, उत्तर प्रदेश शासन श्री रणवीर प्रसाद जी ने शनिवार को विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत पंचायत भवन कटरा का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख सचिव ने पंचायत कार्यालय में रखे अभिलेखों का भी गहन सत्यापन किया। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित रजिस्टर, भुगतान विवरण और लाभार्थी सूचियों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभिलेखों का रख-रखाव नियमित और पारदर्शी ढंग से किया जाए।उन्होने ग्राम पंचायत में कराये जा रहे विकास कार्यो की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं।तदोपरान्त प्रमुख सचिव ने श्रावस्ती स्थित एयरपोर्ट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने



एयरपोर्ट की संचालन व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा मानकों आदि की विस्तार से समीक्षा की। इसके अलावा प्रमुख सचिव ने टर्मिनल भवन, चेक-इन काउंटर एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रमुख सचिव महोदय को अवगत कराया कि समय-समय पर उनके द्वारा भी एयरपोर्ट का निरीक्षण किया जाता है तथा सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश भी निर्गत किये जाते है।उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद सहित एयरपोर्ट अथॉरिटी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रानी अहिल्याबाई की जयंती पर प्रतियोगिता आयोजित

**बस्ती , 01 जून (तरूणमित्र)।** महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बस्ती में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य डा0 मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर जी के समस्त कार्यों एवं संघर्षो का परिचय देते हुए महिला सशक्तीकरण को प्रोत्साहित किया गया। शासन से प्रदत्त दिशा-निदेर्शों के क्रम में भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रम संपन्न किये गये। संबंधित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की प्रो0 डॉ0 प्रियंका केसरवानी, कार्यक्रम नोडल अधिकारी, डॉ0 आनन्द बिहारी, डॉ0 ऋचा, प्रधानाचार्या व उप-प्रधानाचार्या नर्सिंग कालेज, अन्य फैकल्टी, कार्मिकगण व अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दहेज मृत्यु का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा , 01 जून (तरूणमित्र)।** तरबगंज पुलिस द्वारा मु०अ०सं० 157/2025 धारा 80(2), 85 बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार गौतम को बनगांव बंधे के पास से रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मिली जानकारी अनुसार दिनांक 25 मई को वादिनी मधु द्वारा थाना तरबगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि उसकी पुत्री को उसके ससुरालजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते हुए जहर खिला दिया गया था जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तरबगंज में सुगंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी तरबगंज द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान दोषी पाये गए आरोपी अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार गौतम पुत्र देवीदीन निवासी बनगांव बगिया थाना तरबगंज जनपद गोण्डा को बनगांव बंधे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# बारातियों से भरी पिकअप की डीसीएम से भिड़ंत, पांच की मौत

- रैपुरा थानाक्षेत्र के भखरवार गांव में हुआ हादसा
- एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

चित्रकूट, 01 जून (तरूणमित्र)। बारातियों से भरी पिकअप सामने से आ रही डीसीएम से टकरा गई। हादसे में पांच लोग की मौत हो गई। जिसमे सात की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना होते ही चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया।

जिसमे डॉक्टर ने चार को मृत घोषित कर दिया वही घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी गांव के पास भखरवारा मोड़ पर रविवार दोपहर 1 बजे मऊ की तरफ से बारातियों से भरी पिकअप आ रही थी तभी कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि दूर तक आवाज सुनाई दी। आवाज सुनते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे उन्होने इसकी सूचना पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसपी अरुण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। घायलों को तत्काल रामनगर सीएचसी में भर्ती करायाा।

पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ने हादसे के कारणों की जांच के निर्देश दिए हैं और सभी घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था कराने का भरोसा दिलाया है।

**पांच की मौत, आठ घायल**

सडक हादसे मे रामू साहू, दुर्गा प्रसाद, बच्चा प्रसाद (45), और संतराम (38) को डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। वही घायल भइयन, शांतिभान, इमरान, हीरो मालवी, सादिक, दूधनाथ और कोनैन का इलाज जारी है।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत

बांदा, 01 जून (तरूणमित्र)। बाइक से बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक को ट्रक ने टक्कर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के रानीपुर मटखना गांव निवासी अनिल 32 पुत्र गौरा की बहन रोशनी की 7 जून को शादी थी ।अनिल अपने साथी जगदीश 35 पुत्र राजू के साथ बाइक में बैठकर शनिवार की दोपहर नरैनी आ रहे थे । तभी नर्दहा चौकी के पास बाइक खड़ी करके दोनों लोग पानी पी रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दिया । जिससे जगदीश की मौत हो गई ।अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया । उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान देर रात उसने भी दम तोड़ दिया ।मौत की खबर मिलते ही घर वालों में सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कांग्रेसियों ने पार्टी नेता की बहन की मौत पर जताया शोक

बांदा, 01 जून (तरूणमित्र)। तिंदवारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरहरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व मे कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस नेता राम मिलन सिंह के निवास पर पहुंचा विगत दिवस जिनकी बहन श्रीमति कविता सिंह की एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की गई एवं ईश्वर से प्राथना की गई कि मृत आत्मा को प्रभु अपने चरणों में स्थान प्रदान करे तथा शोक संतृप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में शक्ति प्रदान करे।

# नशा समाज को दूषित कर अपराध को देता है जन्म : पारुल

## थानाध्यक्ष सौजना ने जन चौपाल आयोजन



ललितपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। सौजना थानाध्यक्ष पारुल सिंह ने ग्राम रुकवाहा में आयोजित जन चौपाल में कहा कि नागरिक पुलिस का सहयोग करें तो निश्चित ही समाज में भयमुक्त वातावरण का निर्माण होगा। उन्होंने ग्रामीणों को नशा से दूर रहने की नसीहत देते हुए कहा कि नशा समाज को न सिर्फ दूषित करता है बल्कि अपराधों को भी जन्म देता है। नशा के दुष्परिणामों से कई परिवार विघटन की स्थिति में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड पीड़ित हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कभी भी कॉल कर सकते हैं। शिकायत पर साइबर फ्रॉड से संबंधित विवरण लिया जाएगा और फ्रॉड रिपोर्टिंग और मैनेजमेंट सिस्टम पर एक टिकट जारी किया जाएगा। नेशनल हेल्पलाइन नंबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक और ऑनलाइन वॉलेट के सहयोग से डेवलप किया गया है। हेल्पलाइन नंबर होने से वे लोग भी साइबर क्राइम को रिपोर्ट कर सकेंगे, जो इंटरनेट इस्तेमाल करने में सक्षम नहीं हैं। साथ ही, साइबर क्राइम को रिपोर्ट करने के लिए थाने का चक्कर नहीं लगाना होगा। शासन की इसी मंशा के चलते थाना क्षेत्र के गांव-गांव में जनचौपालों का सतत आयोजन किया जा रहा है।

# पूर्व सांसद को वीवीआईपी सुविधाएं : सुरक्षात्मक मोड में आया जेल प्रशासन

## डालसा ने की कार्यवाही की बात
## डनलप के गद्दे पर सोता था जहीर

ललितपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। जिला जेल में बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर को वीवीआईपी ट्रीटमेंट दिए जाने के मामले में जेल प्रशासन ने अपनी सफाई दी है। जेल अधीक्षक मुकेश कुमार ने साफ किया कि उन्हें पूर्व सांसद को दी जा रहीं विशेष सुविधाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इधर बताया जा रहा है कि बंदियों पर जेल प्रशासन का इतना खौफ था कि बंदी कुछ बोलने के बारे में भी डर रहे हैं। जबकि निरीक्षण में जेल के अंदर अनियमितताओं की खुली तस्वीर सामने आई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल द्वारा जिला कारागार के औचक निरीक्षण में पूर्व सांसद के अलावा जेल प्रशासन द्वारा कुछ बंदियों को भी विशेष सुविधाएं प्रदान करने तथा साफ-सफाई संबंधी गंभीर अनियमितताएं मिली थीं। पूर्व सांसद को दी जा रहीं विशेष सुविधाओं में वीआईपी गद्दा, तकिया, और बैटरी से चलने वाला पंखा, उनके तकिये के नीचे ?30,000 नकद, देशी घी, मिठाई, ब्रांडेड तेल, शैंपू, क्रीम, और अचार जैसी वस्तुएं मिली। इसी बैरक में अन्य 4 कैदी भी जमीन पर प्लास्टिक की पन्नी में रोटी-दाल खाते हुए पाए गए। पुरुष बैरक की दीवारों पर गुटखा थूकने के निशान और बाहर तंबाकू के खाली पाउच बिखरे हुए मिले और गोपनीय बैरक में विशेष भोजन मिला। एक बंद बैरक को स्टोर रूम बताया गया,



लेकिन उसे खोलने पर पता चला कि वहां कुछ बंदियों के लिए अलग से भोजन तैयार किया जा रहा था, जबकि जेल नियमों के अनुसार सभी को समान भोजन मिलना चाहिए।

अब डालसा के सचिव जायसवाल जेल में सभी बंदियों के साथ समान व्यवहार के साथ विशेष सुविधाएं देने और स्वच्छता की अनदेखी पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं। डालसा द्वारा जिला जेल प्रशासन को नोटिस जारी किया गया और मामले की विस्तृत रिपोर्ट जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष डालसा को सौंपी जाएगी।

## चारधाम यात्रा के लिये श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

चित्रकूट, 01 जून (तरूणमित्र)। शनिवार को चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। जिले के राम सैया गांव से अवध कुमार शुक्ला के नेतृत्व में यह यात्रा दल हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के दर्शन करेगा। श्रद्धालुओं को दो विशेष बसों में बिठाया गया। यात्रा में राजापुर, सिंहपुर, मझगवां, सतना, मानिकपुर, मऊ, बांदा, बबेरू, बिसंडा और अतर्रा क्षेत्र के तीर्थयात्री शामिल हैं। गांव की गलियों में जय श्री केदारनाथ और जय बद्रीनाथ के जयघोष गूंज रहे थे। परिजनों ने श्रद्धालुओं को फूल-मालाएं पहनाकर भावुक विदाई दी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी यात्रियों के स्वागत और विदाई में सहयोग किया।

# स्टेशन वाले बाबा की दरगाह पर 46वां उर्स शरीफ आयोजित

## मुख्य अतिथि डॉ संदीप ने दिया सर्वधर्म सद्भाव का संदेश

झाँसी, 01 जून (तरूणमित्र)। बबीना स्थित रेलवे स्टेशन पर हजरत कुतुबुल अकताब सैय्यद एवज अली शाह रहमतुल्लाह अलैह (स्टेशन वाले बाबा) की दरगाह पर 46वें उर्फ शरीफ एवं लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने दरगाह पर हाजिरी दी, मन्नतें मांगी और लंगर प्रसाद ग्रहण किया। मजार कमेटी की ओर से जामा मस्जिद बबीना से बाबा की चादर शरीफ निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए बाजे-गाजे, सूफियाना कलामों



और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ दरगाह पहुंची। साथ ही शास्त्री नगर स्थित मस्जिद व मदरसा गौसिया से शेरे इस्लाम मुस्लिम युवा कमेटी के तत्वावधान में एक और चादर यात्रा निकाली गई, जो दरगाह पर चढ़ाई गई।

मुख्य अतिथि संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ संदीप सरावगी सहित विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अभिनंदन जैन, राजेंद्र शर्मा, अखिलेश गुरुदेव, मुलायम सिंह रजक, कलाम कुरैशी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मजार कमेटी के अध्यक्ष शेख मुख्तार भोलू कुरैशी के अतिरिक्त इस अवसर पर दीपक सिंह, दीपक अहिरवार, ग्राम प्रधान बबीना दीनदयाल अहिरवार, शैलेश, सोनू शिवहरे, नईम खान और आरपीएफ बबीना के एसआई गनेन्द्र सिंह, संदीप नामदेव, भारत राज अहिरवार, राकेश अहिरवार राजू सेन , मास्टर मुन्नालाल ,अरुण पांचाल , बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# नमामि गंगे में भ्रष्टाचार के आरोप, युवा मोर्चा ने दिया ज्ञापन

ललितपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। नमामि गंगे परियोजना के तहत जिले में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला ने शासन को पत्र लिखकर जिला प्रशासन और ठेकेदारों पर गुणवत्ताहीन कार्यों, धन के दुरुपयोग और जनता की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।आरोप हैं कि अधूरी सड़क मरम्मत, पेयजल पाइपलाइन बिछाने के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को खोदा गया, लेकिन मरम्मत कार्य ठीक से नहीं किया गया। कई स्थानों पर गड्ढे भरने के लिए केवल मिट्टी डालकर काम चलाया गया, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई है।



जल संरक्षण के लिए बनाई गई टंकियों में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे उनमें दरारें आ गई हैं। कई टंकियां पूरी तरह काम नहीं कर रही हैं, जिससे जलभराव की समस्या पैदा हो रही है। योजना के कार्यों की निगरानी के लिए ग्राम स्तर पर कोई जनसुनवाई या सूचना साझा नहीं की गई। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों की अनदेखी करके कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। पत्र में मांग की गई है कि जिले में नमामि गंगे परियोजना के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि हमें अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। यदि कोई अनियमितता हुई है, तो उसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## तकनीकी खराबी के चलते सेना का ड्रोन गिरा

झांसी, 01 जून (तरूणमित्र)। बबीना सैन्य क्षेत्र में तकनीकी खराबी के चलते सेना का ड्रोन गिर गया। नागरिकों ने आवाज के साथ ब्लिंक होती नीली -सफेद लाइट के साथ किसी चीज को खेत में गिरते देखा तो दहशत में आ गए और पुलिस व सेना को सूचना दी जिसके बाद सेना के अधिकारी, इंटेलिजेंस टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच पड़ताल के बाद सेना के अधिकारी ड्रोन को अपने साथ ले गए। घटना के बारे में पता चला कि मनकुआँ गाँव के पास बबीना सैन्य क्षेत्र के 7 मैक यूनिट की ओर से टेस्टिंग कर निगरानी के लिए ड्रोन को उड़ाया गया था परन्तु तकनीकी खराबी के कारण ड्रोन गिर गया।लोग ड्रोन से काफी दूर चले गए और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। तब बबीना थाना प्रभारी तुलसीराम पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मनकुआं गांव बबीना फायरिंग रेंज की सीमा से लगा हुआ है। इस पर थाना प्रभारी ने ड्रोन गिरने की सूचना सेना को दी। 7 मैक यूनिट के सूबेदार कुलदीप चंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। सेना पुलिस और इंटेलीजेंस टीम भी पहुंच गई। सूबेदार ने ड्रोन के फोटो अपने उच्चाधिकारियों को भेजे। उनसे बातचीत की। इसके बाद ड्रोन को सेना अपने साथ ले गई।

# आठ चोर गिरफ्तार, स्कार्पियों सहित चोरी का माल भी बरामद

ललितपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। पुलिस और स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने एक संगठित अंतर्राज्जीय चोर गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हांसिल की है। यह गिरोह, जिसमें अधिकांश अभियुक्त गौंड समुदाय से हैं, मध्य प्रदेश के सागर जिले से संचालित हो रहा था। पुलिस ने पहले तीन अभियुक्तों को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया था और अब पांच और अभियुक्तों को टैलैगो ग्राउंड, ललितपुर से हिरासत में लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से अवैध हथियार, चोरी के उपकरण, एक बोलेरो और एक स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है। यह कार्रवाई थाना कोतवाली ललितपुर में दर्ज चोरी के प्रयास के मामले के तहत की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि अज्ञात चोरों ने 31 मई को तिलक सिंह पुत्र भैरों प्रसाद, निवासी गौर कॉलोनी के मकान का ताला काटकर चोरी का प्रयास किया। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस, और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर जांच शुरू की। 31 मई को नाकाबंदी के दौरान महरौनी की ओर से आ रही एक बोलेरो कार को रोकने का प्रयास किया गया। संदिग्धों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस की आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में तीन अभियुक्त बुंदेल सिंह, देशपाल, और सूरज-घायल होकर पकड़े गए। इसके बाद, सघन जांच और सर्विलांस के आधार पर पांच अन्य अभियुक्तों- रोहित, नेपाल उर्फ राजा गौड़, खुशीराम, बृसने उर्फ ब्रासनीय और आकाश को टैलैगो ग्राउंड से गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नशेलची ने कुत्ते पर चाकू से हमला कर मार डाला

झांसी, 01 जून (तरूणमित्र)। बड़ागांव गेट बाहर सड़क के कुत्ते द्वारा हमला किये जाने के बाद नशे में धुत्त नगर निगम के सफाई कर्मचारी ने चाकूओं से हमला कर कुत्ते को मार डाला। हमला इतना वीभत्स था कि कुत्ते की आंतें फटकर बाहर निकल आईं। यह देख आरोपी भाग गया। घायल डॉग को पशु प्रेमियों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। लोगों ने कुत्ते का वीडियो सोशल मीडिया पर ट्विट कर दिया। इसके बाद पुलिस एक्शन में आ गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बड़ागांव गेट बाहर निवासी जमुना बाल्मीकि नगर निगम में सफाई कर्मचारी बताया जा रहा है। पशु प्रेमी कुत्ते को ई-रिक्शा से पशु चिकित्सक के पास भी ले गए लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाली थाना प्रभारी राजेश पाल सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

### सोमनाथ से अयोध्या तक पदयात्रा कर रहे धावक का विहिप ने किया सम्मान

चित्रकूट, 01 जून (तरूणमित्र)। विश्व हिंदू परिषद अशोक सिंघल फाउंडेशन के धावक नरेंद्र सिंह यादव सोमनाथ से अयोध्या तक की पदयात्रा कर रहे हैं। वे 1 जून को सुबह 4 बजे चित्रकूट से पहाड़ी होते हुए राजापुर के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान पहाड़ी में पूर्व प्रधान सानंत कुमार त्रिपाठी, डॉ अर्पित त्रिपाठी और राघवेंद्र प्रताप सिंह ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सौरभ साहू ने मार्ग में जलपान की व्यवस्था की। विशाल मिश्रा ने राजापुर में भोजन और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की। पहाड़ी में पत्रकारों द्वारा राजनीतिक प्रश्न पूछे जाने पर नरेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि यह यात्रा किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि वे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता हैं और यह यात्रा प्रभु श्री राम को समर्पित है। यात्रा में विश्व हिंदू परिषद के कई पदाधिकारी साथ चल रहे हैं। इस मौके पर राकेश पाण्डेय, अमित मिश्रा, अजय यादव, नीरज केसरवानी, अंकित सिंह, कामता चतुवेर्दी, विनीत गुप्ता, अतुल त्रिपाठी, सुनील मिश्रा मौजूद रहे।

### रोटी बैंक सोसाइटी ने मरीजों को बांटे फल और बिस्किट

बांदा, 01 जून (तरूणमित्र)। रविवार को बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की महिला टीम की अध्यक्ष श्रीमती तबस्सुम फात्मा की अध्यक्षता में महिला टीम की महिला सोशल मीडिया प्रभारी रिचा रैकवार के नेतृत्व में महिला टीम के सहयोग से महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डा. श्रीमती सुनीता सिंह के निर्देशन में डा. प्रिया सिंह की उपस्थिति में, महिला टीम के द्वारा हर माह की तरह इस बार भी महिला जिला चिकित्सालय बाँदा के मरीजों और तीमारदारों को फल,बिस्किट आदि का वितरण किया गया ।इसके साथ ही महिला टीम की सदस्य श्रीमती रश्मि सिंह और श्रीमती फरजाना बेगम के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया ।उक्त फल,बिस्किट आदि पाकर मरीजों और उनके तीमारदारों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं से नवाजा ।उक्त फल वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों,सदस्यों ने मरीजों और उनके तीमारदारों को सेवा प्रदान की। रिजवान अली अध्यक्ष,मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष,सुनील सक्सेना संगठन मंत्री,मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,शकील खान ,रिया खान महिला महामंत्री,शहाना खान, अनम खान सदस्य आदि मौजूद रहे।

### गायत्री शक्तिपीठ में पूजा-पाठ,हवन संग मरीजों का भी होता मुफ्त इलाज

बांदा, 01 जून (तरूणमित्र)। आम तौर पर मंदिरों में सुबह-शाम नियमित रूप से पूजा-पाठ होते हैं. भक्त भगवान से अपने दुख-दर्द हरने की प्रार्थना करते हैं. लेकिन, बांदा के शास्त्री नगर स्थित गायत्री मंदिर में पूजा-पाठ के साथ रोगियों का उपचार भी किया जाता है. मंदिर में महिला डाक्टर नीतिका साहू बीएचएमएस होम्योपैथिक विशेषज्ञ अपनी निःशुल्क सेवाएं दे रही है और यहां आने वाले लोगों का इलाज कर रही है हैं। यह डाक्टर सप्ताह में नियमित रूप से एक से दो घंटे मंदिर में लोगों का इलाज करती हैं। गायत्री शक्तिपीठ के नवीन निगम व आरके अग्रवाल ने बताया की चिकित्सा की शुरूआत की गई है जो अब धीरे-धीरे विस्तृत हो रही है। मंदिर में आए भक्तों और मरीजों का निरूशुल्क उपचार सेवा हैं. मंदिर में किसी भी जाति या धर्म का मरीज आ कर अपना इलाज करवा सकता है. यहां बड़ी संख्या में अलग-अलग धर्मों के लोग उपचार के लिए आते हैं।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर गोष्ठी आयोजित

बांदा, 01 जून (तरूणमित्र)। जिला नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा, कि तम्बाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी खपत को कम करने के लिये एवं प्रभावी नीतियों की वकालत करने के लिये विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा, कि प्रतिवर्ष तम्बाकू से होने वाले कैंसर से लाखों मौतें हो जाती है। फिर भी लोग धूम्रपान करना नहीं छोड़ रहे है। जागरुकता का अभाव, फैशन, दिखावा के चक्कर में युवाओं को लत लग रही है। माँ-बाप जो पहले से तम्बाकू, गुटका, बीड़ी का उपयोग कर रहे हैं।

# नारद जयंती पर गोष्ठी आयोजित



झांसी, 01 जून (तरूणमित्र)। बुंदेलखंड महाविद्यालय में नारद जयंती पर 'वर्तमान परिदृश्य और मीडिया की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी हुई। विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित गोष्ठी में वक़्ताओं ने कहा कि पेशेवर पत्रकारिता को भारतीय चेतना एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर राष्ट्र की जड़ों को सशक्त किया है। आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र प्रचारक जतिन कुमार की उपस्थिति एवं उनके वक्तव्य से स्वयं को समृद्ध करने का अवसर भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एमएलसी रमा आर पी निरंजन, महेश पटेरिया, दीपक त्रिपाठी, सोनिया पांडे, रोहित झा, हेमंत गुप्ता, शहजाद खान, मुकेश वर्मा सहित सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के संदेश को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री मोदी

चित्रकूट, 01 जून (तरूणमित्र)। पुण्यष्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्मषताब्दी के उपलक्ष्य में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाष पाल ने भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक कर साधु संतो का सम्मान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाष पाल ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर अपने परोपकार विषेषकर मंदिरो व तीर्थ स्थानो के निर्माण के लिये प्रसिद्व थी। जिस वजह से उनको पुण्य श्लोक की उपाधि दी गयी है। उनका शासनकाल होल्कर समाज के लिये स्वर्णिम युग के रूप मे जाना जाता है। अहिल्याबाई होल्कर जनता की सेवा, भावना एवं विकास को ही अपना लक्ष्य बनाया। भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ और महिला सषक्तिकरण के माध्यम से रानी अहिल्याबाई की विरासत, सुषासन एवं सामाजिक सुधारो को जन-जन तक पहुंचा रहे है।

हमे राष्ट्रधर्म, समाज के लिये समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला मंत्री प्रेमलाल बाल्मीकि, मनोज तिवारी, अष्वनी अवस्थी, रवि गुप्ता, चन्द्रप्रकाष खरे, इं0 नरेन्द्र सिंह, दिनेष तिवारी, राघवेन्द्र सिंह, गंगाधर मिश्रा, चेयरमैन राजापुर संजीव कुमार मिश्रा, चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, रंजना उपाध्याय, हरिओम करवरिया, दषरथ प्रजापति, मुन्ना प्रजापति, इन्द्र कुमार गुप्ता, राजेन्द्र अग्रहरि आदि रहे।

## ग्राम बगेहटा में हुआ जलसे का आयोजन

बांदा, 01 जून (तरूणमित्र)। बीती रात ग्राम बगेहटा में एक अजीमुश्शान जलसा ए सीरतुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि व आलिही वसल्लम का आयोजन किया गया। जिसमे हजरत अल्लामा सैय्यद वाजिद रब्बानी साहब ने फरमाया कि ऐ मुसलमानों अगर तुम दीन को सीखोगे नहीं, और अपने बच्चों को दीनी तालीम दोगे नहीं, तो बच्चे तुम्हारे साथ बद सुलूकी ही करेंगे। ऐ लोगों अगर तुम चाहते हो कि तुम्हारी औलाद तुम्हारी इज्जत करे। तो उसको दीनी तालीम और अच्छी तरबियत दो। सैय्यद गुफरान रब्बानी साहब ने फरमाया कि अल्लाह ने तमाम नबियों को कोई ना कोई मोजजा देकर दुनिया में भेजा। लेकिन जब मोहम्मदुर रसूलुल्लाह को दुनिया में भेजा तो उनको सर से लेकर पाए अकदस तक सरापा मोजजा बनाकर भेजा। जब मेरे नबी की तरह दीगर अंबिया नहीं हो सकते हैं। तो फिर कोई उम्मती नबी की तरह कैसे हो सकते हैं।

# विकसित भारत के लिए आत्मचिंतन के साथ कार्य में जुटना जरुरी : वेंकटेश्वर

झांसी, 01 जून (तरूणमित्र)। कलेक्ट्रेट सभागार में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रयासों के तहत हुई संगोष्ठी में कर्मयोगी, अभ्युदय एवं विकसित भारत संगोष्ठी विषय पर बोलते हुए विशेष सचिव, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग व महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को धरातल पर अवतरित करने के लिए हम सभी को आत्मचिंतन के साथ कार्य करना होगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिला सशक्तिकरण अत्यधिक महत्वपूर्ण कारक है। विकसित भारत बनाने के लिए हम सभी को कर्मयोगी बनकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे,




पुलिस उप महानिरीक्षक केशव कुमार चौधरी, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने विकसित भारत की संकल्पना को सरकार बनाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शासकीय अंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रोफेसर चंद्रशेखर ने कहा कि हमें अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए हमें विचारों में लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मकता, नवाचार तथा भावनात्मकता की भावना का समावेश करना होगा। कार्यक्रम में उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग एस एन त्रिपाठी, प्रधानाचार्य राम लखन इंटर कॉलेज डॉ चित्रलेखा, जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन कुमार मैत्रेय, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जे बी शिंदे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ला, प्रधानाध्यापक राजकीय इंटर कॉलेज सतीश कुमार, उपनिदेशक उद्यान विभाग विनय कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त ऋषिमुनि उपाध्याय, अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग डॉ सुमन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वरुण कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमति ललिता यादव, सहित अन्य मंडलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय समर कैंप का हुआ आयोजन

बांदा, 01 जून (तरूणमित्र)। श्रेया आकर्ष इंस्टीट्यूट में सात दिवसीय समर कैंप का शानदार शुभारंभ आयोजित किया गया। जिसमें हिंदी राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया मार्शल आर्ट का भी बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव गांधी डिग्री कालेज के प्रचार्य डा. राम भारतसिंह तोमर भगवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक अंकित कुशवाहा संध्या कुशवाहा प्रसिद्ध उद्घोषक डाक्टर अर्चना भारती राजा भैया डिग्री कॉलेज के प्रबंधक मिंटू यादव भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अमित सेठ भोलू द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण करें एवं दीप प्रचलित कल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का



शानदार संचालन संस्था के उपाध्यक्ष प्रसिद्ध उद्घोषक पंकज रावत द्वारा किया गया।

बच्चों ने बहुत ही शानदार गीत प्रस्तुत की एवं मार्शल आर्ट का प्रदर्शन भी किया कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार राजपूत जोर नजरे आलम संस्थान के शिक्षक श्रीमती दीपावली ओमर पुष्पेंद्र विश्वकर्मा शीलू भाई कैलाश दीपू और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में संस्था की अध्यक्ष अंजू रानी दमेंले ने सभी को अंग वस्त्र देकर सभी का आभार व्यक्त किया।

# संयम रखकर व्यापारियों ने पुलिस को काम करने में दिया सहयोग : एसपी

**● सर्राफ डकैती कांड खुलासे को लेकर एसपी और व्यापारियों ने एक दूसरे का जताया आभार**

कोंच/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। सर्राफ डकैती कांड के खुलासे को लेकर कोंच के व्यापारियों ने जहां एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है, वहीं एसपी ने भी व्यापारियों का इस बात के लिए आभार जताया कि पैनिक किए बिना व्यापारियों ने पुलिस को काम करते रहने में सहयोग दिया।

देर रात कोतवाली पहुंचे एसपी ने कहा, यह घटना पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं थी लेकिन व्यापारियों ने धैर्य रखकर पुलिस के साथ जिस तरह से सहयोग किया उसके लिए पुलिस व्यापारियों को धन्यवाद देना चाहती है। पखवाड़े भर पहले कस्बे के मोहल्ला पटेल नगर स्थित नवीन ज्वैलर्स की सरार्फे की दुकान में दिनदहाड़े हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने जिस सनसनीखेज डकैती की घटना को अंजाम दिया था उसका पुलिस ने सफलतापूर्वक अनावरण कर एकाध को छोड़कर लगभग सभी बदमाशों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। हालांकि इस घटना के जल्द खुलासे के लिए व्यापारियों ने शुरू में पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश में धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन आदि का सिलसिला शुरू किया था लेकिन बाद में जब पुलिस कप्तान डॉ. दुर्गेश कुमार ने उनसे कई दौर की वार्ता कर घटना के अनावरण के लिए पुलिस को समय दिए जाने की बात की तो व्यापारियों ने अपने पैर वापस खींच लिए और पुलिस को काम करने दिया। जिसका सार्थक नतीजा यह निकला कि छह में से पांच को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। देर रात एसपी फिर कोंच कोतवाली पहुंचे तो करीब आधा सैकड़ा व्यापारियों ने वहां पहुंच कर एसपी को धन्यवाद ज्ञापित किया। एसपी ने भी पुलिस का सहयोग करने के लिए व्यापारियों का आभार जताया और कहा कि जो एक बदमाश अभी पुलिस पकड़ से बाहर है उसे भी एक-दो दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने सीओ परमेश्वर प्रसाद को निर्देशित किया कि जल्द ही इस कांड का पटाक्षेप करने के लिए टीम के साथ लग जाएं। इस दौरान सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल विजय कुमार पांडे, दरोगा अशोक कुमार वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय लोहिया, अनिल दतिया वाले, विकार अहमद, मुकेश सोनी, चंदू सोनी आदि मौजूद रहे।

## हालत बिगड़ने से अधेड़ की मौत

उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना में अचानक हालत बिगड़ने से अधेड़ की मौत हो गई। परिजनों द्वारा अधिक शराब पीने के कारण घटना होने की आशंका जताई जा रही है। बताते चलें कि एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना निवासी अजय कुमार 43 वर्ष अहिरवार गांव में सिलाई की दुकान कर कपड़े बनाने का कार्य करता था। बताया गया है कि शनिवार की रात उसकी तबियत अचानक खराब हुई और परिवार के लोग उसे उपचार के लिए कोंच सीएचसी ले जा रहे थे कि उसकी रास्ते में मौत हो गई। सीएचसी पर जब परिजन पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया,और मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

## नाबालिग दौड़ा रहे ई-रिक्शा, इन्हें कौन रोकेगा ?

उन्नाव, 01 जून (तरूणमित्र)। एक तरफ शहर की सड़कों पर ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। तो दूसरी तरफ नाबालिग चालक बेखौफ होकर ई-रिक्शा और ऑटो सड़को पर दौड़ा रहे हैं, नतीजतन यातायात व्यवस्था चरमराने लगी है। इधर, हादसों का खतरा बढ़ गया है। परिवहन विभाग लगातार संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद नियमों की अनदेखी जारी है। शहर में शनिवार को परिवहन और यातायात विभाग ने फिर से कड़ी कार्रवाई की। बीते कुछ माह पूर्व रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और ओवरलोडिंग करने वाले 18 ई-रिक्शा और एक ऑटो कर कार्यवाई की गई। बेखौफ दौड़ रहे नाबालिग चालक स्थानीय शहर स्थित जीआईसी तिराहा, बड़ा चौराहा, बस अड्डा समेत कई



इलाकों में नाबालिग चालक खुलेआम ई-रिक्शा चला रहे हैं। इनमें से अधिकतर के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं होते, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है, लेकिन अभी भी हालात नहीं सुधर रहे है। परिवहन विभाग के अधिकारियों की माने तो यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही सख्त कदम नहीं उठाए, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। जरूरत है कि ऐसे वाहनों की नियमित जांच हो और नाबालिगो को ई-रिक्शा चलाने से रोका जाए, ताकि व्यवस्था सुचारू और सुरक्षित बनी रहे।

**क्या बोले एआरटीओ प्रवर्तन ?**

मामले में एआरटीओ प्रवर्तन (प्रथम) अरविंद सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कार्यवाही की जा रही है। साथ ही हम लोग जागरूक भी करते हैं। आगे भी कार्यवाही की जाएगी। हर समय अधिकारी रोड पर तो रहते नहीं। जहां तक सम्भव होता है कार्यवाही जारी है।

# ऐसा कोई काम न करें जिससे दूसरों को दिक्कत हो : एसडीएम



**● बकरीद के त्योहार को लेकर कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक**

कोंच/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। आगामी 7 जून को होने वाले प्रमुख मुस्लिम पर्व ईद-उल-अजहा को लेकर रविवार को कोतवाली में शांति समिति की बैठक एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता और सीओ परमेश्वर प्रसाद की मौजूदगी में संपन्न हुई। एसडीएम ने लोगों से कहा कि पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। ऐसा कोई काम न करें जिससे दूसरों को दिक्कत हो, किसी प्रकार की विवाद की स्थिति बने या तनाव पैदा हो। उन्होंने कहा कि पर्वों की शुचिता इसी में है कि सभी लोग मिलजुल कर एक परिवार की भांति त्योहार मनाएं। उन्होंने नागरिकों से पूछा कि कहीं किसी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें बताएं ताकि समय रहते उसका निदान कराया जा सके।

सीओ ने कहा, कुबार्नी खुले में कतई न करें और जो भी अपशिष्ट निकले उसका उचित तरीके से निस्तारण करें। उन्होंने कहा, सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर प्रशासन की नजर हर समय है लिहाजा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग बिल्कुल भी न करें, आपत्तिजनक पोस्ट पर न तो प्रतिक्रिया दें और न ही शेयर या फॉरवर्ड करें। अफवाहें फैलाने वालों के साथ पूरी सख्ती के साथ निपटा जाएगा। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूरा भरोसा दिया कि बर्षो से चली आ रही भाईचारे की परंपरा को और भी पुख्ता करते हुए त्योहार मनाया जाएगा। समूचा समाज सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारी बखूबी समझता है। लोगों ने बिजली पानी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने पर खासा जोर दिया। कोतवाल विजय कुमार पांडे ने भी नागरिकों का आह्वान किया कि प्रशासन को सहयोग दें और प्रशासन का सहयोग लें ताकि कानून और व्यवस्था की स्थिति बनी रहे। इस दौरान एसआई अशोक कुमार वर्मा, एसडीओ रवींद्र कुमार, काजी बशीर उद्दीन, पुजारी गोविंद दास, बादाम कुशवाहा, आरिफ अली शाह, गौरव तिवारी, शमसुद्दीन मंसूरी, भोलानाथ झा, मुकेश राठौर, सैफुल्लाह सहित तमाम लोग रहे।

### जांच कराई जाएगी, कोई दोषी हुआ तो कार्रवाई होगी : सीओ

कोंच/उरई। इस पूरे मामले को लेकर सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद का कहना है, रात डेढ बजे पुलिस को सूचना मिली थी उसके बाद पहुंची पुलिस तो मृतक के परिजन पोस्टमार्टम न कराने की जिद पर अड़े थे। फिर भी मामले की जांच कराई जाएगी अगर किसी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।

# जेवरात व नकदी सहित शातिर चोर गिरफ्तार

उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। कोतवाली पुलिस व एसओजी और सर्विलांस टीम को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें संयुक्त टीम ने सोने- चांदी के जेवरात व नकदी सहित शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि रविवार को एसओजी, सर्विलांस और कोतवाली उरई की संयुक्त टीम अपराध व अपराधियों को समेटने के लिए विशेष अभियान चलाने में लगी हुई थी। तभी मुखबिर द्वारा संदिग्ध व्यक्ति इखलास पुरा चैराहे से चुर्खी बाइपास जाने वाली सड़क पर खड़े संदिग्ध की भनक लगी। भनक लगते ही संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दविश



दी और घेराबंदी कर यशपाल उर्फ छिल्लू पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम रूरा अड्डू, कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 17 लाख के सोने चांदी के जेवरात व 44700 की नकदी और अवैध असलहा मिला। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर एक एलईडी टीवी भी बरामद की गई।

पूछताछ में उसने बताया कि उसने कई स्थानों पर बंद घरों को निशाना बनाया है। जिसमें वघौरा मुहल्ले में एक घर से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी, अप्रैल माह में ग्राम पिया निरंजनपुर के पंचायत कार्यालय से जियो फाइबर का डिब्बा, सीसीटीवी कैमरा और साउंड सिस्टम, 5 मई को पटेल नगर स्थित सीएमओ ऑफिस के पास एक डॉक्टर के घर से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी चोरी की है।

अप्रैल माह में मोहल्ला सुशील नगर ऑफिसर्स कॉलोनी में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। यशपाल ने पुलिस को बताया कि चोरी का माल वह अपने साथी शैलेन्द्र पुत्र शिवराज, निवासी रूरा अड्डू के माध्यम से ट्विकल पाल निवासी राजपुर, कानपुर देहात को बेचता था। पुलिस अब इस नेटवर्क की भी जांच कर रही है और अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है।

# बज्मे करीम के बैनर तले आयोजित हुआ मुशायरा

मौदहा हमीरपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। मोहल्ला हुसैनगंज स्थित मास्टर यावर माधवी के मकान पर बज्मे करीम के बैनर तले मासिक मुशायरा का आयोजन किया गया।जिसकी सदारत मास्टर गफ्फार अहमद व संचालन मास्टर यावर माधवी ने किया। जबकि करीम साहब के पुत्र बशीर आलम इस मुशायरे के मेहमानी खुसूसी रहे।

इस मुशायरे का आगाज मसीह मौधवी ने नात पढ़कर किया। इसके बाद दिया गया मिसरा 'लेकिन कभी जमीर का सौदा नहीं किया' इस पर लगभग डेढ़ दर्जन शहरों ने अपने-अपने कलाम पेश किए। श्रोताओं ने सभी शायरों के अच्छे शेर को जमकर सराहा। मास्टर गफ्फार अहमद वासिफ माधवी ने पढ़ा 'पहनाया जब से झूठ को सच्चाई का लिबास-वासिफ किसी ने मुझ पर भरोसा नहीं किया। बदरुद्दीन तायब का यह शेर बहुत पसंद किया गया'अमिल से मैंने पूछा कि घर में बला है क्यों-कहने लगा कि आपने सदका नहीं किया' मसीह निजामी मौधवी ने अपने इस शेर पर खूब दाद बटोरी'हमने तुम्हारे वास्ते क्या-क्या नहीं किया-लेकिन कभी जबान से चर्चा नहीं किया' संचालन कर रहे यावर माधवी ने यह शेर सुनाया 'शर्म -ओ-हया की समझी है जिसने भी अहमियत-सर से अलग फिर उसने दुपट्टा नहीं किया। इस्लाम माधवी ने पढ़ा 'खिदमत में बाप मां के गुजारे हैं रात दिन-बेकार यार एक भी लम्हा नहीं किया'।

## स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

जालौन/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 51 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित की गई।

रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मेले में शुगर, उच्च रक्तचाप, मलेरिया आदि की जांच की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव दुबे ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ-शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना,



**● 51 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरित की गई दवा**

टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। एक ही स्थान पर मिलने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। मेले के दौरान 51 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। स्वास्थ्य मेले में डॉ. देवेंद्र कुशवाहा, अवधेश राजपूत, एलटी ज्ञानेंद्र, धनपत, हरीनारायण आदि ने सहयोग किया।

## मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्टाल लगाकर राहगीरों को पिलाया शीतल शरबत

मौदहा हमीरपुर, 01 जून (तरूणमित्र)। भीषण गर्मी को देखते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने राहगीरों के लिए ठंडा पानी एवं शरबत का लगाया स्टाल। कस्बे के बड़ा चौराहा स्थित निजामी गेट के निकट जमियत उलेमा ए हिंद के बैनर तले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने राहगीरों एवं कस्बा वासियों के लिए स्टाल लगाकर ठंडा पानी एवं शरबत का किया आयोजन। जमियत उलेमा के जिलाध्यक्ष शकील नदवी के नेतृत्व में राहगीरों एवं यात्रियों को भीषण गर्मी में पिलाया ठंडा शरबत, मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा किए गए इस कार्य की जमकर हो रही सराहना। सुबह से शाम तक राहगीरों को पिलाया गया शरबत। इस दौरान जमियत उलेमा ए हिंद के मोहम्मद अनवर, अब्दुल मतीन, मोहम्मद रेहान, हाफिज मोहम्मद तैयब सहित दर्जनों लोगों उपस्थित रहे।

# समाज का अग्रणी ध्वजवाहक है अधिवक्ता : अरविंद

**● अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई के तत्वाधान में अधिवक्ता संगोष्ठी का हुआ आयोजन**

कोंच/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। उच्च न्यायालय प्रयागराज के वरिष्ठ अधिवक्ता भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेशीय सह संयोजक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा है कि समाज का अग्रणी ध्वज वाहक होता है अधिवक्ता, वह समाज की रीढ़ होता है और हर कदम पर उसकी उपयोगिता स्वयं सिद्ध है। वैसे तो समाज में हर व्यक्ति और हर वर्ग की अपनी उपयोगिता होती है लेकिन उनकी सीमा का एक दायरा होता है, जबकि अधिवक्ता की भूमिका की कोई सीमा नहीं है।

एक श्रेष्ठ और चरित्रवान अधिवक्ता समाज का आइना होता है और लोग उसकी सुनते हैं। ऐसे में अधिवक्ता समाज की जिम्मेदारी है कि वह समाज के सामने खुद को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत करे। यह बात उन्होंने अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई द्वारा आयोजित अधिवक्ता संगोष्ठी के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। यहां मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के सभागार में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई के तत्वाधान में अधिवक्ता संगोष्ठी का आयोजन हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता उदय करण सक्सेना की अध्यक्षता एवं अरविंद सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. केदारनाथ सिमिरिया, कोषाध्यक्ष शिवकुमार निरंजन, वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश अग्रवाल प्रथम, गौरव महाराज शास्त्री, राजेश तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. विजय विक्रम सिंह, पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान विशारद सीरौठिया आदि बतौर विशिष्ट अतिथि मंचस्थ रहे। आयोजक संस्था के अध्यक्ष ओमशंकर अग्रवाल ने आगंतुकों का शाब्दिक स्वागत किया। संचालन राजेंद्र दुवे ने किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में उदय करण सक्सेना ने कहा, अधिवक्ताओं की एकजुटता ही उनकी ताकत है। इससे पूर्व तमाम सीनियर और जूनियर वकीलों ने मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।आभार संगोष्ठी के सह संयोजक ऋषभ सीरौठिया ने जताया। इस मौके पर परिषद के नगर अध्यक्ष कुलदीप निरंजन, संजीव तिवारी, अमरबाबू पाठक, शशांक श्रीवास्तव, अरुण मिश्रा आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पति ने पत्नी के साथ की मारपीट

जालौन/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। पत्नी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पति के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहाड़ी पड़ैया निवासी रूबी ने पुलिस को बताया कि उनके पति आए दिन उसके साथ किसी न किसी बात को लेकर विवाद करते रहते हैं। जिसके चलते वह परेशान है। रविवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभ पति वहां आए और उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की है।

### बंटवारे को लें दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

जालौन/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। मकान के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार सालाबाद में एक पक्ष के राजाबाबू, नरेश, उमेश और धर्मेंद्र एवं दूसरे पक्ष के दीपक कुमार, राजेश व संदीप के बीच मकान बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी को लेकर रविवार की सुबह दोनों पक्ष के लोग सामने आ गए और उनके बीच कहासुनी होने लगी। मामला बढ़ता हुआ मारपीट तक पहुंच गया। गांव के लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के सातों लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### मजदूरी के रुपये मांगने पर की मारपीट

कोंच/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। कोतवाली के मोहल्ला मालवीय नगर निवासी वृजमोहन उर्फ बिरजू पुत्र भेदई लाल ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मैं शादियों में लेबर ले जाने का कार्य करता हूँ और ग्राम सुनाया थाना कैलिया निवासी सुखनंदन लोधी व कन्हैइया पांचाल ने मेरी मजदूरी का 21 हजार रुपया नहीं दिया। जिसे मांगने मैं ग्राम सुनाया गया था तो वहां पर सुखनंदन उनके लड़के श्याम सुंदर अर्जुन ने मुझे मारापीटा तथा कन्हयालाल ने एक औरत के साथ मिलकर मेरे तीन हजार रुपये छुड़ा लिए और रुपया मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। बृजमोहन ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करते हुए रुपये दिलाये जाने की मांग की है।

### बच्चों की लड़ाई में बड़ों ने कर दी मारपीट

कोंच/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। बच्चे आपस मे खेलते है और हर रोज झगड़ते भी हैं लेकिन जब बच्चों की लड़ाई उनके माता-पिता सुनने लगें तो यह झगड़े का रूप ले लेती है। ऐसा ही एक मामला थाना नदीगांव के ग्राम खुर्द कैलिया में देखने को मिला जहां पर बीते दिन दिनांक 31 मई 2025 समय करीब शाम 06 बजे गुड़िया देवी पत्नी धीरेंद्र कुशवाहा का लड़का मोनू उम्र करीब 12 वर्ष ग्राम में ही मैच खेलने गया और खेल के दौरान बच्चों में झगड़ा हो गया। घर आकर मोनू ने बताया कि मुझे शुभ ने मारा है तभी पीछे पीछे शुभ के पिता देवेंद्र, रमेश पुत्र स्व रामेश्वर, कैलाशी देवी रानी देवी शालिनी, निधि, छबि व सुरेश आये और देवेंद्र के कहने पर मुझे मारने लगे। किसी तरह छूटकर गुड़िया अपने घर के अंदर भागी उक्त के सम्बंध में गुड़िया ने थानाध्यक्ष नदीगांव को एक प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की मांग की है पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

# बकरीद को ले शांति समिति की बैठक संपन्न

जालौन/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। बकरीद के पर्व को लेकर चैकी परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खुले में कुबार्नी न करने एवं फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड न करने की सलाह दी गई। इस दौरान बिजली, पानी और साफ सफाई की मांग नगर के लोगों ने उठाई।




बकरीद के पर्व को लेकर चैकी परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन सीओ शैलेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता और कोतवाल अजीत सिंह की उपस्थिति में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि त्योहार के दौरान कोई ऐसा कार्य न किया जाएं जिससे किसी अन्य को कोई परेशानी न हो। बकरीद के पर्व पर कोई भी व्यक्ति खुले में कुबार्नी न करे जिससे दूसरों की भावनाएं आहत हों। कुबार्नी के बाद बचे हुए अवशेषों को जमीन में दफन कर दें, इधर उधर न फेंके। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता न फैलाएं। कुबार्नी की फोटो वीडियो आदि भी सोशल मीडिया पर वायरल न करें। इससे माहौल खराब होने की आशंका रहती है। पर्व के दौरान बिजली-पानी आदि की समस्या न हो। ऐसे में पानी की सप्लाई बकरीद के पर्व पर बराबर दी जाए और सफाई व्यवस्था भी दुरूस्त रखी जाए। इस मौके पर शहर काजी मौलाना साबिर, मौलाना सुल्तान, इकबाल मंसूरी, अन्नू शर्मा, पवन गोस्वामी, चंद्रप्रकाश, अशफाक राईन, गौरव, अभिषेक कुशवाहा, मोहम्मद सादिक, अफरोज शाह, छिद्दी राईन, शिवराम वर्मा, श्यामबाबू मुखिया आदि मौजूद रहे।

## इप्टा के नाटक सामाजिक कुरीतियों पर करारा प्रहार करने का करते है कार्य : स्नेहा

**● लोकगीत का रंगकर्मियों को लोककला विशेषज्ञ विनीता ने कराया अभ्यास**

कोंच/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) इकाई-कोंच द्वारा चल रही ग्रीष्मकालीन निःशुल्क 25वीं बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला में प्रशिक्षण देते हुए उभरती हुई अभिनेत्री स्नेहा कुमारी ने कहा कि इप्टा के नाटक सामाजिक कुरीतियों पर करारा प्रहार करने का कार्य करते है और वास्तवित हकीकत का आइना दिखाते है।

इप्टा के प्रांतीय सचिव डॉ. मुहम्मद नईम ने कहा कि आप सभी बधाई के पात्र है कि अपनी गर्मियों की छुट्टी को बर्बाद न करते हुये अपने हुनर को इप्टा की कार्यशाला में निखारने का फैसला लिया। लोककला विशेषज्ञ विनीता सिंह ने लोकगीत का कार्यशाला में रगकर्मियों से अभ्यास कराया तथा नाटक चैराहा का रंगकर्मियों को पूर्वाअभ्यास कराया। इप्टा अध्यक्ष अनिल वैद द्वारा भी रंगकर्मियों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर उन्नति सोनी, काजल दुबे, उन्नति दुबे, हर्षिका यादव, सौम्या झा, अवंतिका सोनी, परी कुशवाहा, अनुभा पटेल, सुफिया, आराध्या गुप्ता, पलक, छाया, सौम्यल्या मंसूरी, आयत मंसूरी, अलीशा, नैना सोनी, दीप्ती द्विवेदी, आर्या मयंक, प्रियांशी कुशवाहा, रूही कुशवाहा, अभय मिश्रा, प्रमिषा, श्रेया अग्रवाल, सृष्टि अग्रवाल, प्रत्यक्ष पटेल, प्राची कुशवाहा, अक्षिता कुशवाहा, कृतिका कुशवाहा, शिवन्या पटेल, भव्या वर्मा आदि रंगकर्मी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर महाविद्यालय कर्मी को दी विदाई

कोंच/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। मथुरा प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राकेश गौतम के सेवानिवृत्त हो जाने पर भावभीनी विदाई दी गई। बीते दिन महाविद्यालय में आयोजित अधिवक्ता संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा उप्र विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक अरविंद सिंह सहित महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. केदारनाथ निरंजन, मंत्री ओमशंकर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिवकुमार निरंजन, प्राचार्य डॉ. विजय विक्रम सिंह, डॉ. ओमप्रकाश यादव, डॉ. महेंद्रनाथ मिश्रा सहित उपस्थित अधिवक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने राकेश गौतम का माल्यार्पण और तिलक कर शॉल ओढ़ाया। श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।

## कृषि अभियान की बैठक आयोजित

उन्नाव, 01 जून (तरूणमित्र)। विकसित कृषि अभियान के अन्तर्गत जनपद में नौ एवं ब्लॉक सि. सरोसी के तीन राजस्व ग्रामों में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक पंकज गुप्ता ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की किसानों को दी। ब्लॉक सिंकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के बौनामऊ, पूरा निष्पंसारी, राजेपुर गांवों में विकसित कृषि अभियान की बैठक आयोजित हुई। जिसमें राजेपुर ग्राम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जहां सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किसानों को प्रदेश व भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित कृषकों के रजिस्ट्रेशन अभियान, फसलों का बीमा अधिक से अधिक कराए जाने पर जोर दिया एवं ड्रोन से पोषक तत्वों के छिड़काव का आग्रह किया। इस दौरान कृषि निदेशक यूपी द्वारा गर्मी की गहरी जुताई के लाभ, आम को बिना क्षति पहुंचाए तोड़ने की तकनीकी, संकर मक्का व संकर धान की बुवाई को प्रोत्साहन व अनुदान, जिप्सम के प्रयोग से लाभ फसलों के बीमा से लाभ, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सागरिका के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। बागवानी के वैज्ञानिकों द्वारा टमाटर व आम के कीट नियंत्रण की विधियां व विशेष तकनीकी की जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक द्वारा विशेष तौर पर धान की सीधी बुवाई से होने वाले लाभ के विषय में बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र धौरा की वैज्ञानिक डॉ. रत्ना सहाय द्वारा मृदा स्वास्थ्य की जांच व संतुलित पोषक तत्वों के प्रयोग व डॉ. रमेश मौर्य द्वारा विशेष कृषि यंत्रों सुपरसीडर, स्मार्ट सीडर से धान की सीधी बुवाई आदि की जानकारी दी गई।

## रिटायर्ड फौजी की हार्ट अटैक के चलते हुई मौत

राठ, 01 जून (तरूणमित्र)। क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत गहरौली गांव में 55 वर्षीय रिटायर्ड फौजी की मौत हो गई। वहीं मृतक के परिजनों का कहना है कि हार्ट अटैक आने के चलते मृत्यु हुई है। सूचना पर पहुँची पुलिस के द्वारा रविवार को मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत गहरौली गांव का निवासी 55 वर्षीय रामपाल पुत्र शिवसहाय की शनिवार की शाम करीब 7:00 अचानक हालत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक रामपाल रिटायर्ड फौजी था तथा अपनी दो एकड़ कृषि भूमि में खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

# ग्रामीणों ने कलश यात्रा पर की पुष्पवर्षा

जालौन/उरई, 01 जून (तरूणमित्र)। क्षेत्रीय ग्राम कैंथ में 11 कुडीय श्रीराम महायज्ञ व श्रीराम कथा के आयोजन से पूर्व गांव में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। भक्तों ने डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर जमकर ठुमके लगाए।

क्षेत्रीय ग्राम कैथ में 11 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ व श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। जिसके पहले दिन गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कुलदीप महाराज के सानिध्य में चल रहे इस धार्मिक आयोजन में गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो गांव के विभिन्न मंदिरों से होकर आयोजन स्थल खेरेश्वर हनुमान व शंकर मंदिर पर पहुंची। कलश यात्रा में डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर झूमते हुए श्रृद्धालु आगे बढ़ रहे थे। गांव में जगह जगह ग्रामीणों ने कलश



यात्रा में शामिल भक्तों पर पुष्प वर्षा की। कथा स्थल पर पहुंचने पर अनुज महाराज ने रामकथा का महत्व बताते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम ने आदर्श समाज की स्थापना की, जिसे रामराज्य कहा जाता है। रामकथा को सुनें ही नहीं बल्कि अपने जीवन में भी उतारें। यज्ञ स्थल पर यज्ञाचार्य डॉ. शिवशंकर शुक्ला व रामबाबू त्रिपाठी ने यज्ञ क्रियाएं संपन्न कराईं। इस मौके पर श्याम सुंदर, पिंकू गुबरेले, संजीव सुनील, ऊदल, मनोज, राधेश्याम पचैरी, बृजमोहन भास्कर, महेंद्र सिंह प्रधान, गजराज, प्रदीप, शिवकुमार, हरिशंकर, आदि मौजूद रहे।

# लोक माता अहिल्याबाई के जयकारों से गूंजी श्रीजी की नगरी

**मथुरा, 01 जून (तरूणमित्र)।** मालवा की महारानी लोक माता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के शुभ अवसर पर श्रीजी की नगरी में बड़ी ही धूमधाम के साथ निकली गई। शनिवार की शाम को बघेल समाज के द्वारा कस्बे में मालवा की महारानी लोकमाता अहिल्या बाई की स्वरूप श्वेत घोड़ी पर हाथों में ढाल तलवार लिए मातेश्वरी की झांकी बहुत ही आकृषित लग रही थी। झांकी के पीछे पीछे रथ चल रहे थे।



बघेल समाज के लोग अपनी कलाओं का बहुत ही सुंदर तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जयकारों से श्रीजी की नगरी गुंजायमान हो उठी। लोकमाता की स्वरूप की समाज की महिलाओं ने नगर में जगह जगह आरती व माला दुपट्टा,चुनरी आदि पहनाकर स्वागत कर रही थी। शोभायात्रा का जगह जगह लोग शरबत आदि पिलाकर हर्ष के साथ स्वागत कर रहे थे। शोभायात्रा में बरसाना के साथ बघेल समाज आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा पीली कोठी से शुरू होकर नए बसस्टैंड होते हुए मुख्य बाजार के रास्ते रंगीली गली चौक, लड़ैती चौक,सुदामा चौक से होते हुए राधारानी सेल्फी पॉइंट्स से म्हारो बरसाना द्वार से निकलती हुई यथा

**❑ शोभायात्रा में बघेल समाज के युवाओं ने अपनी कला का किया प्रदर्शन**

स्थान पर पहुंची।

शोभायात्रा से पूर्व मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि एवं पूर्व जेल विजिटर लक्ष्मण प्रसाद शर्मा व भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने समाज के संभ्रांत लोगों के साथ लोकमाता अहिल्या बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती की। इस अवसर पर समाज के राधेश्याम बघेल,अमीचंद बघेल,भगवत बघेल, डॉ राजेन्द्र हंस, देवीराम प्रधान, पवन हंस,हरीश हंस, एसबीआई मित्र मोहनश्याम हंस,महेश बघेल,गगन हंस,बबलू बघेल,कार्तिक बघेल, पूरन बघेल,राम बघेल,लक्ष्मन बघेल, महेन्द्र टेलर्स,बच्चू बघेल,उदय हंस, बाली बघेल आदि मौजूद रहे।

## विहिप बजरंग, दल कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर जयंती मनाई

**मथुरा, 01 जून (तरूणमित्र)।** चौमुहां अकबरपुर गांव के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दल के कार्यकर्ताओं ने बघेल समाज के साथ मिलकर अकबरपुर स्थित श्री दुर्गेश इंटर कॉलेज में राज माता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वी जयंती माल्यार्पण कर चौराहे पर धर्मार्थ प्याऊ लगाकर मनाई। प्रखण्ड अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने माता अहिल्या बाई जी को याद करते हुए कहा की उन्होंने अपनी प्रजा के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जिनमें मंदिरों का निर्माण शिक्षा का प्रचार प्रसार और सामाजिक सुधार शामिल हैं उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ भी अभियान चलाया। खंड अध्यक्ष विष्णु हिंदुस्तानी ने बताया कि राज माता अहिल्याबाई होल्कर जी ने समाज में सुधार के लिए कई प्रयास किए उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए प्रयास किए।

इस मौके पर सुरेश राठौर, नंदू पंडित, कपिल, मनोज, मेंहद्र, लाडला राजपूत, आयुष पंडित दिनेश, भोला, गोविंदा, भगत सिंह, तेजपाल, सचिन, जितेंद्र बघेल, अजय, बंटी, वेद प्रकाश, लव आदि उपस्थित रहे।

# मेरठ में भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 2.7 रही तीव्रता

**मेरठ, 01 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में रविवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारतीय समयानुसार भूकंप सुबह 8 बजकर 44 मिनट पर आया और इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र मेरठ जिले के आसपास के क्षेत्र में रहा है। भूकंप का केंद्र 28.87 उत्तरी अक्षांश और 77.96 पूर्वी देशांतर पर था, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर थी।

हालांकि, भूकंप की तीव्रता हल्की होने के बावजूद लोगों ने इसे महसूस किया। भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई है। बता दें कि 28 मई को मणिपुर में भी भूकंप के दो झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 और 5.2 मापी गई थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, 28 मई 2025 को तड़के 1:54 बजे (भारतीय समयानुसार) मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया।

इस भूकंप का केंद्र 24.46 उत्तरी अक्षांश और 93.70 पूर्वी देशांतर पर था, जिसकी गहराई 40 किलोमीटर थी। इसके थोड़ी देर बाद ही दूसरी बार मणिपुर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, तड़के 2:26 बजे (भारतीय समयानुसार) मणिपुर के नोनी जिले में 2.5 तीव्रता का एक हल्का भूकंप आया।

# कॉरिडोरः गोस्वामियों से तीसरी बार वार्ता करने पहुंचे अधिकारी

**मथुरा, 01 जून (तरूणमित्र)।** ठा. बांके बिहारी मंदिर में प्रस्तावित कॉरिडोर और न्यास ट्रस्ट पर गोस्वामियों का जहां विरोध लगातार जारी है। वहीं प्रशासन भी वार्ता से ही बात बनाने का प्रयास कर रहा है। दूसरी ओर प्रशासन की नजर उन तत्वों पर भी है जो विरोध को अनावश्यक तूल देने की कोशिश कर रहे हैं।



प्रशासन मंदिर पर चल रही गतिविधियों पर पैनी नजर जमाये हुए हैं। इसी क्रम में रविवार को एक बार फिर प्रशासनिक अधिकारी गोस्वामी समाज के साथ बैठक करने पहुंचे। कॉरिडोर एवं एक्ट के विरोध में उतरे गोस्वामी समाज का कहना था कि कोई भी बाहरी व्यक्ति मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकता। गोस्वामी समाज मंदिर की व्यवस्था में सरकारी हस्तक्षेप नहीं चाहता है। गोस्वामी परिवार बांके बिहारी से विमुख नहीं होगा आदिकाल से अनंतकाल तक बिहारी जी के साथ रहेंगे। मंदिर सेवायत रजत गोस्वामी का कहना था कि लगातार यह तीसरी मीटिंग प्रशासन के साथ हुई है। वही गोस्वामियों के द्वारा एक्ट भी पढ़कर अधिकारियों को सुनाया गया। इसके साथ ही कहा कि जिस तरीके का

**❑ विरोध को हवा देने वालों पर भी है प्रशासन की नजर**

एक्ट सरकार की तरफ से आया है उस एक्ट के संदर्भ में गोस्वामी समाज से किसी भी तरह की कोई सलाह नहीं ली गई है।

गोस्वामी समाज के जो संवैधानिक अधिकार है वो इस एक्ट के अंदर खत्म कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वजों के समय से ही सेवा पूजा करते हुए आए है, उनको सेवा पूजा का अधिकार प्राप्त है। सरकार उनके इन अधिकारों को समाप्त कर रही है। जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रशासन लगातार गोस्वामी समाज से चर्चा कर रहा है। इनकी जो मुख्य मांग है उन पर विचार किया जाएगा। आपसी चर्चा और सामंजस्य से समाधान निकाला जाएगा। वार्ता में डीएम चन्द्रप्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, एमवीडीए वीसी एसवी सिंह आदि अन्य अधिकारियों के साथ साथ गोस्वामी समाज के जुगल किशोर गोस्वामी,मिंटू गोस्वामी,बिट्टू गोस्वामी,शशांक गोस्वामी आदि गोस्वामी गण मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस-वे खड़ी बस में कैंटर ने मारी टक्कर

**मथुरा, 01 जून (तरूणमित्र)।** सड़क पर बैठे युवक को मौत ने अपने आगोश में ले लिया। बस की अन्य सवारियां सुरक्षित रहीं। हादसा थाना मांट क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 100 के समीप हुआ। यहां रविवार रात करीब साढ़े तीन बजे यमुना एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रही बस अचानक से खराब हो गई। बस चालक ने बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच सवारियां उतर गई और कुछ बस में ही बैठी रह गईं।

सड़क किनारे खड़ी हुई थी। बस सवार उपेंद्र पुत्र गोवर्धन निवासी ग्राम मंसुरी जनपद भिंड मध्य प्रदेश बस से उतर कर सड़क पर बैठ गया। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कैंटर ने बस में टक्कर मार दी। उपेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कैंटर चालक मंगल पुत्र करू एवं नजिर उर्फ कल्लू पुत्र बाबू खां निवासी पता ग्राम भड़ौसा मध्य प्रदेश घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। क्रेन की मदद से सड़क किनारे खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया गया है।

# कर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**मैनपुरी, 01 जून (तरूणमित्र)।** कर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण तथा उपाम के महानिदेशक एल. वेंकटेश्वर लू ने कर्म, धर्म, संस्कार और विज्ञान के संतुलन पर आधारित प्रेरणादायक विचार साझा किए।




उन्होंने कहा कि कर्मयोगी ही ईश्वर को अनुभव कर सकता है। स्वार्थ, छल और कपट से दूर रहकर सत्य के मार्ग पर चलना ही सच्चा सुख देता है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी संस्कारहीन होती जा रही है, जिससे उनका खान-पान और जीवनशैली बिगड़ रही है। माता-पिता की बात न मानकर बच्चे जंक फूड खा रहे हैं, जिससे गंभीर बीमारियाँ बढ़ रही हैं।

महानिदेशक ने शिक्षकों को भी चेताया कि बच्चों पर ध्यान न देना और सिर्फ अंक आधारित शिक्षा देना समाज के भविष्य को खतरे में डाल रहा है। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आंतरिक विकास के बिना बाह्य विकास अधूरा है।

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने नई पीढ़ी को तकनीक और परंपरा के संतुलन से जोड़ने की आवश्यकता बताई। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने आत्मविश्लेषण और पुस्तकों को मित्र बनाने की सलाह दी।

संगोष्ठी में विभिन्न विभागों के अधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने समाज के निर्माण में संस्कार, नेतृत्व और नैतिक मूल्यों की भूमिका को रेखांकित किया।

# गभाना हाई-वे पर बकरों से लदा कैंटर डिवाइडर से टकराया

**अलीगढ़, 01 जून (तरूणमित्र)।** थाना गभाना क्षेत्र में दो सड़क हादसों में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। सभी लोग ईद के त्यौहार के लिए एटा से बकरे बेचने के लिए दिल्ली जा रहे थे। मृतकों में पिता पुत्र सहित चार लोग शामिल हैं, हादसे में 6 अन्य लोग घायल है जिनको इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जिला एटा के मारहरा निवासी पशु व्यापार करने वाले परिवार के दर्जनभर लोग एटा से दिल्ली के लिए बकरे लेकर निकले थे, एक कैंटर में पॉच लोग सवार थे जबकि दूसरे में छह थे। दिल्ली कानपुर नेशनल हाईवे पर एक कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। घटना में

**❑ पिता-पुत्र सहित चार की मौत, छह की हालत गंभीर**

52 वर्षीय हजारी लाल, 28 वर्षीय हरिश्चन्द्र, 25 वर्षीय अमर सिंह की मौत हो गई। कुछ दूरी पर चलते ही दूसरे कंटेनर की सीएनजी खत्म हो गई। इस दौरान उनको पहले कंटेनर के डिवाइडर से टकराने की सूचना मिली, वह लोग एक ट्रैक्टर में सवार होकर वापस आ रहे थे। इस दौरान अनियंत्रित कंटेनर को ट्रैक्टर को टक्कर मार दी जिसमें 22 वर्षीय रवेंद्र की मौत व छह लोग घायल हो गए। सड़क हादसे में चार लोगों की मौत की सूचना मिलने पर परिवार के लोग अलीगढ़ पहुंचे, इस दौरान पोस्टमार्टम गृह पर रोते हुए महिलाएं बेहोश तक हो गई। महिलाओं की हालत बिगड़ देख परिवार के लोगों ने सभी महिलाओं को गाड़ी से वापस एटा के लिए रवाना कर दिया है।

मृतकों के परिजन धर्मेंद्र ने बताया कि सभी लोग दिल्ली में ईद के त्योहार पर कमाने खाने के लिए जा रहे थे। यह लोग सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे। तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने सभी को टक्कर मार दी, धर्मेंद्र ने पशु बिक्री करने जाने की बात से साफ इनकार किया है।

एसपी सिटी मृगॉंक शेखर पाठक ने बताया कि सुबह एक गाड़ी एटा से दिल्ली की ओर जाते समय डिवाइडर से टकरा गई जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। अन्य घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया था, उपचार के दौरान दो अन्य लोगों की भी मृत्यु हो गई है। इसी के आगे एक और गाड़ी चल रही थी एवं उस गाड़ी की सीएनजी भी खत्म हो गई थी जिस कारण सभी लोग गाड़ी से बाहर निकलकर दिल्ली की ओर जाने के लिए एक ट्रैक्टर ट्रॉली की मदद लेकर बैठ गये। थोड़ी दूर चलने के बाद दिल्ली की ओर से आते हुए एक केंटर ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिसमें एक और व्यक्ति की मृत्यु हो गई है एवं अन्य घायलों को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहाँ घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई है, केंटर को कब्जे में लिया गया है। चारों मृतकों के शव को अंत्य परीक्षण हेतु पोस्टमार्टमगृह के लिए भेज दिया है।

# मेरठ टेंट डेकोरेटर्स एसोसिएशन चुनाव में नवीन बने चेयरमैन, सुशील महामंत्री नियुक्त

**मेरठ, 01 जून (तरूणमित्र)।** मेरठ टेंट डेकोरेटर्स हायर्स एसोसिएशन के त्रिवार्षिक चुनाव वर्ष 2025-28 सात फेरे रेस्टोरेंट, गढ़ रोड पर संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी विपुल सिंघल व देवेंद्र गोयल ने बताया कि अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व उपमंत्री पदों के लिए चुनाव होना था। अध्यक्ष पद पर पवन अरोड़ा, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता, उपाध्यक्ष विकास कंसल, और उपमंत्री वीरपाल निर्विरोध निर्वाचित हुए।

महामंत्री पद के लिए चुनाव हुआ, जिसमें सुशील कुमार गर्ग (लाला रामनाथ डेरे वाले) और हिमालय शर्मा (शर्मा टेंट हाउस) के बीच कड़ा मुकाबला रहा। कुल 85 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महामंत्री पद पर सुशील कुमार गर्ग ने 50 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि हिमालय शर्मा को 35 वोट मिले।

सुशील कुमार गर्ग को विजयी घोषित किया गया। इस दौरान संपूर्ण नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एकमत से निवर्तमान अध्यक्ष नवीन अग्रवाल को संस्था का चेयरमैन तथा विपुल सिंघल को संरक्षक नियुक्त किया। सभी टेंट व्यवसायियों ने नवनिर्वाचित टीम – अध्यक्ष पवन अरोड़ा (शुभम टेंट हाउस), महामंत्री सुशील कुमार गर्ग (रामनाथ डेरे वाले), कोषाध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता (स्वास्तिक टेंट हाउस), उपाध्यक्ष विकास कंसल (कंसल टेंट हाउस) और उपमंत्री वीरपाल (हर्ष टेंट हाउस) को माला, पटका पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अपार मेहरा, रजत गुप्ता, संजय अग्रवाल, संजीव शारदा, अंकुश चौधरी, अरविंद चौधरी, विपिन अग्रवाल, प्रदीप गोयल, अनुराग सक्सैना, अनुज त्यागी, महेश चंद, अरुण कुमार, सुदामा गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, अतुल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में टेंट कारोबारी उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा, 01 जून (तरूणमित्र)।** थाना राया पुलिस ने छेड़खानी के अभियोग में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। राधिका धाम कालोनी के आखिरी में खाली मैदान से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस मामले में पीड़िता की मां ने थाना राया पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीडिता की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी का टुपट्टा बुरी नीयत से खींचकर छेड़खानी व बत्तमीजी की व गन्दे शब्दों का प्रयोग किया। अभियुक्त शिवा पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी भखन्डी थाना राया, पुष्पेन्द्र उर्फ बिटटू पुत्र देवेन्द्र सिंह उर्फ कलुआ ठेकेदार निवासी धमार्वाली गली कस्वा व थाना राया व जीतू पुत्र हरिमोहन सिंह निवासी जैनिया नगला थाना राया जिला मथुरा उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## पेज 1 का शेष...

### नहीं बनी बात तो अकेले...

नाराज चल रहे हैं। ऐसे में दावा किया जा रहा है कि महायुति में बढ़ती कलह और निकाय चुनाव में नुकसान से बचने और अपना वोट बैंक मजबूत करने के लिए भाजपा निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ सकती है। हालांकि यह अंतिम विकल्प ही होगा क्योंकि बड़ा भाई होने के नाते भाजपा की प्राथमिकता महायुति गठबंधन के साथ ही निकाय और बीएमसी चुनाव मिलकर लड़ने की है। और फिर ये भी है कि महायुति में तीनों पार्टियां अकेले चुनाव लड़ी, तो महायुति गठबंधन की साख खराब होगी जिसका लाभ विपक्षी महाअघाड़ी गठबंधन को हो सकता है। 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति ने राज्य की 288 सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की थी। जिसमें भाजपा ने 132, शिंदे शिवसेना ने 57 और अजित पवार की एनीपी ने 41 सीटें जीती थी।

### लोकमाता अहिल्याबाई...

आदि अनेक मंदिर बनवाये। उप राष्ट्रपति ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर धनगर थीं, हम धनखड़ हैं। उन्होंने कहा कि जो अहिल्याबाई होलकर ने किया वह यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियां योगी के इस कार्य को उसी तरीके से याद करेंगी, जैसे कि आज लोकमाता अहिल्याबाई को याद कर रहे हैं। मोदी व योगी के नेतृत्व में अयोध्या व काशी में जो काम हुआ है यह काम आसान नहीं था। हमारी संस्कृति का संरक्षण हमारे लिए बहुत अहम है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि हम भारतीय हैं। भारतीयता हमारी पहचान है। राष्ट्र सर्वोपरि है। भारतीय सेना के पराक्रम को याद दिलाना चाहूंगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हम भारतीय सेना का अभिनंदन करता हूं। अब भारत बदल गया है। जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज यूपी का मतलब है सुशासन। कानून का राज। बिना कानून के राज के विकास संभव नहीं है। वीरांगना अहिल्याबाई हमारे लिए प्रेरणामूर्ति हैं। आज के भारत में सेना में महिलाओं का स्थान है। अब संसद व विधानसभा में भी आरक्षण है। धनखड़ ने कहा कि किसान का दर्द मैं समझता हूं। विकसित भारत होगा। किसान ने ठान रखी है। कार्यक्रम के मंच पर हरियाणा के राज्यपाल बंगारू दत्तात्रेय, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शंकरराव शिंदे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इससे पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं डॉ. सुदेश धनखड़ ने अपनी स्वर्गीय माताजी केसरी देवी एवं भगवती देवी की स्मृति में जीआईसी मैदान पर पौधारोपण भी किया।

### सीडीएस की टिप्पणी...

सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। रमेश ने भारत की रक्षा तैयारियों पर करगिल युद्ध के बाद गठित समिति की तर्ज पर एक विशेष समीक्षा समिति गठित करने की अपनी मांग भी दोहरायी। उन्होंने कहा कि करगिल युद्ध समाप्त होने के तीन दिन बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पिता की अध्यक्षता में एक करगिल समीक्षा समिति गठित की थी और रिपोर्ट को बाद में संसद में पेश किया गया था तथा उस पर चर्चा की गई थी। रमेश ने सवाल किया कि क्या अब विशेष रूप से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के 'नुकसान' से संबंधित बयान के मद्देनजर अब ऐसी समिति गठित की जा रही है। सीडीएस ने अपने साक्षात्कार में नुकसान का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया।

भारत ने कहा कि इन सटीक हमलों के बाद पाकिस्तान सैन्य संघर्ष रोकने की गुहार लगाने के लिए मजबूर हुआ। सीडीएस की यह टिप्पणी पड़ोसी देश के साथ चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष में हुए नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति है। कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, इन मुद्दों पर विशेष सत्र बुलाकर सभी को विश्वास में लेकर चर्चा की जानी चाहिए...। उन्होंने कहा, जब अमेरिका ने एक संघर्ष विराम की घोषणा की, तो नेता ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने के लिए विदेश चले गए। सवालों का जवाब कौन देगा? जवाब सशस्त्र बलों से नहीं, बल्कि सरकार से आना चाहिए। खेड़ा ने कहा कि सशस्त्र बल मजबूत हैं और उन्होंने वही किया जो जरूरी था, लेकिन 'संघर्ष विराम' किस दबाव में किया गया। खेड़ा ने सरकार से कई सवाल करते हुए कहा, पहलगाम हमले के आतंकवादी कहां हैं? संघर्ष विराम के लिए क्या शर्तें थीं? सीडीएस ने जो कहा वह चौंकाने वाला है। अब स्पष्टता होनी चाहिए। उन्हें एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए और सवालों के जवाब देने चाहिए। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भी कहा कि जनता को ताजा सशस्त्र संघर्ष पर एक सुसंगत जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, पूरा देश पूछ रहा है, नेता अलग-अलग बात बोल रहे हैं, दूसरी तरफ सीडीएस ने विदेश में कुछ और कहा, यह स्वीकार किया कि हमारा जेट गिराया गया था।

सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने कहा, इसलिए हम बातचीत के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं और एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जा सकती है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री चार दिन में सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए पराक्रम का राजनीतिकरण करने पर तुले हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को सरकार पर भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर राष्ट्र को गुमराह करने का आरोप लगाया था। खरगे ने यह भी कहा था कि उनकी पार्टी एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति द्वारा भारत की रक्षा तैयारियों की व्यापक समीक्षा की मांग करती है।

### पदभार ग्रहण करने...

को सुपरसीड कर डीजीपी बनाए गए हैं। बता दें कि निवर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल सका, जिसके बाद देर शाम राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने रात करीब 9 बजे डीजीपी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त डीजीपी ने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट की।मुलाकात के बाद डीजीपी ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का नेतृत्व करने का महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपने के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मैं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं - अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, महिला सुरक्षा, नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग तथा उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था - को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

## अवैध खनन पर एसडीएम का एक्शन 6 ट्रैक्टर पकड़े

**मथुरा, 01 जून (तरूणमित्र)।** थाना क्षेत्र नौहझील के गांव पिथौरा में शनिवार की शाम करीब सात बजे थाना क्षेत्र में एसडीएम मांट ऋतु सिरोही मांट को जानकारी मिली कि यमुना नदी से अवैध बालू खनन हो रहा है। बालू खनन मंडयारी पिथौरा गांव के पास चल रहा है। एसडीएम ऋतु सिरोही ने अवैध खनन की कार्रवाई में 6 ट्रैक्टर पकड़े जिनमें तीन ट्रैक्टर में बालू भरी हुई थी। एक ट्रैक्टर मय ट्राली खाली व एक ट्रैक्टर बिना ट्राली व एक ट्रैक्टर मय लोडर भरने वाला मौके पर पकड़ा है ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ भाग गये जिन्हें चौकी इंचार्ज दीपक नागर की सुपुर्दगी में दे दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है ।एसडीएम ऋतु सिरोही ने बताया कि मिली सुचना के अनुसार मडयारी पिथौरा के पास में अवैध खनन चल रहा था। चेकिंग के दौरान हमने 6 ट्रैक्टरों को हिरासत में लिया है। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टरों को छोड़कर भाग गए ट्रैक्टरों को बरौठ चौकी प्रभारी दीपक नागर की सुपुर्दगी में दे दिए हैं।

## सपा नेता पर बजरंग दल ने कराई रिपोर्ट

**अलीगढ़, 01 जून (तरूणमित्र)।** पनेठी प्रकरण को लेकर समाजवादी पार्टी के अदनान हमीद का एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें वह बजरंगदल को लेकर आतंकवाद जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे थे एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बटोगे तो काटोगे वाले बयान को भी तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे थे। इसी घटना को लेकर अब विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल ने थाना सिविल लाइन्स में एक एफआईआर दर्ज कराई है।

# बीसीए कोर्स के लिए गणित की अनिवार्यता खत्म

**मथुरा, 01 जून (तरूणमित्र)।** एकेटीयू की अकैडमिक कांउसिल बैठक में बीसीए पाठयक्रम में दाखिले के मानकों अब बदल दिया है। अब बीसीए करने के लिए 12 वीं में गणित की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। नई गाइडलाइन्स के तहत किसी भी स्ट्रीम (कोमर्स, आर्ट, साइंस, एनआईओएस एवं अन्य बोर्ड) वाले भी बीसीए कोर्स में एडमीषन ले सकेंगे।

कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष मलिखान सिंह ने बताया कि मथुरा में बीएसए इंजीनियरिंग कालेज ही एक ऐसा संस्थान है जहाँ बीसीए कोर्स एकेटीयू से संचालित है।



गणित की अनिवार्यता समाप्त होने से कम्प्यूटर साइंस और प्रोग्रामिंग पर आधारित प्रोफेशनल कोर्स बीसीए में एडमीशन के लिए छात्रों का रूझान बढ़ गया है और बिना गणित के छात्र भी सॉफ्टवेयर लाइन में अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। प्रो0 डा0 श्याम सुन्दर अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार भगवान सिंह ने कहा कि बीसीए आईटी क्षेत्र में करियर शुरू करने के लिए बेहतरीन डिग्री है जो छात्रों को प्रोग्रामिंग, डेटाबेस, डेवलपमैन्ट जैसे विभिन्न विषयों में मजबूत नीव प्रदान करती है। कालेज चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन इंजीनियर नितिन मित्तल ने नये छात्रों को शुभकामनाऐं दीं।

**❑ बिना गणित वाले भी पा सकेंगे सोफ्टवेयर क्षेत्र में सुनहरा मौका**

# गौवंश संरक्षण एवं पशुधन विकास सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल : धर्मपाल

**अलीगढ़, 01 जून (तरूणमित्र)।** प्रदेश के मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन धर्मपाल सिंह ने रविवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ गौ-संरक्षण, पशुपालन सेवाओं, चारागाह प्रबंधन एवं संचारी रोग नियंत्रण संबंधी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन तक पहुँचाने के लिए पशुधन विभाग का महत्वपूर्ण स्थान है। किसान की आय केवल खेती से ही नहीं बल्कि पशुपालन से भी दोगुनी हो सकती है, यदि खेती प्रभावित होती है तो पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। मुख्यमंत्री ने गायों को प्राथमिकता पर रखा है, मुख्यमंत्री ने निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए छह विभाग पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, नगर विकास, राजस्व, पुलिस एवं पशुपालन विकास की टीम तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गौवंश संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत प्रदेश भर में प्रथम चरण में हाईवे के किनारे बसे ग्रामों में गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाई जाएंगी ताकि रात्रि के अंधेरे में सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौवंश संरक्षण के लिए सभी जिलास्तरीय एवं ग्राम स्तरीय गौशालाओं की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। संचारी रोग नियंत्रण के लिए पशुओं के टीकाकरण एवं उपचार की व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाया जाए। चारागाहों की भूमि से अवैध कब्जे तत्काल हटाकर उनका सीमांकन एवं पुनः चारागाह के रूप में विकास कराया जाए। गौशालाओं के संचालन में पारदर्शिता, स्वच्छता एवं हरा चारा-पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि देशी गायों का संरक्षण हम सभी का उत्तरदायित्व है। नस्ल सुधार के लिए क्रत्रिम गभार्धान निःशुल्क है। उन्होंने सीवीओ को निर्देशित किया कि नस्ल सुधार, बधियाकरण योजना, संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए विशेष ध्यान दिया जाए।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स-0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# आज मुस्लिमों का नंबर, आगे जैन-क्रिश्चियन का आएगाः चंद्रशेखर

- चौक स्थित कन्वेंशन सेंटर में हुआ आयोजन
- बोले सरकार ने स्कूलों में रामायण और वेद कार्यशाला चालू की






**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** रविवार आजाद समाज पार्टी ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) प्रमुख और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद सहित विभिन्न जिलों से आये पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। चंद्रशेखर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस सरकार ने 10 साल में रामायण और वेद की कार्यशाला स्कूल में शुरू करा दी।

क्या स्कूल में धार्मिक प्रचार-प्रसार उचित है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश में कहते हैं कि हमें युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए। यह सुनकर बड़ा सुकून मिलता है। दरअसल,रविवार चौक स्थित अटल बिहारी कन्वेंशन सेंटर में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस दौरान नगीन सांसद और पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद भी इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान चंद्रशेखर ने कहा कि हमें 2027 के चुनाव की तैयारी करनी है। सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी के साथ संगठन को मजबूत करने पर पूरा फोकस करें। सबसे बड़ी तर्कसंगत बात यही है कि अगर संगठन नहीं मजबूत रहेगा तो हमारा वजूद नहीं रहेगा।

राज बदलने के लिए न बंदूक उठानी है और तलवार, सिर्फ वोट देना है। यही हालात रहे तो 10 साल में बहुजन समाज के पास सरकारी नौकरी नहीं रहेगी। जब न्याय मांगने जाओगे, तो जूते मारे जाएंगे। यूपी में पुलिस कस्टडी में रोज मौतें हो रही हैं। हम पुलिस के सबसे बड़े हिमायती हैं, लेकिन पुलिसिया उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे। बसपा में आकाश आनंद की दोबारा वापसी पर चंद्रशेखर ने कहा कि जनता उन्हें नकार चुकी है। मजबूरीवश उन्हें निकाला और लिया जा रहा है। उनके पास कोई विकल्प नहीं है। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती का मैं सम्मान करता हूं। कांशीराम और भीमराव अंबेडकर के मिशन को अब हमारी पार्टी पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के 70-75 साल के आचरण पर बात करता हूं। वो 8 घंटे मजदूरी कर सकता है, लेकिन 2 घंटे एक होकर समाज के लिए खड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने हाथी और महावत की कहानी सुनाई। कहा- गुलामी की बेड़ियां जब गहरी हो जाती हैं, तब हाथी और बैल को अपनी शक्तियों का एहसास नहीं होता। आज हमारे समाज का भी यही हाल है कि वह गरीबी में जी रहे हैं। टूटी छत के नीचे सो रहे हैं। शिक्षा और अच्छे अस्पताल से दूर हैं। अच्छे जीवन से दूर हैं। लेकिन, उन्हें इसका एहसास नहीं हो रहा कि वो इस गुलामी और गरीबी का जंजीर तोड़ दें। आगे चंद्रशेखर ने कहा कि बाबा साहब कहते थे कि मुर्दा लोग मिशन नहीं चलाते और जिंदा मिशन को नहीं छोड़ते। कांशीराम के संदेश और मिशन को आगे बढ़ने का काम आजाद समाज पार्टी कर रही है।

एमपी-एमएलए और मंत्री बनना हमारा सपना होता, तो हमारी पार्टी के प्रथम पंक्ति में बैठे लोग आज किसी पार्टी में मंत्री होते। हमारा सपना पद हासिल करना नहीं, समाज को जागरूक करना और उसे विकास की ओर ले जाना है। हमने कांशीराम से प्रेरणा लेकर दल बनाया है। बाबा साहेब लखनऊ आए थे, तब उन्होंने कहा था कि हम ये नहीं कहते कि एक थाली में खाओ। लेकिन, समस्या एक जैसी है तो एक साथ खड़े होकर लड़ाई लड़ो। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजतंत्र और पैसे के तंत्र का पहरा है। आज सारे काम पैसे से हो रहे। हम समाज के लिए उदाहरण हैं। नगीना में समाज ने मुझे चंदा देकर चुनाव लड़ाने का काम किया। जून मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसी महीने में सांसद बना। 17 जून को जेल गया।

16 महीने सलाखों के पीछे रहा। नगीना के साथियों ने धन तंत्र के पहरे को तोड़कर मुझे सांसद बनाया। पॉलिटिकल पार्टियां समाज का नेतृत्व करती हैं। स्कूल-कॉलेज कहां बनेंगे? अस्पताल मेडिकल यूनिवर्सिटी कहां बनेगी? किसको रोटी कपड़ा मिलेगा, यह सरकार तय करती है। नौकरी किसे मिलेगी, सब सरकार करती है। 69000 शिक्षक भर्ती में 20 हजार सीटें सरकार खा गई। शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी यहां बैठे हैं, सब जानते हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि लखनऊ में अमन की जान गई थी। पुलिस ने उसे पीट-पीटकर मार डाला था। लखनऊ में घर गिराने वाले थे। तब हमारे क्षेत्रीय नेता अनिकेत सीना तानकर बुलडोजर के सामने खड़े थे। यहीं लखनऊ में एक चाय वाला कह रहा था कि मनुस्मृति अच्छी है, हम संविधान नहीं मानते। लेकिन जब हमारी फौज पहुंची तो बोले कि संविधान अच्छा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में अगर सबसे बड़ा संविधान कहीं है तो भारत में, जिसे बाबा साहब ने लिखा। ग्वालियर में एक जस्टिस ने कहा था कि बाबा साहब की प्रतिमा लगनी चाहिए। लेकिन, चीफ जस्टिस की बात न मानते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रतिमा नहीं लगने दी।सरकार यूपी में बिजली को निजीकरण की भेंट चढ़ाना चाहती है। किसी बिजली कर्मचारी पर कार्रवाई करके देखें, तो हम बताएंगे कि संविधान की लड़ाई कैसे लड़ी जाती है? उन्होंने कहा- जाति कभी जाती नहीं है। आज भी छुआछूत है। आज भी निचली जातियों को लेकर भेदभाव है। 2019 में आरक्षण के विरुद्ध ईडब्लूएस लाकर आरक्षण को कमजोर किया गया है। 'आज वक्फ के नाम पर मुस्लिम समाज का नंबर आया है। आगे जैन, क्रिश्चियन और अन्य समाज का नंबर आएगा, इसलिए आवाज उठाना सीखो। लड़ाई लंबी है, हमको लड़ना सीखना होगा। क्यों बार-बार ठगे जा रहे हो मियां? कह रहा हूं बार-बार मत ठगे जाओ मुस्लिम भाइयों, मेरे साथ आ जाओ।'



राजभवन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में विशेष योगाभ्यास करते लोग। छायाः तरूणमित्र

## बिजली निजीकरण के खिलाफ चार जून को संगठनों का साझा विरोध-प्रदर्शन

- यूपी के 16 किसान संगठनों की वर्चुअल बैठक में लिए निर्णय
- बिजली कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन का ऐलान

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** प्रदेश में बिजली के निजीकरण एवं बिजली कर्मचारियों के आंदोलन के समर्थन में चार जून को किसान संगठनों की ओर से घोषित कार्यक्रम की वर्चुअल तैयारी बैठक हुई। इसमें क्रांतिकारी किसान यूनियन, किसान संग्राम समिति, किसान मजदूर परिषद, आल इंडिया किसान फेडरेशन, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा, किसान एकता केन्द्र, किसान विकास मंच, क्रांतिकारी किसान मंच, भारतीय किसान संगठन, भाकियू श्रमिक जनशक्ति यूनियन, सोशलिस्ट किसान सभा, कृषि भूमि बचाओ मोर्चा, खेत मजदूर किसान संग्राम समिति एवं इंकलाबी मजदूर केन्द्र के करीब 30 किसान नेताओं ने भाग लिया।

बैठक में निर्णय लिया कि 4 जून को सभी जिला मुख्यालयों पर किसान संगठन संयुक्त रूप से विरोध-प्रदर्शन करेंगें। प्रदर्शन के दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में मांग पत्र पर चर्चा कर तय किया गया कि मांगपत्र के जरिए बिजली विभाग के दक्षिणांचल और पूर्वांचल के निजीकरण के फैसले को वापिस लेने, बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव और स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने और सभी को 300 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली की मांग राज्य सरकार से की जाएगी। साथ ही चार जून के कार्यक्रमों के दौरान किसान संगठन बिजली कर्मचारियों के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन का समर्थन करेंगे और राज्य सरकार एवं विभाग द्वारा उनके आंदोलन के दमन की तमाम कोशिशों का एकजुटता के साथ विरोध करेंगें।

बैठक के दौरान किसान नेताओं का कहना था कि बिजली का निजीकरण जनता के किसी भी वर्ग के हित में नहीं है। सस्ती बिजली और सस्ता पानी देना एक लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी है। अगर सरकार जनता की बुनियादी जरूरतें पूरी करने में कामयाब है, रोजगार देने की बजाय उल्टे सभी विभागों का निजीकरण करने पर जोर है, तो किसान-मजदूर और कर्मचारी सरकार का विरोध क्यों न करें। विरोध की आवाज को सुनने और मांगों पर ध्यान देने की बजाय यूपी की मौजूदा डबल इंजन भाजपा नीत मोदी-योगी सरकार कर्मचारियों के आंदोलन का दमन कर रही है। कर्मचारियों को डराने-धमकाने का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है। बैठक में मौजूद किसान संगठनों के सभी प्रतिनिधियों ने एक सुर में कर्मचारियों के आंदोलन का साथ और समर्थन करने की बात कही।



पुराने लखनऊ में बकरीद के लिए सज गयी बकरों की बाजार। छायाः तरूणमित्र

## प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों का 4 को विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के नाम पर विगत छः माह से हो रहे अनियमितताओं और घोटालों का खुलासा होने के बाद ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को चुप्पी तोड़नी चाहिए और निजी कंपनी के साथ मिलीभगत कर घोटाला करने वाले निदेशक वित्त निधि नारंग पर तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए। समिति ने कहा कि कि सारा घोटाला पावर कारपोरेशन के चेयरमैन की नाक नीचे हो रहा है और घोटाला करने वाले निदेशक वित्त निधि नारंग पर कार्यवाही करने के बजाय पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन अभियंताओं और कर्मचारियों का दमन करने में लगे जिससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है।

16 किसान संगठनों ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में आगामी चार जून को समस्त जनपदों में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है।

संयुक्त किसान मोर्चा के साथ एक मंच पर आए 16 किसान संगठनों की मुख्य मांग है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए, बिजली टैरिफ में बढ़ोतरी तथा स्मार्ट मीटर लगाने का प्रस्ताव वापस लिया जाए तथा 300 यूनिट तक किसानों को मुफ्त बिजली दी जाए।

## डीजीपी की तैनाती में नियमों का खुला उल्लंघन

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** रिटायर्ड आईपीएस एवं आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने आईपीएस अफसर राजीव कृष्ण की प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी, सतर्कता अधिष्ठान के निदेशक तथा भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष जैसे तीन जिम्मेदार और महत्वपूर्ण पदों पर एक साथ नियुक्ति को पूरी तरह गलत बताया है। साथ ही उन्होंने डीजीपी पद पर बिना नियमों का पालन किए वरिष्ठता क्रम में 11वें रैंक के अफसर को तैनात किए जाने को भी त्रुटिपूर्ण बताया। अमिताभ ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और स्वयं के बनाए नियमों का उल्लंघन करते हुए प्रदेश में पांचवा कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने की भी घोर आपत्तिजनक बताया। उन्होंने इन नियम विरुद्ध कार्यों को शीघ्र सक्षम फोरम पर चुनौती देने की बात कही।

## ई-रिक्शा का निकला पहिया, चालक की मौत

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** मड़ियांव इलाके में शनिवार को एक ई-रिक्शा का पिछला पहिया अचानक निकल गया। इससे ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में मड़ियांव सबेरी होटल निवासी चालक स्वामी दीन मौर्य (60) की मौत हो गई। स्वामी दीन मौर्य मूल रूप से लखीमपुर के सुभाष नगर का रहने वाला था। यहां दामाद जितेंद्र के घर रहता था। बेटे पिंटू ने बताया कि पिता शनिवार दोपहर ई-रिक्शा चलाने के लिए गए थे। भिठौली क्रॉसिंग के पास ई-रिक्शा का पिछला पहिया निकल गया और ई रिक्शा पलट गया। इसके बाद स्वामी दीन सड़क पर गिर गए। उनके सिर पर चोट लग गई। पुलिस ने उनको ट्रामा सेंटर पहुंचाया। वहां उनकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी चंद्रावती व तीन बेटियां हैं।

## सड़क किनारे खड़ी बुजुर्ग महिला और बच्ची को डीसीएम ने रौंदा

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** काकोरी थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित डीसीएम ने बुजुर्ग महिला और उसकी चार वर्षीय पोती को रौंद दिया। दोनों सड़क किनारे बैठी थीं। बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मासूम बच्ची ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कनार के रहने वाले दौलत राम बाइक से अपने घर जा रहे थे।

उन्होंने दुगार्गंज के पास अपनी मां श्याम दुलारी (60) और अपनी बेटी सोनिया (4) को सड़क के किनारे बाइक से उतार दिया। सड़क के दूसरी तरफ एक पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाने चले गए। इसी बीच, तेज रफ्तार एक अज्ञात डीसीएम चालक श्याम दुलारी और सोनिया को रौंदते हुए चला गया। टक्कर इतनी तेज थी कि श्याम दुलारी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल सोनिया को



तत्काल इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया, घटनास्थल के आसपास मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और सीसीटीवी फुटेज की जांच के आधार पर पुलिस ने एक्सीडेंट करने वाले डीसीएम वाहन को चिन्हित कर लिया है। पुलिस अब वाहन और उसके चालक को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। घटना के बाद यातायात सुचारु रूप से चल रहा है और मौके पर कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सिपाही के रिंग सेरेमनी समारोह के दौरान लगी आग

**लखनऊ।** सरोजनी नगर स्थित 4 सीजन होटल में रविवार शाम आग लग गई। इंगेजमेंट समारोह के दौरान होटल के ग्राउंड फ्लोर पर लगे विद्युत मीटर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। शाम करीब 4:30 बजे मीटर में अचानक धमाका हुआ और वह नीचे गिरकर जलने लगा। आग से उठते धुएं ने पूरे होटल परिसर में दहशत का माहौल बना दिया। समारोह में मौजूद लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। होटल कर्मचारियों ने फायर उपकरणों से आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। समारोह मोहनलालगंज के हरी खेड़ा निवासी विजय बहादुर यादव की बेटी अर्पिता और पीजीआई के बाबू खेड़ा निवासी रमेश यादव के बेटे हिमांशु यादव का था। हिमांशु 112 पुलिस मुख्यालय गोमती नगर में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला विवाहिता का शव

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** बाजार खाला इलाके में शनिवार देर रात विवाहिता ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पांच साल पहले लव मैरिज हुई थी। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। नई बस्ती भदेवा बाजार खाला निवासी राधा कश्यप (34) पत्नी आर्यन सक्सेना ने शनिवार रात करीब 12 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आर्यन ने घटना की सूचना साले निवाजगंज ठाकुरगंज निवासी कमल कश्यप को दी।

भाई कमल ने बताया कि जीजा आर्यन ने फोन करके बताया कि बहन ने फांसी लगा ली है। सूचना पर उसके ससुराल पहुंचे तो राधा बिस्तर पर पड़ी हुई थी। उसको बेसुध हालत में ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भाई ने बताया 9 सितम्बर 2020 के राधा और आर्यन की शादी हुई थी। शादी के पांच साल बाद बहन ने आत्महत्या कर ली। फिलहाल मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि परिवार ने अभी कोई आरोप नहीं लगाया है। शिकायत और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लखनऊ।** दुबग्गा इलाके में एक बाइक पर तीन भाई काम से घर लौट रहे थे। रास्ते में बाइक की सामने से कार से टक्कर हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि, दो भाई घायल हो गए। हादसे के वक्त मृतक बाइक चला रहा था। उसने हेलमेट पहन रखा था। हादसा दुबग्गा स्थित अंधे की चौकी के पास हुआ। रहीमाबाद अंटाखेड़ा जमुलिया गांव निवासी दिलीप ने बताया कि चचेरा भाई अशोक (24), बड़े भाई अनिल और सुनील के साथ मजदूरी करने जाता था। शनिवार को तीनों काम करके बाइक से घर लौट रहे थे। अंधे की चौकी के पास बाइक की सामने से एक कार से टक्कर हो गई। इससे तीनों भाई घायल हो गए। टक्कर से बाइक, कार में फंसकर घिसटती हुई काफी दूर तक चली गई। कुछ दूर जाने के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को ट्रामा सेंटर पहुंचाया।

## लोहिया संस्थान के पीएमआर में क्लब फुट पर होगी ओपीडी

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सा विज्ञान संस्थान के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पी.एम.आर.) द्वारा मंगलवार को सुबह दस बजे से दो बजे तक विश्व क्लबफुट दिवस पर शहीद पथ स्थित डा. रामप्रकाश गुप्ता मातृ एवं शिशु रेफरल अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रसूति एवं बाल रोग विभाग का सहयोग भी रहेगा। क्लबफुट (जन्मजात टेढ़े मेढ़े पैर) एक ऐसा रोग है जिसका इलाज पी.एम.आर. विभाग में विशेषज्ञों की देखरेख में संभव है।

जन्म के तुरंत बाद इलाज शुरू करने से बच्चे सामान्य बच्चों की तरह चला सकते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्लब फुट रोग के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को इसके इलाज के बारे में जानकारी प्रदान करना है। हम लोगों से अपील करते हैं कि यदि उनके बच्चे में जन्मजात टेढ़े मेढ़े पैर के लक्षण दिखाई दें,तो वे तुरंत हमारे विभाग की विशेष क्लबफुट ओपीडी में होगी।

## रिश्तेदार के घर गया परिवार, घर से पांच लाख नगद और गहने चोरी

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** आशियाना थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर से जेवरात और 5 लाख रुपए नगद चोरी कर लिए। घटना रुचि खंड-1, शारदा नगर योजना की है। मकान मालिक गुरदीप सिंह ने बताया कि वे 29 मई को शाम 7:30 बजे अपने परिवार के साथ रुचि खंड-1 स्थित ससुराल गए थे। रात करीब 10:30 बजे जब वे वापस लौटे तो घर का मेन गेट खोलने के बाद देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाने पर तीनों अलमारियां और सिंगार दान टूटे हुए थे। सामान बिखरा पड़ा था। गुरदीप सिंह की अलमारी से 4.70 लाख रुपए नगद और उनकी पत्नी नैनी छाबड़ा की अलमारी से 25-30 हजार रुपए नगद गायब थे। इसके अलावा तीन सोने की अंगूठियां, कान के झुमके, एक सोने की चेन और चांदी की दो पायल भी चोरी हो गईं। चोर घर के मंदिर में रखे गुल्लक से 5,500 रुपए भी ले गए। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

## राज्य संग्रहालय में बच्चों ने सीखी इतिहास की पाठशाला

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** राज्य संग्रहालय में उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग ने ग्रीष्मकालीन शैक्षिक कार्यक्रम 'हैप्पी आवर्स' की शुरूआत की। फूडीकस डे केयर स्कूल, कानपुर रोड से 3 से 12 साल के करीब 30 बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत संग्रहालय भ्रमण से हुई। विशेषज्ञों ने बच्चों को प्राचीन मूर्तियों, चित्रों और वस्तुओं के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये सभी चीजें हमारी विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। बच्चों को कागज और रंग दिए गए। उन्होंने 'हैप्पी आवर्स' विषय पर अपने विचार चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किए। बच्चों ने पेड़, फूल, पहाड़, जानवर और घर जैसी चीजों के चित्र बनाए। कुछ बच्चों ने अपने परिवार और दोस्तों की यादों को भी चित्रों में उतारा। संग्रहालय की निदेशक ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों के बौद्धिक और रचनात्मक विकास के लिए आयोजित किया गया।

## सेना के जवान पर यौन शोषण का आरोप, डीसीपी की फटकार के बाद मुकदमा दर्ज

**शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप, इटौंजा थाना क्षेत्र का मामला**




**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** इटौंजा इलाके में रहने वाली युवती ने सीतापुर के संदना के रहने वाले सेना के जवान अजीत पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। आरोपी व उसके पिता पर युवती को धमकी देने का भी आरोप है। शनिवार को दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पीड़िता ने बताया कि वह मौसी की शादी में गई थी। वहां पहली बार अजीत से उसकी मुलाकात हुई थी। अजीत ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद फोन पर बातचीत करने लगा। प्यार के जाल में फंसाकर शादी करने का झांसा दिया। आरोप है कि एक दिन अजीत घुमाने के बहाने उसे किराये के कमरे ले गया।

वहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी का झांसा देकर उसको चुप करा दिया। इसके बाद आरोपी अक्सर अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसका शारीरिक शोषण करने लगा। युवती ने संबंध के बारे में अपने परिजनों को भी बताया।

इस पर परिजनों ने बेटी की शादी के लिए अजीत के घरवालों से बातचीत की। इस पर उन लोगों ने दो साल का वक्त मांगा। इस बीच आरोपी अजीत को सेना में नौकरी मिल गई।

देखते-देखते वक्त गुजरता चला गया। कुछ दिन पहले युवती ने अजीत से शादी की बात कही। इस पर उसने गाली-गलौज करते हुए शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद युवती ने अजीत के पिता छोटेलाल से फोन पर बात की तो उन्होंने भी जान से मारने की धमकी दी। युवती का आरोप है कि उस इटौंजा पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इसके बाद डीसीपी उत्तरी गोपाल चौधरी से मिलकर शिकायत की। डीसीपी के आदेश पर इटौंजा थाने में अजीत व छोटेलाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## महिला समीक्षा अधिकारी को वीडियो कॉल कर परेशान कर रहा सिरफिरा

**लखनऊ।** सचिवालय में तैनात महिला समीक्षा अधिकारी को एक सिरफिरे कॉल करके परेशान कर रखा है। कॉल और मैसेज करके अश्लील बातें करता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने तंग आकर आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मानसरोवर आशियाना की रहने वाली महिला में सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात हैं। पीड़िता का आरोप है कि शुक्रवार रात से उनके पास अज्ञात नंबर से एक कॉल और मैसेज आ रहे हैं। कॉल करने वाला व्यक्ति उनसे अश्लील हरकतें कर रहा है। उसकी हरकत से परेशान हो कर पीड़िता ने नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद दूसरे नंबर से कॉल करके परेशान करने लगा। पीड़िता उसकी हरकत से परेशान होकर पुलिस में शिकायत करने की बात कही।

इस पर शनिवार को कॉल करके धमकी देने लगा कि पुलिस के पास शिकायत की तो बुरा होगा। सिरफिरे की हरकत से पीड़िता काफी घबरा गई। पूरी घटना की जानकारी अपने परिवार को दी। इसके बाद आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले में इंस्पेक्टर आशियाना का कहना है कि केस दर्ज करके अज्ञात नंबर से आरोपी का पता लगाया जा रहा है। वहीं आशियाना इलाके में एक युवक ने मां-बेटी का जीना मुश्किल कर दिया है। सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ आपत्तिजनक बातें लिख रहा है। पीड़िता ने आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर मां-बेटी की जिन्दगी बर्बाद करने के लिए अभद्र बाते लिख रहा है। कुछ दिनों से आरोपी उसके और उसकी बेटी को फोन करके गंदी बाते करता है। साथ ही उसे व उसकी बेटी को गंदे-गंदे मैसेज भेज रहा है। पीड़िता व उसकी बेटी ने आईडी ब्लॉक कर दिया।

## भीषण गर्मी में लोग परेशान तो वहीं 1912 पर बिजली उपभोक्ताओं की सुनवाई बंद

**लखनऊ, 01 जून (तरूणमित्र)।** प्रदेश में भीष्ण गर्मी के करण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। तो वहीं रविवार को सुबह से हेल्पलाइन नंबर 1912 पर बिजली उपभोक्ताओं की सुनवाई बंद हो गई। तो वहीं गर्मी में परेशान उपभोक्ताओं की, तकनीकी खामी आने से शिकायत नहीं दर्ज हो रही हैं। बीएसएनएल टीम सुबह 8 बजे से तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए जुटी हुई है। उत्तर प्रदेश में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के लखनऊ समेत 19 जिलों के उपभोक्ताओं की रविवार सुबह से बिजली शिकायतों की सुनवाई बंद हो गई है। यह संकट लखनऊ के हुसैनगंज स्थित 1912 कॉल सेंटर में तकनीकी खामी आने से उत्पन्न हुआ है। इससे उपभोक्ताओं की बिजली संकट की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। हालांकि, इस तकनीकी खामी को दूर करने के लिए बीएसएनएल टीम रविवार सुबह आठ बजे से जुटी है।